## बच्चे को घर ले जाने की बात पर ससुराल में साबड़ से मारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● विवाद के कारण पत्नी मायके में, पीड़ित ने बर्रा थाने में सालों के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** बर्रा स्थित ससुराल में अपने बच्चे से मिलने पहुंचे युवक पर उसके सालों ने साबड़ से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कल्याणपुर कलां निवासी चालक राहुल दीक्षित ने बताया कि 21 फरवरी 2019 को उनका विवाह बर्रा दो निवासी युवती से हुआ था। उनका तीन वर्ष का एक बेटा है। राहुल ने बताया तीन माह पूर्व पत्नी का मां से विवाद हो गया था, जिसके बाद वह बेटे के साथ मायके में रह रही थी। इस दौरान वह भी ससुराल में रह रहे थे। एक सप्ताह पूर्व वह अपने घर कल्याणपुर आ गए थे। गुरुवार शाम छह बजे बच्चे से मिलने ससुराल पहुंचे और बच्चे को घर ले जाने की बात कही। इस पर साले विनय शुक्ला व अंकित शुक्ला ने साबड़ से सिर पर हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान सालों ने 3700 रुपये छीन लिए। बर्रा इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दो के खिलाफ मारपीट, चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## नाक के रास्ते निकाला जा रहा दिमाग से ट्यूमर

रविवार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



डॉ. मनीष सिंह।

**100** से अधिक मरीजों की प्रतिमाह की जा रही है सर्जरी

● पीजीआई में इंडोस्कोपिक विधि से हर माह हो रही सौ से अधिक सफल सर्जरी

● नेवीगेशन पद्धति से ट्यूमर की सर्जरी करने में स्वस्थ कोशिकाएं रहतीं सुरक्षित

**अमृत विचार।** जीएसवीएसएस पीजीआई के न्यूरो साइंस सेंटर में इंडोस्कोपिक विधि से सर्जरी मरीजों के लिए वरदान जैसी बन गई है। इस विधि से सिर में बड़े टांको और चीरे के निशान से मुक्ति मिल गई है। चिकित्सक मस्तिष्क के ट्यूमर को नाक के रास्ते आसानी से निकाल रहे हैं। यही वजह है कि सेंटर में प्रतिमाह सौ से अधिक मरीजों की सर्जरी की जा रही है।

कानपुर के आसापास के जिलों में न्यूरो साइंस सेंटर नहीं होने से ब्रेन इंजरी, ब्रेन ट्यूमर और मस्तिष्क की अन्य जटिलताएं होने पर मरीज सुपर स्पेशियलिटी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (जीएसवीएसएस पीजीआई) में इलाज के लिए आते हैं। अभी तक ब्रेन से ट्यूमर निकालने में डॉक्टरों को खासी मशक्कत करनी पड़ती थी। मरीज के सिर में टांके या चीरे का निशाना बना रहता था। लेकिन अब यहां न्यूरो साइंस सेंटर में इंडोस्कोपिक विधि से सर्जरी की जा रही है। न्यूरो साइंस विभाग के प्रमुख डॉ. मनीष सिंह ने बताया कि दिमाग का ट्यूमर निकालने के लिए अब सर्जरी नहीं करनी पड़ती है। इंडोस्कोपिक विधि से नाक के रास्ते मस्तिष्क में जाकर ट्यूमर निकाल लिया जाता है। इसके अलावा लेजर नेवीगेशन पद्धति से भी ट्यूमर की सर्जरी होती है। इसमें मरीज की स्वस्थ कोशिकाएं सुरक्षित रहती हैं। सिर्फ प्रभावित कोशिकाओं की ही सर्जरी की जाती है। मरीजों को अधिक दिन अस्पताल में रुकना भी नहीं पड़ता है।

### आंख की नसों की भी जांच

नेत्र रोग में मरीज की आंखों की नसों और तंत्रिकाओं में दिक्कत हो जाती है। डॉ. मनीष सिंह ने बताया कि ऐसे न्यूरो नेत्र रोगियों की जांच और इलाज के लिए जल्दी ही न्यूरो एनेस्थिसिया विभाग खुलेगा। इसमें एक प्रोफेसर समेत तीन विशेषज्ञों के पद हैं। विभाग में डॉक्टर डीएम और एमसीएच की पढ़ाई कर सकेंगे।

## सार-संक्षेप



मंगलामुखी मन्नत मां ने किया स्वागत। अमृत विचार

### रामलला के दर्शन को अयोध्या रवाना

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी लाजपत नगर मंडल का एक जत्था काली मठिया चौराहे से रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या रवाना हुआ। इस जत्थे की अगुवाई भाजपा शहर उपाध्यक्ष जगदीश तिवारी ने की। इस मौके पर भाजपा नेता अखिल भारत हिन्दू किन्नर महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगलामुखी मन्नत मां ने अयोध्या यात्रियों को माल्यार्पण एवं फूल बरसाकर रवाना किया। जगदीश तिवारी ने बताया समूहों में रामलला के दर्शन को हर क्षेत्र से लोग जा रहे हैं।



एक-दूसरे को गुलाल लगातीं छात्राएं। अमृत विचार

### बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन छात्रों ने खेला रंग

**कानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में शनिवार को अंतिम प्रश्न पत्र देकर निकले परीक्षार्थी उत्साह के साथ साथियों से मिले और जमकर गुलाल उड़ाया। शिक्षा विभाग के कंट्रोल रूम में भी तैनात शिक्षकों व कर्मचारियों ने एक दूसरे को विदाई दी। 22 फरवरी से शुरू हुई यूपी बोर्ड परीक्षा में शनिवार को अंतिम प्रश्न पत्र वैकल्पिक विषयों का रहा। पहली पाली में हाईस्कूल उर्दू विषय में 747 में 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 12वीं के व्यवसायिक वर्ग में 742 परीक्षार्थियों में 701 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। दूसरी पाली में इंटर संस्कृत विषय के 413 परीक्षार्थियों में 397 ने परीक्षा दी। कृषि गणित में 14 व कृषि रसायन विज्ञान में 21 परीक्षार्थी शामिल हुए।

### इस बार एक भी नकलची नहीं पकड़ा गया

**कानपुर।** शिक्षा विभाग की ओर से जिले में इस बार एक भी नकलची नहीं पकड़ा गया। विभाग की ओर से जिले में 6 उड़नदस्ते बनाए गए थे। यह उड़नदस्ते सभी 129 परीक्षा केंद्रों में पहुंचे। परीक्षा के लिए जिले में ऑफ लाइन कंट्रोल में इस बार 181 कॉल दर्ज की गईं। इनमें 36 कॉल्स कक्ष निरीक्षकों के नहीं पहुंचने की रहीं। कंट्रोल रूम में प्रवेश पत्र संबंधी 59 कॉल्स को रिकॉर्ड किया गया। इनमें 27 कॉल्स में स्कूल की गलती से प्रवेश पत्रों में विषय परिवर्तन की बात सामने आई। 32 कॉल्स ऐसी रहीं जिनमें प्रवेश पत्र में बालक की जगह बालिका व बालिका की जगह बालक दर्ज किया गया था। कंट्रोल रूम में 112 ऐसी भी कॉल्स दर्ज की गई जिनमें विषय की परीक्षा छूट जाने के बाद विषय परिवर्तन के लिए फोन किया गया।

### व्यापारियों को किया गया सम्मानित

**कानपुर।** कानपुर व्यापारी एसोसिएशन की आमसभा शनिवार को मैकराबर्टगंज में हुई। एसोसिएशन ने बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में मुरारीलाल अग्रवाल, विजय कपूर, गुलशन गांधी, गुरुचरण कालरा, गौरव बजाज, श्याम गुप्ता को कानपुर रत्न दिया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष संजय टंडन ने कहा कि बेहतरीन कार्य करने वालों का सम्मान करना बड़ी बात है। महामंत्री पुष्पेंद्र जायसवाल ने भी विचार रखे। संचालन सरदार रविंदर सिंह ने किया। कपिल सभरवाल, सरबजीत सिंह, हरजीत सिंह, इंद्रपाल सिंह, रविंद्र सिंह, महेश केसवानी रहे।

# युवाओं की सकारात्मक सोच से ही देश और समाज का विकास

### साहित्य-कला के संगम 'अकल्पित' का विस अध्यक्ष सतीश महाना ने किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सकारात्मक सोच हार को भी जीत में बदल सकती है। सकारात्मक विचार रखने वाला व्यक्ति अपने चारों ओर एक विशेष औरा के जरिए सभी को खुशियां व तरक्की दे सकता है। जब चारों ओर तरक्की होगी तो सकरात्मकता से ही विकास भी होगा।

यह विचार शनिवार को सीएसजेएमयू में शुरू हुए कला व साहित्य के संगम 'अकल्पित' में बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं को दो कहानियों के जरिए सकारात्मकता का महत्व भी बताया। हॉबी क्लब काउंसिल व राष्ट्रीय कला मंच के संयुक्त प्रयास से हुए इस कार्यक्रम में युवाओं ने प्रतिभा दिखाई। पहले दिन अंजुमन नामक काव्य प्रतियोगिता आयोजित हुई। राष्ट्रीय कला मंच की राष्ट्रीय संयोजक गुंजन ठाकुर ने छात्र छात्राओं को अपनी कला प्रदर्शित करने को प्रोत्साहित किया। अंजुमन में छात्र छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, देशभक्ति से लेकर समाज कल्याणकारी विषय पर रचनाएं प्रस्तुत की। मंच संचालन साक्षी द्विवेदी ने किया। कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, डॉ रत्नार्थु मिश्रा, दुर्गेश पाठक, डॉ योगेंद्र कुमार पांडेय, संयोजक आत्मोदय डॉ ममता तिवारी रहे।

## आईआईटी में नवाचार व निवेश की 'अभिव्यक्ति'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




● 15 से शुरू होने वाले दो दिनी आयोजन में निवेशक और नवाचार होंगे आमने-सामने

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर मे 15 मार्च से दो दिन तक चलने वाले आयोजन 'अभिव्यक्ति-2024' में नवाचार और निवेशक का आमना-सामना होगा। विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए विशेषज्ञ वैश्विक बाजार में आने वाले बदलाव और उपभोक्ता की मांग पर चर्चा करेंगे। इस दौरान पिच प्रतिस्पर्धा, पैनल चर्चा, कार्यशालाएं और 150 से अधिक अत्याधुनिक तकनीकों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

आईआईटी में स्थायी नवाचार और उद्यमिता पर केंद्रित वार्षिक कार्यक्रम अभिव्यक्ति की तैयारी पूरी कर ली गई है। 15 और 16 मार्च को होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रौद्योगिकी, स्थिरता और उद्यमिता के महत्वपूर्ण अंतर संबंध का पता लगाने के लिए छात्रों, पेशेवरों और निवेशकों सहित विभिन्न हितधारकों को एकजुट करना है। संस्थान के स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर की ओर से आयोजित अभिव्यक्ति में इस बार की थीम 'इन्नोवेटिंग ए सस्टेनेबल फ्यूचर' है। आयोजन वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित करेगा। इसके अलावा ऐसे समाधानों के विकास को बढ़ावा देगा जो समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकें। आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण बहुप्रतीक्षित पिच बैटल है, जहां इच्छुक उद्यमियों को जजों और संभावित निवेशकों के प्रतिष्ठित पैनल के सामने अपने अभिनव और सस्टेनेबल समाधान पेश करने का अवसर मिलेगा।

## रूस से संबंधों में युवा लाएंगे मजबूती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सीएसजेएमयू में रूस के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा और उद्योग को बढ़ाने पर दिया बल

● इनोवेशन फाउंडेशन और आईटेक ग्रुप ने विवि में किया कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम की शुरुआत करते रूसी प्रतिनिधि वैलेण्टाइन आकारोव व आन्द्रे नेज़रूकोक।

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के सीनेट हॉल में शनिवार को रूस एवं भारतीय प्रतिनिधियों के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल का स्वागत किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के इनोवेशन फाउंडेशन व आईटेक ग्रुप की ओर से हुए कार्यक्रम में भारत एवं रूस के मध्य सहयोग व सद्भाव पर बल दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों देशों के बीच शिक्षा व उद्योग को बढ़ाने पर बल दिया।

इनोवेशन फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक मिश्र ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। नवाचार अधिष्ठाता प्रो. शिल्पा कायस्थ ने विश्वविद्यालय की ओर से शैक्षणिक गतिविधियों के साथ नवाचार से संबंधित व्यवस्था, छात्रों के जीवन में नवाचार के महत्व और विश्वविद्यालय में उपलब्ध समावेशी अनुसंधान के प्रकल्पों पर प्रकाश डाला। कुलसचिव डॉ. अनिल यादव ने भारत और रूस के मित्रवत संबंधों को सुदृढ़ बनाने के लिए आए प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को उनके इस उद्यमशील प्रयास के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में वैलेण्टाइन आकारोव ने 'भरोसा' नामक संस्था की ओर से भारत व रूस के मध्य अकादमिक व औद्योगिक क्षेत्र में सीएसजेएमयू के नवाचार प्रकोष्ठ व अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग संगठन क्षेत्र के माध्यम से समावेशी कार्यक्रम संचालित करने का आश्वासन दिया। भारत एवं रूस के विश्वविद्यालयों के मध्य शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार हेतु तकनीकी ज्ञान का समन्वय, गुरुजनों एवं छात्रों के बौद्धिक उन्नयन हेतु फैक्टरी एवं छात्रों के आदान-प्रदान की व्यवस्था पर प्रकाश डाला। आन्द्रे नेज़रूकोक ने प्रकृति में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध संसाधनों के नीतिपूर्ण प्रयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आई टेक ग्रुप के आलोक पाण्डेय ने भी विचार रखे।

## भाई को पीट कर बहन के जेवरात लूट ले गए

**कानपुर।** बहन की चौथी लेने गए युवक का खाना खाने के दौरान क्षेत्रीय लोगों से मामूली विवाद हो गया। इस पर आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर युवक की पिटाई कर दी। बीचबचाव करने के दौरान विवाहित बहन के जेवरात छीनकर आरोपी फरार हो गए। नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

उन्नाव, अचलगंज निवासी छोटे लाल ने बताया कि 24 फरवरी को बेटी रेशमा की शादी नवाबगंज निवासी अमन से हुई थी। 28 फरवरी को वह बेटी की चौथी लेने उनके घर नवाबगंज आए थे। खाना खाने के दौरान बेटे करन से मोहल्ले के अमित की प्लेट में धक्का लग गया। इस पर अमित ने गाली गलौज शुरू कर दी, विरोध करने पर उसने अपने साथियों रंजीत, विशाल, बब्लू के साथ मिलकर बेटे करन को साबड़, लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने आई बेटी से अभद्रता करते हुए जेवरात लूट लिए और फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को उर्सला में भर्ती कराया, जहां से हैलट रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसीपी से की थी।




कोरियोग्राफर फराह खान को सम्मानित करतीं फिक्की फ्लो की पदाधिकारी।

## माधुरी बेस्ट डांसर पर जैकी श्रॉफ को नाच सिखाना बेहद मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● फ्लो के समारोह में पहुंची कोरियोग्राफर फराह खान

**अमृत विचार।** फिल्मों में जैकी श्रॉफ को डांस कराना बहुत मुश्किल था। 'जग्गू' को फिल्मों में या तो डांस कराया जा सकता है या फिर गाने पर एक्टिंग कराई जा सकती है।

यह कहना है कोरियोग्राफर फराह खान का। वह शनिवार को फिक्की फ्लो के वार्षिक समारोह में शहर आई थीं। उन्होंने कहा कि फिल्मों में सबसे बेहतर डांसर माधुरी दीक्षित रहीं। उनके बाद ऋतिक रौशन, प्रियंका चोपड़ा व दीपिका पादुकोण को डांस कराना बेहतर अनुभव है। महिलाओं से उन्होंने कहा कि कोई भी क्षेत्र हो लोग अपनी मेहनत से ही आगे बढ़ते हैं। कोई व्यक्ति प्लेटफॉर्म तो दे सकता है, लेकिन बगैर टेलेंट उस पर ज्यादा दिन टिका नहीं जा सकता। कानपुर चैप्टर ने अध्यक्ष स्नेहा गुप्ता के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम 'द फाइनल टेक' में महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक उत्थान पर चर्चा हुई। सामुदायिक सेवा के लिए सुनीता, ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नैनतारा, कृषि उद्यमिता के लिए चांगी देवी को पुरस्कृत किया गया। अनुराधा वार्ष्णेय, अर्चना खेतान, आरती गुप्ता, कनिका वैद और पूजा गुप्ता के प्रति आभार जताया गया।

बड़ी मुसीबत — 5,10 और 20 रुपये के पोस्टल आर्डर के लिए चक्कर काट रहे लोग, शिकायत पर भी नहीं समाधान

# पोस्ट ऑफिस से 'पोस्टल आर्डर' गायब, जनता परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

> 5,10 और 20 रुपये के पोस्टल आर्डर काफी दिनों से पोस्ट ऑफिस में नहीं आ रहे हैं, इनका अभाव बना हुआ है। पोस्टर आर्डर के लिए लगातार डिमांड कर रहे हैं। कब तक उपलब्ध होंगे, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।
>
> –नागेश सचान, डिप्टी पोस्ट मास्टर, प्रधान डाकघर




**अमृत विचार।** शहर के पोस्ट ऑफिसों में 'पोस्टल आर्डर' का संकट खड़ा हो गया है। पिछले छह महीनों से 5, 10 और 20 रुपये के पोस्टल ऑर्डर नहीं मिल रहे हैं। इससे परेशान लोगों को मजबूरन अधिक मूल्य के पोस्टल आर्डर खरीदकर काम चलाना पड़ रहा है। लेकिन तमाम शिकायतों के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

शासकीय व अशासकीय कार्यों के साथ आरटीआई, रेलवे व अन्य विभागों में नौकरी से संबंधित आवेदनों के लिए 10 रुपये के भारतीय पोस्टल आर्डर की जरूरत पड़ती है। एलआईसी व अन्य इंश्योरेंस पॉलिसी में भी 5 रुपये या इससे अधिक मूल्य वर्ग का पोस्टल आर्डर लगता है। लेकिन 5, 10 और 20 रुपये के पोस्टल आर्डर शहर के हर पोस्ट ऑफिस से गायब हो गये हैं। इसकी वजह से लोगों को ज्यादा रुपये के पोस्टल आर्डर खरीदकर अपना काम चलाना पड़ रहा है। इससे बेवजह लोगों को जेब पर चपत लग रही है। ओईएफ मजदूर यूनियन के संयुक्त मंत्री समीर बाजपेई ने बताया कि 10 रुपये का पोस्टल आर्डर लेने के लिये कई बार प्रधान डाकघर बड़ा चौराहा गए। लेकिन, स्टॉफ ने कहा कि एक वर्ष से 10 रुपये का पोस्टल आर्डर नहीं आ रहा है। 5 और 20 रुपये का पोस्टल आर्डर मांगा तो कर्मचारियों ने कहा कि इनकी भी शॉर्टेज है। कब मिलेगा इसकी समय सीमा भी नहीं बता पाए। तमाम चक्कर काटने के बाद शनिवार को उन्होंने चीफ पोस्टमास्टर को लिखित शिकायत दर्ज कराई है। समीर के मुताबिक पोस्टल आर्डर नहीं मिलने से से कई शासकीय कार्यों में दिक्कत आ रही है।

### आरटीआई आवेदन में सबसे ज्यादा दिक्कत

दबौली निवासी विजय पाल ने बताया कि कानपुर के किसी भी पोस्ट आफिस में 5,10, 20 रुपये के पोस्टल आर्डर कई महीनों से नहीं मिल रहे हैं। जीपीओ बड़ा चौराहा में जब भी संपर्क किया तो बताया गया कि महीनों से 5,10, 20 रुपये के पोस्टल आर्डर आना ही बंद हैं। आरटीआई एक्ट के तहत जानकारी मांगने के लिए 10 रुपये का ही पोस्टल ऑर्डर शुल्क में लगता है। मजबूरी में बड़े मूल्य का पोस्टल आर्डर लेना पड़ता है। कुछ विभाग तो आरटीआई आवेदन में कैश 10 रुपये ले लेते हैं, लेकिन अधिकतर नहीं लेते हैं, जिससे दिक्कत हो रही है। इस समस्या पर इंडिया पोस्ट कस्टम केयर के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई है।

## मुकदमा वापस नहीं लेने पर जान लेने की धमकी

**कानपुर।** जबरन धर्म परिवर्तन कराने के मामले में जेल गए युवक ने जमानत पर छूटने के बाद पत्नी पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने हनुमंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

योगेंद्र विहार, खाड़ेपुर निवासी विकास कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बहन स्मिता की शादी आवास विकास केशवपुरम निवासी धर्मेंद्र श्रीवास्तव के साथ हुई थी। शादी के कुछ साल बाद धर्मेंद्र बहन और भांजे अक्षत पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहा था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**आवश्यकता है**

यूबीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, **योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार,**
**सम्पर्क – प्रबंधक**
**मो.: 9454716161**

**पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय**
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध– डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)

**आवश्यकता है**

संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की– **प्रवक्ता बी.ए.–** हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। **प्रवक्ता एम.ए.–** शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02–02 पद। **प्रवक्ता बी. एड.–** 04 पद। **योग्यता–** यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। **वेतन–** राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक– डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0– 8004232988

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट मे पति का नाम नवी अहमद (NAVI AHMAD) अंकित है। मेरे पति का सही नाम नबी अहमद (NABI AHAMAD) यह दोनों नाम मेरे पति के ही हैं। भविष्य मे मुझे रुकसाना पत्नी नबी अहमद के नाम से जाना जाए। **–श्रीमती रुकसाना पत्नी नबी अहमद, निवासी नेवादा गौसगंज संडीला हरदोई**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम AFROZ AHMED SIDDIQUI था अब मैने बदलकर अपना नाम AFROJ AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AFROJ AHMAD S/O: NOOH ALAM,34,MOHIB JOT, ALANPUR, ILTIFATGANJ, ILTIFAT BAZAR, AMBEDKAR NAGAR, UTTAR PRADESH-224145

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम अनुज कुमार वर्मा लिख गया है, जो गलत है। मेरे आधार कार्ड में अनुज कुमार है, यही सही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **– अनुज कुमार पुत्र सुनील कुमार वर्मा निवासी– मं. नं.4 गोपाल नगर, यशोदा नगर, किदवई नगर कानपुर नगर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे नवी अहमद (NAVI AHMAD) व नबी अहमद (NABI AHAMAD) दोनों नाम से जाना जाता है मेरा सही नाम नबी अहमद पुत्र गौस मोहम्मद है, भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **–नबी अहमद पुत्र गौस मोहम्मद निवासी–नेवादा गौस गंज संडीला हरदोई।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कौशलिया देवी अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह मेहता आर्मी न. –4200962 एम. ग्राम/पोस्ट–गुलेर, तहसील– कपकोट, जिला–बागेश्वर, उत्तराखण्ड** सूचित हो कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम कौशलिया देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम कोशलिया देवी है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में कोशलिया देवी दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **ठाकुर सिंह मेहता अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह मेहता आर्मी नं. –4200962एम, ग्राम/पोस्ट–गुलेर, तहसील–कपकोट, जिला–बागेश्वर, उत्तराखण्ड** सूचित हो कि मेरे पुत्र को सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम ठाकुर सिंह मेहता दर्ज है जबकि मेरा सही नाम ठाकुर सिंह है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में ठाकुर सिंह दर्ज किया जाये।

**मुईद अहमद पी0जी0 कालेज, दोस्तपुर, सुलतानपुर**

**में आवश्यकता है**

प्राचार्य – 01 पद
**स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में–** उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।
**स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अंतर्गत बी0एससी0 पाठ्यक्रम में–** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

**इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्वप्रमाणित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो पता लिखे लिफाफे के साथ पी0जी0 कालेज के पते पर सम्पर्क करें।**

**मो0 नं0 7311115152, 8601042694** — **अध्यक्ष – मुईद अहमद**

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अमावस्या विक्रम संवत 2080

वर्ष -2, अंक -199, पृष्ठ -16+4, मूल्य: -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर, रविवार, 10 मार्च 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सफलता के दबाव में मौत की राह पर किशोर व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे...-13

**आज का मौसम**

28.0° अधिकतम तापमान | 17.0° न्यूनतम तापमान

आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी।

सूर्योदय 06 : 23
सूर्यास्त 18 : 15




## अनुप्रिया पटेल को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। अपना दल (एस) की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जेड श्रेणी का सुरक्षा कवर दिया है। इससे पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी।

# भारत ने 4-1 से जीती शृंखला

**धर्मशाला।** रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त दी। भारत ने यह शृंखला 4-1 से जीत ली। इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त बना ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में 195 रन पर आल आउट हो गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। वहीं, जेम्स एंडरसन इस टेस्ट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने।

**टेस्ट में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट**

| खिलाड़ी | मैच | 5 विकेट |
|---|---|---|
| मुथैया मुरलीधरन | 133 | 67 |
| शेन वॉर्न | 145 | 37 |
| रिचर्ड हैडली | 86 | 36 |
| आर अश्विन | 100* | 36 |
| अनिल कुंबले | 132 | 35 |
| जेम्स एंडरसन | 187* | 32 |

**100वें टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (दोनों पारियों को मिलाकर)**

| | |
|---|---|
| 9/128 | रविचंद्रन अश्विन भारत बनाम इंग्लैंड, धर्मशाला, 2024 |
| 9/141 | मुरलीधरन श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, चैटोग्राम, 2006 |
| 8/231 | शेन वार्न ऑस्ट्रेलिया बनाम द. अफ्रीका, केप टाउन, 2002 |
| 7/151 | कपिल देव भारत बनाम पाकिस्तान, कराची, 1989 |
| 7/176 | अनिल कुंबले भारत बनाम श्रीलंका, अहमदाबाद, 2005 |



### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के दूसरे चरण में महिलाओं को उपहार

# होली पर एक रिफिल सिलेंडर मुफ्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार महिलाओं को होली उपहार के रूप में निशुल्क गैस सिलेंडर देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत इसका 1.75 करोड़ लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। दीपावली पर भी राज्य सरकार ने महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर दिया था। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत साल में 2 सिलेंडर मुफ्त में देने का निर्णय किया था। इसी क्रम में पहला सिलेंडर दीपावली पर और अब दूसरा सिलेंडर होली के अवसर पर मिलने जा रहा है।




- **प्रथम चरण में दीपावली पर भी मुफ्त दिए गए थे सिलेंडर**
- **1.75 करोड़ लाभार्थियों को देने के लिए 2312 करोड़ का बजट**

उप्र. में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 1.75 करोड़ लाभार्थियों को 2 निःशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2312 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है।

एक नवंबर 2023 से 15 फरवरी 2024 तक तक कुल 80.30 लाख लाभार्थियों को रिफिल सिलेंडर रिफिल दिए गए। द्वितीय चरण में अब होली पर लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर वितरित कराए जाने का निर्णय लिया गया है। 01 जनवरी 2024 से अब तक लगभग 50.87 लाख लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी की जा चुकी है। इस प्रकार अब तक कुल 131.17 लाख (1.31 करोड़ से ज्यादा) रिफिल सिलेंडर की डिलीवरी की गई है। मुख्यमंत्री योगी ने 10 नवंबर 2023 को योजना की शुरुआत की थी।

# भाजपा से तीन पुराने चेहरे समेत सात एमएलसी प्रत्याशी घोषित

## विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह और अशोक कटारिया को फिर मिला मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने यूपी में विधान परिषद चुनाव के लिए सात प्रत्याशियों की सूची शनिवार को जारी की। जिसमें तीन नाम ऐसे हैं, जो दूसरी बार प्रत्याशी बनाए गए हैं। शेष चार नए चेहरों को मौका दिया गया है। तीन सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ दी है। भाजपा ने सूची में कई जातियों को समायोजित करने का प्रयास किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शनिवार को उप्र और बिहार के लिए विधान परिषद प्रत्याशियों की सूची जारी की। उप्र विधान परिषद की 13 सीटों पर भाजपा ने सात प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। इसमें एक भूमिहार, दो क्षत्रिय, एक वैश्य, एक गुर्जर, एक ब्राह्मण व एक जाट समाज को टिकट देकर जातीय समीकरण साधने का भी प्रयास हुआ है। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, पूर्वमंत्री व एमपी के चुनाव प्रभारी डा. महेंद्र कुमार सिंह व पूर्वमंत्री अशोक कटारिया को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी धर्मेंद्र सिंह व झांसी के पूर्व मेयर रामतीरथ सिंघल को प्रत्याशी बनाकर मेहनत का इनाम दिया है। जिन 13 एमएलसी सीटों पर चुनाव हो रहा है, उसके लिए मतदान की नौबत आएगी या नहीं, यह नामांकन भरने की आखिरी तिथि मंगलवार को स्पष्ट हो जाएगा। संख्याबल के मुताबिक भाजपा की 10 और सपा की तीन सीटों पर जीत तय है।



महेंद्र सिंह | अशोक कटारिया | विजय बहादुर | मोहित बेनीवाल | संतोष सिंह | धर्मेंद्र सिंह | रामतीरथ सिंघल

- **मैदान में मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, रामतीरथ सिंघल और संतोष सिंह नए चेहरे**
- **सहयोगी दलों अपना दल (एस), रालोद से नाम आए सामने, एक सीट पर पशोपेश**

### सहयोगी दलों में इन नामों पर चर्चा

भाजपा के सहयोगी दलों में अपना दल (सोनेलाल) से एमएलसी व मंत्री आशीष पटेल का प्रत्याशी बनना तय माना जा रहा है। रालोद से योगेश चौधरी का नाम चर्चाओं में है। जबकि सुभासपा से कोई नाम नहीं आया है। इस बीच रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल को एनडीए का हिस्सा बनाने के लिए अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल को एमएलसी बनाने की चर्चा है।

### तीन कम होंगे भाजपा एमएलसी, सपा दो बढ़ेगी

पिछली बार भाजपा ने 10 एमएलसी सीटों पर कब्जा किया था। भाजपा से विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह, अशोक कटारिया, निर्मला पासवान, बुक्कल नवाब, मोहसिन रजा, विद्या सागर सोनकर, डा. सरोजनी अग्रवाल, अशोक धवन और यशवंत एमएलसी बने थे। जबकि एक सीट सहयोगी अपना दल (एस) के आशीष पटेल को मिली। इस बार भाजपा सात और सहयोगी तीन सीटें ले रहे हैं। सपा एक सीट से बढ़कर तीन पर पहुंच जाएगी। बसपा इकलौते एमएलसी भीमराव आंबेडकर की सीट गवां देगी। उसके लिए एक मात्र विधायक होने से 29 वोटों का आंकड़ा सपना सरीखा है।

# त्योहारों के पहले दंगा कराता था विपक्ष : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर, जौनपुर और चंदौली में शनिवार को कहा कि विपक्षी दल अपनी सरकार में भक्तों पर लाठियां चलवाता था। पर्व-त्योहार के पहले दंगा भी कराता था। केंद्र व राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार न होती तो राम मंदिर नहीं बन पाता। उन्होंने लोगों को 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार का संकल्प दिलाया।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखपुर में 10 एकड़ में 55 करोड़ से एनसीसी ग्रुप मुख्यालय ट्रेनिंग एकेडमी का शिलान्यास, जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण, सड़क, पेयजल के साथ समग्र विकास से जुड़ी 899 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं और चंदौली के रामपुर मचिया में 743 करोड़ की 78 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे।



जौनपुर में महाराणा प्रताप की मूर्ति का मुख्यमंत्री योगी ने किया अनावरण।

- **मुख्यमंत्री ने गोरखपुर, जौनपुर व चंदौली में विपक्ष पर बोला हमला**
- **अरबों रुपये की योजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण**

योगी ने कहा कि 2014 से पहले देश में अंधकार युग का वातारण था। चारों तरफ अविश्वास का माहौल था, भारतीयों का गिरता हुआ सम्मान, घोटालों की लंबी श्रृंखला, अराजकता, नक्सलवाद और उग्रवाद भारत की नियति बन चुकी थी। लेकिन आज एक नया भारत है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए लोगों से सवाल पूछा कि केंद्र व राज्य में यदि डबल इंजन सरकार न होती तो क्या राम मंदिर बन पाता। यह लोग लाठी-डंडा बरसाते थे। क्या काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन पाता, यह लोग जलाभिषेक पर रोक लगाते थे। भारत में पर्व-त्योहारों के पहले दंगे कराते थे। आज सरकार शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए प्रोत्साहित व सहयोग करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जय श्रीराम का नारा लगाने पर लाठियां बरसती थीं। अब दुनिया अयोध्या धाम दर्शन करने पधार रही है। मोदी की गारंटी वेलफेयर स्कीम के माध्यम से हर तबके को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और आजीविका की गारंटी दी जा रही है।




# खत्म करेंगे आरक्षण में 50 फीसदी की सीमा : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **इससे मिलेगा गरीबों को उचित हक और हिस्सेदारी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ 'आर्थिक मैपिंग' कराई जाएगी जिसके आधार पर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन हैं? कितने हैं और किस स्थिति में हैं? क्या इन सभी की गिनती जरूरी नहीं? उन्होंने कहा कि बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88 प्रतिशत लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज से आते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार से आए आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक मात्र हैं, हमें अंदाजा तक नहीं है कि देश की गरीब आबादी किस हाल में जी रही है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हम दो ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहे हैं- जातिगत गिनती व आर्थिक मैपिंग।

# ऐतिहासिक होगा साल का पहला सूर्यग्रहण

नैनीताल कार्यालय

- **इस खगोलीय घटना में धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स भी शामिल होगा**

**अमृत विचार :** आठ अप्रैल को होने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण अद्भुत और ऐतिहासिक होगा। इसकी वजह धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स है, जो इस खगोलीय घटना में शामिल होगा। इससे भी बड़ी बात ये है कि शुक्र व बृहस्पति ग्रह के भी इस दौरान दर्शन होंगे। यह पूर्ण सूर्यग्रहण होगा।

पूर्ण ग्रहण के दौरान कुछ पल का अंधेरा रात होने का एहसास कराने वाला होगा। जिसके चलते उस दौरान हमारे नभमंडल में मौजूद ग्रहों को देखे जाने का दुर्लभ समय होगा और धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स आसमान में उड़ता हुआ नजर आएगा। दरअसल धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स हर 71 साल में एक बार हमारे सौरमंडल के आंतरिक हिस्से में दौरा करता है। सौभाग्य से इस दौरान वह पृथ्वी के करीब होगा। लिहाजा इसे दिन के समय देख पाना दुर्लभ होगा। धूम केतुओं पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों की नजर इस पर होगी। साथ ही एस्ट्रोफोटोग्राफर भी इन लम्हों से कतई वंचित नहीं रहना चाहेंगे।

**जल संरक्षण में रचा इतिहास** | नहर और नदियों को जोड़ने के प्रोजेक्ट को मिला मुकाम, शासन में हो रही प्रशंसा

# तीन महीने में बचाया 868 .15 मिलियन लीटर पानी

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं देश में भी परचम लहरा चुका कासगंज अब जल संरक्षण के क्षेत्र में भी नई इबारत लिख रहा है। यहां किसानों के सहयोग से डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने ऐसा कार्य कर दिखाया जो अभूतपूर्व है। नहर और नदियों का मिलान खेतों से कर दिया। नए रास्ते बना दिए और फिर खेतों से अनुपयोगी पानी फिर से नहर-नदियों में भेज दिया। तीन महीने में 868.15 मिलियन लीटर पानी बचा लिया। लाखों लीटर पानी काली नदी में छोड़ने से जल संरक्षण हुआ है। देश भर में इसकी चर्चा हो रही है। अधिकारी इस प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू करने जा रहे हैं।



- **जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के प्रयासों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सराहा**

कासगंज में नहर और नदियों का जाल बिछा हुआ है। यहां सिंचाई के पर्याप्त साधन हैं, लेकिन किसान नहर नदियों से सिंचाई का अनुचित फायदा ले रहे थे। वह अनजाने में जरूरत से ज्यादा पानी फसलों में लगा रहे थे, जिससे जल का दोहन हो रहा था और फसलों को भी खास फायदा नहीं हो रहा था। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड) दिल्ली के अधिकारियों ने नहर और नदी क्षेत्र का सर्वे किया, लगभग दो साल पहले उन्होंने पाया कि कासगंज में जल संरक्षण की तमाम संभावना हैं, लेकिन जागरूकता का अभाव है।

> जल संरक्षण के लिए विशेष मुहिम छेड़ी गई, किसानों को जागरूक कर तीन महीने में 868 .15 लीटर मिलियन पानी बचाया गया। इसकी रिपोर्ट डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने दी। अब प्रदेश में नहर और नदियों से जुड़े अन्य जिलों में भी इस मॉडल को लागू करने का प्रयास किया जा रहा। वैसे और कई जिलों में काम चल रहा है। – **नितिन कौशल**, निदेशक, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ दिल्ली

> हमने जांच में पाया कि काली नदी में ऑक्सीजन का लेवल संतुलित हो रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है कि खेतों में प्रयोग से बचा पानी काली नदी में गिर रहा है। यह प्रयास सराहनीय है। उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। – **केके शर्मा**, टेक्नीशियन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अलीगढ़

## एक नजर

### स्वास्थ शिविर में किन्नर समाज ने की भागीदारी

**कानपुर।** कानपुर क्वीर वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में बाल भवन में स्वास्थ शिविर व मेगा राशन वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें एलजीबीटी क्यु यानी किन्नर, उभयलिंगी समुदाय के लोगों की भागीदारी रही। फाउंडेशन की अध्यक्ष अनुजा पांडे ने बताया कि दिन भर चले शिविर में काफी संख्या में लोग आए और सेवाओं का लाभ उठाया।

### युवती के अकाउंट से पार किए 45 हजार रुपये

**कानपुर।** साइबर ठग ने युवती को झांसे में लेकर खाते से 45 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़िता ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दहेली सुजानपुर निवासी आयुषी सिंह ने बताया नके पास पांच मार्च को फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एलआईसी कर्मचारी बताकर कहा कि उनके पापा ने नंबर दिया है। इसके बाद युवक ने 15 हजार रुपये भेजने की बात कही। खाते की जानकारी देने पर युवक ने पहले 10 हजार भेजने का मैसेज भेजा। इसके बाद पांच हजार रुपये के बजाए गलती से 50 हजार रुपये भेजने का मैसेज भेजा और 45 हजार रुपये वापस करने की बात कही। झांसे में आकर पीड़िता ने 45 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए। बाद में धोखाधड़ी की जानकारी हुई।


दुकान के बाहर सजी दुकानें बनती हैं जाम की वजह। अमृत विचार


सड़क के किनारे खड़े वाहन रोकते हैं सुगम यातायात। अमृत विचार

# अतिक्रमण रास्ता रोकता, पार्किंग न होने से लगता जाम

**बेजार बाजार**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हूलागंज और बर्तन बाजार में दो पहिया वाहन लेकर जाना भी रहता मुश्किल

**अमृत विचार।** हूलागंज और बर्तन बाजार में अतिक्रमण के साथ पार्किंग नहीं होने की समस्या सबसे ज्यादा परेशान करती है। चार पहिया वाहन की कौन कहे, दो पहिया लेकर जाने वाले ग्राहकों को ही समझ में नहीं आता कि वाहन खड़ा कहां करें। दोनों बाजारों में सड़क की चौड़ाई तो ठीक है, लेकिन तख्त डालकर दुकानें सजाने और सड़क पर ही वाहन खड़े करने की मजबूरी के चलते बाजार में अगर दो लोडेड वाहन आमने-सामने आ जाएं तो रास्ता साफ होने में आधा घंटा तक लग जाता है।

लखनऊ फाटक के सामने से हूलागंज और बर्तन बाजार के लिए सड़क जाती है। मालरोड से घंटाघर जाने वाली एक्सप्रेस रोड की नहर पटरी से भी दोनों बाजारों में आवागमन होता है। हूलागंज बाजार में घुसते ही सामने लाइन से नमकीज की दुकानें नजर आती हैं। दुकानों के बाहर तख्त, मेज, क्रेट लगाकर सड़क पर करीब पांच फिट दुकानें सजाई जाती हैं। यह हाल सड़क के दोनों तरफ है। ऐसे में अगर एक लोडर भी फंस गया तो घंटाघर जाने वाली सड़क के साथ बाजार की रोड जाम होने लगती है। हूलागंज बाजार की पूरी रोड पर अतिक्रमण है। यही हाल बर्तन बाजार का भी है। यहां दुकानों के बाहर अतिक्रमण कुछ कम है तो सड़क पर वाहनों का जमावड़ा रहता है। दुकानदार कहते हैं कि बाजार में अतिक्रमण की समस्या सबसे ज्यादा है। जाम से बचने के लिए अधिकतर दुकानदार अपने वाहन बाजार से दूर स्टैंड पर खड़ा करते हैं। बाजार में दिनभर इतने ई-रिक्शा खड़े होते हैं, कि अधिकांश समय उनके कारण ही जाम लगता रहता है।

**सड़क पर लोडिंग और अनलोडिंग**

बर्तन बाजार और हूलागंज मार्केट में काफी संख्या में दुकानें या गोदाम गलियों में हैं। इनका माल आएदिन ट्रकों या लोडरों से आता है। ऐसे में अगर चार दुकानों का माल दिन में आ गया तो जाम से काफी समय बर्बाद हो जाता है। ट्रक बाजार की सड़क पर ही खड़े होते हैं और माल उतारने या लादने में दो घंटे तक समय लगता है। चार ट्रक आने का मतलब दिन भर रोड पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

## व्यापारियों की बात


हूलागंज बाजार में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है। वाहनों के सड़क पर खड़े होने से रोड गायब हो जाती है। वाहनों का आवागमन बढ़ते ही सड़क पर खड़े वाहनों के कारण दिन में कई बार जाम लगता है।
**–संतोष ओमर, महामंत्री हूलागंज व्यापार मंडल**


बाजार की एकमात्र समस्या पार्किंग की है। अगर इस समस्या का समाधान हो जाए तो सड़क पर वाहन खड़े नहीं होंगे और जाम से छुटकारा मिल जाएगा। दुकानदार अपने वाहन एक किमी दूर स्टैंड पर खड़े करके आते हैं।
**–अर्पित सिंह वर्मा, दुकानदार**


बर्तन बाजार में दिनभर लोडिंग–अनलोडिंग के लिए वाहन आते–जाते हैं। इन सबके बीच फुटकर खरीदार भी आते हैं। खरीदार अपने वाहन सड़क पर खड़े करते हैं। सारे वाहन सड़क पर ही खड़े रहेंगे तो आवागमन कैसे होगा। दिन भर जाम की समस्या रहती है।
**–अमित गुप्ता, बर्तन दुकानदार**


नालियों पर अतिक्रमण के कारण सफाई नहीं हो पाती है। नालियां चोक होने से गंदा पानी सड़क पर आ जाता है। उसी के बीच से लोग निकलते हैं। इस समस्या के साथ पार्किंग दूसरी बड़ी समस्या हैं। सड़क पर वाहनों के खड़े होने से जाम लगा रहता है। इस समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।
**–राकेश कुमार वर्मा, व्यापारी**

### 100 रुपये स्टैंड के देने पड़ते

दुकानदारों के अनुसार बाजार में जाम न लगे इसलिए काफी व्यापारी या दुकानदार अपने वाहन बाजार से बाहर स्टैंड पर खड़े करते हैं। चार–पांच घंटे वाहन खड़े करने के लिए कम से कम 100 रुपया रोज और महीने में तीन हजार रुपये तक देते हैं। अगर आसपास स्टैंड हो तो जाम की समस्या काफी खत्म हो जाएगी।

# मिड-डे-मील अब एल्युमीनियम के बर्तनों में नहीं पकाया जाएगा

## बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने से रोकने के लिए शिक्षा विभाग का फैसला

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

**अमृत विचार।** स्कूलों में मिडडे मील अब एल्युमीनियम के बर्तनों में नहीं पकाया जाएगा। बच्चों की सेहत को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। शिक्षा निदेशक के आदेश पर सभी स्कूलों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अब बेसिक शिक्षा विभाग स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम चलाने की योजना बना रहा है।

एल्युमीनियम के बर्तनों में पकाए गए भोजन का नियमित सेवन स्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्य का जोखिम पैदा कर सकता है। इसे देखते हुए एल्युमीनियम के बर्तनों में मिड डे मील पकाने पर पाबंदी लगाई गई है। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के 1705 स्कूल हैं। जूनियर हाईस्कूल मिलाकर 1943 स्कूलों में मिड डे मील बच्चों को वितरित किया जाता है। इन सभी स्कूलों से कहा गया है कि वे एल्युमीनियम के बर्तनों पर भोजन पकाने के बजाए स्टील जैसी दूसरी धातु का इस्तेमाल करें। बर्तन खरीद के लिए आने वाली मद से नए बर्तन खरीदे जाएं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी स्कूलों में एल्युमीनियम के बर्तनों पर भोजन नहीं पकाने के आदेश दिए हैं।



**1943** स्कूलों में जिले में पकाया जाता है मिड डे मील

**1.25** लाख बच्चों को रोज मिड डे मील परोसा जाता है

### शिक्षा विभाग ने बताया नुकसान

- शिक्षा विभाग के पत्र में कहा गया है कि एल्युमीनियम के बर्तनों में भोजन पकाने में एल्युमीनियम लिचिंग का खतरा रहता है, इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। एल्युमीनियम की लिंचिंग तापमान, खाद्य सामग्री जैसे टमाटर, इमली, सिरका को पकाने की अवधि पर निर्भर करती है।

### आयरन और कैल्शियम सोख लेता

- एल्युमीनियम के बर्तन खाना पकाने पर आयरन और कैल्शियम जैसे तत्व सोख लेते हैं। ऐसे में यदि खाने के साथ एल्युमीनियम पेट में जाता है तो यह शरीर से आयरन और कैल्शियम सोखना शुरू कर देता है।

### चलेगा जागरुकता कार्यक्रम

- बेसिक शिक्षा विभाग एल्युमीनियम के बर्तनों में भोजन पकाने से होने वाले नुकसान बताने के लिए स्कूलों में गोष्ठी और कार्यशाला आयोजित करेगा। बच्चों में जागरुकता के लिए नाटक और प्रतियोगिता भी कराए जाने की योजना है।



एल्युमीनियम के बर्तनों में पके भोजन से बच्चों में आयरन व हीमोग्लोबीन कम हो सकता है। इससे बच्चे में थकान, सुस्ती, मन न लगने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। एल्युमिनियम के बर्तनों से बच्चों की वृद्धि पर नकारात्मक असर हो सकता है।
**–डॉ. राहुल कपूर बाल रोग विशेषज्ञ**

# निवेश के नाम पर वृद्ध से 51 लाख हड़पे, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** कौशलपुरी में फाइनेंस कंपनी संचालक ने एक वृद्ध से निवेश के नाम पर 51 लाख रुपये हड़प लिए। धोखेबाज ने वृद्ध को दो कंपनियों में रुपये निवेश करने के फर्जी कागजात दे दिए। वृद्ध की मृत्यु के बाद बेटी रुपये लेने पहुंची, तब फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर नजीराबाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कौशलपुरी निवासी रिचा शर्मा ने बताया कि पिता रमाकांत शर्मा की शिवा अपार्टमेंट मोती विहार सोसाइटी रावतपुर निवासी सुशील धवन मित्रता थी। सुशील, उनके पिता व पत्नी अंजनी ने पिता को रुपये निवेश कराने का झांसा देकर 51 लाख रुपये ले लिये। इसके बाद तीनों ने रमाकांत को कंपनी में निवेश के फर्जी कागजात दे दिए। रिचा ने बताया पिता की मृत्यु के बाद उनके पति निशांत सिंह रुपये लेने सुशील के कार्यालय पहुंचे, तो वह लोग टालमटोल करने लगे। शक होने पर निशांत कंपनी पहुंचे तो उन्हें कागजात फर्जी होने की जानकारी मिली।

# बिटकॉइन के जाल में फंसा था छात्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मृतक नवनीत।


रोते बिलखते मृतक के परिजन।

- इंस्टाग्राम पर विजय ट्रेडर के नाम से मिली आईडी, पुलिस ने मोबाइल किया जब्त

**अमृत विचार।** काकादेव में ऑनलाइन गेमिंग में रुपये हार कर जान देने वाला छात्र नवनीत इंस्टाग्राम के जरिए सटोरियों के चंगुल में फंस कर बिटकॉइन व क्रिप्टोकरेंसी के खेल में फंस गया था। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस परिजनों ने रोते हुए कहा कि उन्हें अंदाजा ही नहीं लगा कि बेटा रुपये कमाने के लिए गलत रास्ते पर चला गया है। बिलखते हुए पिता बोले, नवनीत ने हाल में उनसे छह हजार रुपये लिए थे। वह पिछले तीन माह से अतिरिक्त रुपये मांगता था।

काकादेव स्थित अग्रवाल हॉस्टल में शुक्रवार शाम बदायूं निवासी पूर्व प्रधान लालता प्रसाद शाक्य के बेटे 19 वर्षीय नवनीत ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। शनिवार को परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। बेटे का शव देखते ही पिता बदहवास हो गए। वह बड़े बेटे निर्देश को सिविल सर्विसेज और नवनीत को नीट की तैयारी करा रहे थे। निर्देश दिल्ली में रहकर तैयारी कर रहा है, जबकि नवनीत नीट की तैयारी के लिए अपने हमउम्र चाचा संदीप के साथ काकादेव में रह रहा था। पिता ने बताया कि सप्ताह भर पूर्व नवनीत ने छह हजार रुपये की मांग की थी। तीन दिन पहले उन्होंने पैसे खाते में भेज दिए थे। पिछले तीन माह से नवनीत खर्चे के अतिरिक्त रुपयों की मांग कर रहा था। एक रिश्तेदार भवनेश ने बताया कि उनसे भी ट्रेडर विजय नाम की आईडी से संपर्क किया गया था। 500 रुपये में पांच हजार के मुनाफे का झांसा दिया गया था। पिता ने बताया कि नवनीत आखिरी बार नए साल पर घर आया था।

### इंस्टाग्राम पर छात्र की कई आईडी मिलीं

चाचा संजय ने बताया कि नवनीत ने ऑनलाइन गेमिंग के बारे में जानकारी दी थी। लेकिन वह कब और कैसे आरोपियों के संपर्क में आया, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। संजय ने बताया कि ट्रेडर विजय के नाम से इंस्टाग्राम आईडी है। जिस पर उसके कई एकाउंट हैं, इनमें हजारों लोग फॉलोवर हैं। आईडी पर कम रुपये देकर ज्यादा मुनाफे के कई वीडियो पड़े हैं। युवतियों की चैट का वीडियो भी है। जिसमें युवतियां ज्यादा मुनाफा होने पर पैसे देने की बात कह रही हैं।

### होनहार छात्र था नवनीत

लालता प्रसाद ने बताया कि बेटे द्वारा कुछ समय से ज्यादा पैसों की मांग करने के कारण उन्हें चिंता हो रही थी। जानकारी करने पर नवनीत ने पढ़ाई में पैसे खर्च होने की बात बताई थी। बेटे ने नीट की टेस्ट सीरीज ज्वाइन की थी। हर रविवार को टेस्ट में मिले नंबर बताता था। बीते रविवार को टेस्ट में नवनीत की क्लास में 29 वीं रैंक आई थी। उसने हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा अच्छे अंकों से पास की थी।

# दादानगर स्टैंड पर ऑटो चालकों से अवैध वसूली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विरोध करने पर दबंग करते मारपीट, छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** दादा नगर टेंपो स्टैंड पर अवैध वसूली करने वाले छह युवकों के खिलाफ गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है दबंग मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं।

शताब्दी नगर, रतनपुर निवासी ऋषभ गुप्ता ने बताया कि वह दादानगर चौराहे से एलएमएल चौराहे तक ऑटो चलाते हैं। दादा नगर लेबर कॉलोनी निवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह, विक्रम सिंह, रज्जू खान, सौरभ मिश्रा, अंगद उपाध्याय, बर्रा केडीए मार्केट निवासी रामलखन शुक्ला दादानगर टेंपो स्टैंड पर अवैध वसूली करते हैं। ये लोग कानपुर देहात के नंबर वाले वाहनों से 10 रुपये प्रतिदिन का टोकन और 500 रुपये प्रतिमाह तथा शहर के नंबर वाले वाहनों से 10 रुपये टोकन के साथ 100 से 200 रुपये प्रतिमाह वसूलते हैं।

# ई-रिक्शा की टक्कर से घायल कक्षा तीन के छात्र ने दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बहन के साथ शुक्लागंज जाते समय हुई थी घटना
- सवारियों से शराब की दुर्गंध पर बहन उतर गई थी

**अमृत विचार।** ई-रिक्शा पर जबरन सवारी बैठाने के दौरान टक्कर लगने से घायल हुए कक्षा तीन के दस वर्षीय छात्र की शनिवार को हैलट अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। छात्र बीती 10 फरवरी को अपनी 15 वर्षीय बहन के साथ बेकनगंज बाजार में खरीदारी करने आया था। ई-रिक्शा में बैठी सवारियों से शराब की दुर्गंध आने पर किशोरी भाई के साथ कोतवाली के पास उतर गई थी। जबरन ई-रिक्शा पर बैठाने के दौरान हादसा हुआ था।

शुक्लागंज, मिश्रा कॉलोनी निवासी ई-रिक्शा चालक मनोज तिवारी ने बताया कि उनका बेटा रचित (10) कक्षा तीन का छात्र था। बीती 10 फरवरी को बेटी दिव्यांशी (15) के साथ रचित भी बेकनगंज गया था। वापसी में दिव्यांशी और रचित ई-रिक्शे पर बैठकर आ रहे थे। लेकिन रिक्शा पर बैठी सवारियों से शराब की दुर्गंध आने पर दिव्यांशी कोतवाली के पास रचित के साथ ई-रिक्शे से उतर गई। इस पर ई-रिक्शा चालक दोबारा जबरिया उन्हें बैठाने की जिद करने लगा। इसी दौरान चालक ने ई-रिक्शा आगे-पीछे के दौरान रचित को टक्कर मार दी थी। सिर पर गंभीर चोट आने के कारण उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान रचित की मौत हो गई।

# बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**कानपुर।** सहकर्मी के साथ बाइक से लौट रहे फैक्ट्री कर्मी युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सचेंडी पुलिस ने घायल को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

साढ़, हिरनी निवासी रविशंकर (30) बिधनू नहर के पास स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत थे। पत्नी सुदामा ने बताया कि वह सहकर्मी मनोज पाल के साथ शुक्रवार शाम बाइक से घर लौट रहे थे। पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मनोज की बाइक में टक्कर मार दी।

# डीसीपी और पीआरओ को धमकाने वाला बंदी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर और उसके गुर्गे की पैरवी के लिए किया था फोन
- ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** बर्रा पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर व उसके गुर्गे अभय भदौरिया की पैरवी में पुलिस कमिश्नर के पीआरओ और डीसीपी साउथ को फोन करके अभद्रता करते हुए कार्यालय पर चढ़ाई करने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने फोन करने वाले कथित नेता हनुमंत विहार गल्ला मंडी दीनदयालपुरम निवासी गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

बर्रा थाना क्षेत्र के जरौली में 28 जनवरी को अपना दल (एस) की रैली पर पथराव, वाहनों को क्षतिग्रस्त कर चार लोगों को घायल करने के मामले में हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर और उसके गुर्गे शिवांग ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, साहिल सोनकर उर्फ शेरा व गौतम मोगा पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले में पुलिस अजय ठाकुर समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपियों पर शिकंजा कसने पर बीते 15 फरवरी की रात कथित बीजेपी नेता और खुद को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय मंत्री बताने वाले हनुमंत विहार निवासी गजेंद्र सिंह ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को फोन कर उनके पीआरओ और डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार को फोन कर कार्यालय पर चढ़ाई करने की धमकी दी थी। इस बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर के निर्देश पर गजेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी। इसके बाद से गजेंद्र फरार चल रहा था। शनिवार शाम पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि सर्विलांस की मदद से पकड़ा।

**नाटक से एकता का संदेश** — राष्ट्रीय नाट्य समारोह में दूसरे दिन टेररिस्ट की प्रेमिका का शानदार मंचन, सस्पेंस और थ्रिल की बानगी ने दर्शकों को बांधे रखा

# बारुद के धमाकों के बीच दिखाई नफरत और मोहब्बत की जंग

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कश्मीर, असम और पंजाब में तालियां बटोरकर कानपुर लौटे नाटक 'टेररिस्ट की प्रेमिका' ने मर्चेंट चैंबर हॉल में नाट्य प्रेमियों को निराश नहीं किया। संवेदनशील संवाद, सस्पेंस और थ्रिल से सजे इस नाटक को लोग मुंह बाये देखते रहे। कलाकारों की हौसलाआफजायी के लिए तालियों की गड़गड़ाहट से हॉल गूंज गया।

नायिका अनीत (संध्या सिंह) प्रकृति से प्रेम करती है। उसका विवाह पुलिस अफसर देवराज सिंह (विजयभान सिंह) से होता है। देव की पोस्टिंग पहाड़ी इलाके में है, अनीत खुश होती है कि आसमान छूते पहाड़, देवदार के वृक्ष, सफ़ेद बादलों के बीच खूबसूरत जीवन का उसका सपना शायद सच हो गया, लेकिन यहां गोलियों के धमाके उसे निराशा करते हैं। उसे पता चलता कि यह इलाका आतंक प्रभावित क्षेत्र है। तभी कहानी में प्रवेश होता है एक अजनबी (दीपक राज राही) का। उसके हाव-भाव से अनीत उसे देव का कोई पुराना दोस्त समझ बैठती है लेकिन उसका भ्रम जल्दी ही टूटता है। अजनबी बताता है कि मैं एक टेररिस्ट हूं और देव से एक पुराना बदला लेने के लिए उसे खत्म करने आया हूं। अजनबी बताता है कि पहली बार जब मैं मिशन पर गया तो घबड़ाहट में एक खड्डे में जा गिरा, मेरा पूरा शरीर छिल गया था। पुलिस मुझे तलाश रही थी, मेरी प्रेमिका नीलू को पता चला तो वह रात में तीन मील जंगल छानकर मेरे लिए हल्दी मिला दूध लेकर आयी।


कलाकारों ने नाटक में जबरदस्त एक्टिंग से दर्शकों का ध्यान खींचा। अमृत विचार

अजनबी यह भी बताता है कि देव ने किस तरह उसका पता जानने के लिए उसकी प्रेमिका नीलू को पांच दिन हिरासत में रखा, बुरी तरह उसे टार्चर किया। और अंत में तकलीफ़ की इंतहा होने पर पुलिस हिरासत में ही नीलू ने अपनी जान दे दी। टेररिस्ट बताता है कि देव ने कैसे प्रमोशन और दस लाख रुपये का इनाम हासिल करने के लिए एक फर्जी एनकाउंटर में उसकी जगह पांच बहनों के भाई और एक विधवा के बेटे को मार डाला। अनीत अजनबी से देव की जान बख्शने की मिन्नतें करती है, फिरोजी चुनरी ओढ़ उसे नीलू का वास्ता भी देती है। अजनबी को अनीत के दर्द में अपनी प्रेमिका नीलू नजर आ रही है। लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार अजनबी देव को मारे बिना अनीत को बेहोश कर वहां से चला जाता है।

हवलदार खैराती लाल (कुशल गुप्ता) घर आता है तो वो भी टेररिस्ट की बातों की पुष्टि करता है। शाम को घर लौटने पर जब देव को पता चलता है कि वह टेररिस्ट पूरे दो घंटे उसके घर में उसका इंतजार करता रहा लेकिन उसे मारे बिना चला गया, आखिरी क्यों? देव अनीत पर शक जताता है, उसे पीटता भी है। अनीत के दिल में अब तक देव के प्रति बेइंतहा नफ़रत भर चुकी है। और वह देव को वो दूध पिला देती है। कीड़े मार माफ करेगी या टेररिस्ट के अधूरा मिशन को पूरा? अनीत के किरदार को संध्या सिंह ने बहुत ही शिद्दत के साथ जीवंत किया। अन्य कलाकारों का अभिनय भी सहज, स्वाभाविक था। अलग-अलग दृश्यों में पंजाबी गीतों का इस्तेमाल दर्शकों को नाटक के मूड से जोड़ने में सफल रहा। संगीत विजय भास्कर, प्रकाश संचालन नरेन्द्र सिंह का था। अनुकृति रंगमंडल कानपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य समारोह में आज दूसरे दिन अनुकृति रंगमंडल कानपुर के कलाकारों ने नाटक टेररिस्ट की प्रेमिका का शानदार मंचन किया। अभी हाल में ही राष्ट्रपति से सम्मानित लेखक पाली भूपिंदर सिंह के इस नाटक का निर्देशन डा. ओमेन्द्र कुमार ने किया।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

**आज का मौसम**
अगले पांच दिनों तक आसमान साफ बना रहेगा।

26.0⁰ अधिकतम तापमान | 11.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 23 | सूर्यास्त 06 : 15

हेलो डाक्टर
कैंसर से सम्बन्धित समस्याओं के लिए सम्पर्क करें।
कैंसर के कारणों, निदान और उपचार के बारे में जानने के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के कैंसर रोग विभाग के प्रो. डॉ. अवधेश कुमार दीक्षित (पूर्व प्राचार्य एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ) से करें सवाल।
दिनांक 11 मार्च दिन सोमवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805707

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## शहर में आज

- **विवाह :** प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह समारोह बर्रा बाईपास दिव्यांशी गार्डन में सुबह नौ बजे से।
- **फाइनल :** कानपुर क्रिकेट प्रीमियम लीग के तहत दो टीमों में फाइनल मुकाबला कमला क्लब में सुबह 10 बजे से।
- **प्रदर्शनी :** हरदेव नगर तेजा देवी इंग्लिश मीडियम स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 10 बजे से।
- **कैंप :** जेएल रोहतगी द्वारा पनकी गंगागंज शंभू विला में स्वास्थ्य परीक्षण जांच कैंप सुबह 10 बजे से चार बजे तक।
- : सर्व ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा बुद्धजीवी सम्मेलन न्यू बसंत टाकीज के बगल में पप्पू हाल में 10 :30 बजे।
- **शोभायात्रा** श्री श्याम जी मित्र मंडल द्वारा तपेश्वरी मंदिर से शोभायात्रा सुबह 11 बजे से।
- **कार्यशाला :** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में बेसिक लाइफ सपोर्ट पर कार्यशाला सुबह 11 बजे से।
- **कार्यक्रम :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन मोतीझील लॉन में सुबह 11 :30 बजे।
- **शिविर :** कानपुर प्रेस क्लब द्वारा हैलट पीजीआई में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 12 बजे से शाम चार बजे तक।
- **सम्मेलन :** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभागार में राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा द्वारा प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन 12 :30 बजे।

### ईडी की छापेमारी में सपा विधायक के घर में खड़ी मिली थीं जब्ती में चिह्नित दो कारें

# इरफान की जब्त संपत्ति के भौतिक सत्यापन के निर्देश

- डीसीपी पूर्वी ने गैंगस्टर एक्ट की समीक्षा कर मुकदमे के विवेचकों से 24 घंटे में मांगी पूरी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी की गैंगस्टर एक्ट में जब्त दो कारें उनके ही घर में खड़ी मिली थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी में यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों कारों को जब्त किया था। शनिवार को डीसीपी पूर्वी ने गैंगस्टर एक्ट के पूर्व विवेचकों के साथ बैठक कर जब्त संपत्तियों के भौतिक सत्यापन का निर्देश देते हुए विधायक व उनके साथियों की चिह्नित सभी संपत्ति जब्त करके 24 घंटे में रिपोर्ट देने के आदेश दिए।


जांच अधिकारियों को निर्देश देते डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह। अमृत विचार

सपा विधायक इरफान के घर बीते गुरुवार हुई ईडी की छापेमारी के बाद पुलिस की कार्यशैली की पोल खुल गई थी। दिसंबर 2022 में सपा विधायक के आत्मसमर्पण के बाद उनकी और शेष साथियों की चल-अचल संपत्ति चिह्नित की गई थी। फरवरी 2023 में इरफान के मालिकाना हक वाली तीन गाड़ियां ग्रैंड आई-10, टाटा सफारी व क्रेटा को सीज करने के आदेश हुए थे। लेकिन पुलिस ने ग्रैंड आई-10 व क्रेटा कार जब्त नहीं की थी।

ईडी की छापेमारी में यह कारें घर में खड़ी मिली थीं। एसीपी कोतवाली ने शुक्रवार को दोनों कारें सीज की थीं। शनिवार को डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने जाजमऊ थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट में जांच और विवेचना कर चुके पूर्व जाजमऊ प्रभारी अरविंद सिंह सिसोदिया, पूर्व इंस्पेक्टर फीलखाना व वर्तमान में फजलगंज में तैनात सुनील कुमार सिंह, तत्कालीन फीलखाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह व जाजमऊ प्रभारी अजय मिश्रा के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि जब्त की गई संपत्तियों का पुनः भौतिक सत्यापन विवेचक व बीट कांस्टेबल मौके पर जाकर करें और 24 घंटे में इसकी रिपोर्ट दें।

**75 करोड़ की जब्त हो चुकी है संपत्ति**

- गैंगस्टर एक्ट में 14(1) की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इरफान की 11 करोड़, 41 लाख की संपत्तियों को जब्त किया है। उनके साथियों को मिलाकर 75 करोड़ से ज्यादा की संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं। अब इनके भौतिक सत्यापन में देखा जाएगा कि कुर्क संपत्ति केस डायरी का हिस्सा है अथवा नहीं।

**लेनदेन में 140 लोगों से ईडी कर सकती पूछताछ**

- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सपा विधायक को पूछताछ के लिए हिरासत में लेने का आवेदन कर सकती है। ईडी को विधायक के घर छापे में एक महत्वपूर्ण डायरी मिली थी। बताते हैं इस डायरी में करोड़ों के कैश लेनदेन करने वाले लोगों के नाम मिले हैं। ऐसे में ईडी संबंधित लोगों को भी पूछताछ के लिए नोटिस जारी कर सकती है। छापेमारी के बाद कई बिल्डर शहर से चले गए हैं या भूमिगत हो गए हैं। 140 लोग ईडी के रडार पर हैं।

## आज व कल नहीं जमा होंगे नकद बिजली के बिल

**कानपुर।** केस्को के बिलिंग सिस्टम के उच्चीकरण कार्य की वजह से 10 और 11 मार्च को सभी मॉड्यूल बंद रहेंगे, इस कारण कैश कलेक्शन का कार्य नहीं होगा। ऐसे में इन दो दिन बिजली के बिल भी नकद जमा नहीं होंगे। केस्को के शहर में चार सर्किल के अंतर्गत 93 सबस्टेशन व 67 कैश काउंटर हैं। ज्यादातर कैश काउंटर सबस्टेशन व डिवीजन ऑफिस में ही बने हुए हैं। प्रतिमाह करीब 5.50 लाख उपभोक्ता बिजली का बिल जमा करने कैश काउंटरों पर पहुंचते हैं। इसके अलावा हजारों की संख्या में नए कनेक्शन, बिल संशोधन, मीटर बदलने, नाम परिवर्तन, वोल्टेज की समस्या आदि कार्यों से सबस्टेशनों में जाते हैं। यह सभी कार्य केस्को में 10 और 11 मार्च को प्रभावित रहेंगे। इन दोनों दिन केस्को बिलिंग सिस्टम का उच्चीकरण कार्य किया जाएगा। इसी कार्य की वजह से 22 फरवरी से ऑनलाइन बिल नहीं जमा हो रहे थे। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक 12 मार्च से कैश कलेक्शन कार्य सामान्य रूप से शुरू रहेंगे।



बैठक को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल।। अमृत विचार

## बैजयंत पांडा कल शहर में लेंगे चुनाव तैयारियों का जायजा

- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 सीटों की करेंगे समीक्षा
- भाजपा पदाधिकारियों से जानेंगे उनके मन की बात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और यूपी लोकसभा के प्रभारी बैजयंत पांडा 11 मार्च को शहर में रहेंगे। वह दोपहर में नौबस्ता स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक कर कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 सीटों की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

इस बैठक के लिए क्षेत्र के पदाधिकारी, 17 जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, संयोजक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, सभी मोर्चों के क्षेत्रीय अध्यक्ष व लोकसभा विस्तारक को बुलाया गया है। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने दौरे को लेकर शनिवार को क्षेत्रीय मुख्यालय केशव नगर में पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि बैठक की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, दीपू पाण्डेय, दिनेश कुशवाहा, वीरेंद्र तिवारी, सुनील साहू, आलोक शुक्ला, शिव शंकर सैनी मौजूद रहे।

## ट्रांसजेंडर के प्रेमी की गिरफ्तारी के लिए इंदौर पुलिस की दबिश

- इंदौर पुलिस शनिवार को सबसे पहले चकेरी थाना पहुंची
- प्रेमी वैभव शुक्ला ने दिया था धोखा, बढ़ी मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ट्रांसजेंडर द्वारा साथी के साथ मिलकर प्रेमी के घर के नीचे खड़ी कार में आग लगाने के मामले में इंदौर पुलिस शनिवार को चकेरी थाना पहुंची। इस दौरान प्रेमी वैभव घर पर नहीं मिला। ट्रांसजेंडर ने वैभव के खिलाफ इंदौर में एससीएसटी एक्ट, मारपीट, धमकाने और अप्राकृतिक संबंध बनाने का मुकदमा दर्ज कराया था।

श्याम नगर में बीती तीन मार्च की रात ट्रांसजेंडर दीपा ने अपने साथी रोहन यादव के साथ मिलकर श्याम नगर, रामपुरम निवासी अनूप कुमार शुक्ला के घर के नीचे खड़ी कार में पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। इस पर चकेरी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर इंदौर निवासी ट्रांसजेंडर और रोहन यादव को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में खुलासा हुआ था कि ट्रांसजेंडर के अनूप शुक्ला के भतीजे वैभव शुक्ला से प्रेम संबंध थे। वैभव ने ट्रांसजेंडर को धोखा दिया था, जिससे नाराज होकर उसने इंदौर में वैभव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

बदला लेने के लिए ट्रांसजेंडर ने साथी रोहन के साथ मिलकर कार में आग लगा दी थी। पुलिस ने ट्रांसजेंडर और रोहन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि इंदौर पुलिस वैभव को गिरफ्तार करने के लिए आई है, दबिश के दौरान वैभव मौके पर नहीं मिला। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## शिवा एकेडमी और वाईएमसीए ने जीते मैच

**कानपुर।** जिला स्तरीय सीनियर पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को चार टीमें मैदान पर उतरीं। शिवा क्रिकेट एकेडमी और वाईएमसीए ने जीत दर्ज की। चुन्नीगंज जीआईसी मैदान में शिवा क्रिकेट एकेडमी और पद्मपत सिंघानिया की टीम मैदान पर उतरी। पद्मपत सिंघानिया टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 190 रन बनाएं। शिवा क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाज अनुज कुशवाहा ने चार, विकास सिंह ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवा क्रिकेट एकेडमी ने 19 ओवर में ही 191 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के बल्लेबाज अमन ने सर्वाधिक 63 रन व विकास ने 60 रनों का योगदान दिया। पद्मपत सिंघानिया के गेंदबाज कृतज्ञ ने दो, अभिजीत व सूरज ने एक-एक विकेट लिए।

## 'मेट्रो का पहला डिब्बा' नहीं पूरी ट्रेन सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में शनिवार को मोतीझील मेट्रो स्टेशन पर रंजना यादव के कहानी संग्रह 'मेट्रो का पहला डिब्बा' की प्री लॉन्चिंग हुई। बुकलैंड बुक फेयर के सहयोग से आयोजन में यूपीएमआरसी के वरिष्ठ अधिकारी, शहर के प्रतिष्ठित साहित्यकार मौजूद रहे। कहानी संग्रह की मुख्य कहानी मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों पर तो बाकी कहानियां नारी पात्रों पर आधारित हैं।



मोतीझील मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो का पहला डिब्बा पुस्तक की हुई लांचिंग। अमृत विचार

कार्यक्रम में लेखिका ने एक कहानी गायक सौरभ सिंह और गिटार पर सात्विक दीक्षित के सहयोग से किस्सागोई शैली में सुनाई। वक्ताओं ने कहा कि कहानी संग्रह में महिलाओं की बातचीत और और उनके अंदाज़ की महक बसी है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के उप महाप्रबंधक (जनसंपर्क विभाग) पंचानन मिश्रा ने कहा कि मेट्रो का पहला डिब्बा ही नहीं सारे डिब्बे महिला यात्रियों के लिए सबसे सुरक्षित हैं। हमारे प्रत्येक स्टेशन पर लेडीज गार्ड तैनात हैं, स्टेशनों और ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरा और पैसेंजर इमरजेंसी इंटरकॉम का भी प्रावधान है। मेट्रो द्वारा समय-समय पर पुस्तक मेले और साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। अतिथियों एवं साहित्यकारों ने विशेष रूप से सजे कोच में मेट्रो जॉय राइड का आनंद लिया तथा मोती झील स्टेशन पर लगे बुकलैंड पुस्तक मेले का भ्रमण किया। मोतीझील मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार संख्या-2 पर बुक फ़ेयर लगाया गया है।

## एक दिन में 1.87 लाख वाद निपटाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। इसमें आपराधिक शमनीय, वैवाहिक, सिविल, मोटर दुर्घटना, राजस्व के साथ ही बैंक व बीमा कंपनी से जुड़े 1.87 लाख वादों का निस्तारण कर 1.76 अरब रुपये की वसूली की गई।


बच्चों द्वारा बनाए गए उत्पादों के साथ न्यायमूर्ति ए सिद्धार्थ। अमृत विचार

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासनिक न्यायमूर्ति ए सिद्धार्थ ने दीप जलाकर कर किया। न्यायिक अधिकारियों ने 52,314 वादों का निस्तारण कर किया। प्री लिटिगेशन स्तर पर बैंक व टेलीकाम कंपनी द्वारा 661 वादों का निस्तारण कर वसूली की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने 13,4047 वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना उत्तरी द्वारा 94 वाद, दक्षिणी द्वारा 136 वाद निस्तारित किए गए। पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने 18 वाद, सीएमएम ने 22,372 वाद, स्पेशल सीजेएम द्वारा 2077 वादों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत का संचालन नोडल अधिकारी न्यायाधीश विनय सिंह और सचिव शुभी गुप्ता द्वारा किया गया। प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय प्रमोद कुमार द्वितीय, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण उत्तरी राकेश कुमार शुक्ला, दक्षिणी ध्रुव कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

**मोटर दुर्घटना में 1.75 करोड़ में हुआ समझौता**

मोटरदुर्घटना प्रतिकर शाहिना परवीन की याचिका लोक अदालत में सुलह के लिए पेश की गई। बताया गया कि मृतक इरफान बेग यूनियन बैंक आफ इंडिया में चीफ मैनेजर के थे। 29 अक्टूबर 2022 को कार से लखनऊ जा रहे थे। सोहरामऊ थाना क्षेत्र में रसूलपुर मोड के पास पीछे से ट्रक चालक ने कार में टक्कर मार दी थी। इरफान की मौके पर मौत हो गई थी। इंश्योरेंस कंपनी ने सुलह समझौता किया।

**उपलब्धि** | आठ साल पहले खाड़ी देशों को शुरू हुआ था हरी मिर्च का निर्यात

## फ्रांस और जर्मनी में स्वाद तीखा बना रही शहर की मिर्च

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खाड़ी देशों के बाद अब शहर की हरी मिर्च फ्रांस और जर्मनी में भी खानपान का स्वाद तीखा बना रही है। हर सप्ताह चार टन मिर्च दोनों यूरोपीय देशों को भेजी जा रही है। शहर से मिर्च का निर्यात सबसे पहले दुबई को किया गया गया था। इसके बाद ओमान, कुवैत में भी पतली तीखी मिर्च जाती रही है। हाल ही में मलेशिया के बाजार में भी शहर की मिर्च ने दस्तक दी है। अब फ्रांस और जर्मनी को शहर की हरी मिर्च का स्वाद भा गया है।

- हर हफ्ते चार–चार टन हरी मिर्च का फ्रांस और जर्मनी से मिल रहा ऑर्डर



**जी-4 मिर्च की मांग ज्यादा**

- विदेशों से सबसे अधिक मांग जी–4 मिर्च की होती हैं। यह मिर्च तीखी होने का पैमाना है। अंकों में संख्या में जितनी अधिक होती है मिर्च उतनी तीखी मानी जाती है। जी–4 मिर्च का आकार आम मिर्च से पतला होता है। इस मिर्च की मांग बढ़ने से बिठूर से सरसौल तक तमाम किसान इस मिर्च को खेतों में उगा रहे हैं।

**10 यूरो की 4 किलो बिकती**

- शहर से निर्यात होने वाली मिर्च फ्रांस और जर्मनी में दस यूरो की चार किलो बिकती है। एक यूरो भारत के 90 रुपये के बराबर है। शहर से विदेश भेजी जाने वाली हरी मिर्च की खास पैकिंग की जाती है, ताकि मिर्च टूटे और खराब नहीं हो, बॉक्स खोले जाने पर ताजा बनी रहे।

शहर से हरी मिर्च का निर्यात सबसे पहले वर्ष 2016 में खाड़ी देशों को किया गया था। बीते साल दिसंबर में मिर्च का सैंपल फ्रांस और जर्मनी भेजा गया था। अब ऑर्डर मिलने के बाद निर्यात शुरू किया गया है। बड़ी ओवरसीज के एमडी कमलदीप सिंह ने बताया कि फ्रांस और जर्मनी के लिए हरी मिर्च की पहली खेप विगत दिनों मार्च के पहले भेजी गई है। अब ऑर्डर के तहत हर सप्ताह चार टन मिर्च जर्मनी और चार टन मिर्च फ्रांस भेजी जाएगी। निर्यात की जाने वाली ज्यादातर मिर्च शहर के आसपास से मंगवाई जा रही है। इससे मिर्च उगाने वाले किसानों को लाभ हो रहा है।



## एक नजर

### चालक की हत्या व लूट में चौथा आरोपी गया जेल

**सरसौल।** कानपुर देहात निवासी लोडर चालक की कालपी में हत्या कर लोडर लूट लिया गया था। इस मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया था, जबकि दो बदमाश फरार थे। उसमें एक रजत उर्फ केशव निवासी बौसर थाना महाराजपुर को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसओ महाराजपुर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि सर्विलांस टीम और मुखबिर की मदद से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक अन्य की भी तलाश जोरों से जारी है।

### शिव मंदिर के पास मिला युवक का शव

**बिधनू।** न्यू आजाद नगर चौकी क्षेत्र के शिव मंदिर के पास शुक्रवार रात एक 45 वर्षीय युवक का शव मिला। युवक काला लोवर और नीली टीशर्ट पहने हैं। जानकारी होने पर मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। उसे काफी दिनों से आसपास के क्षेत्र में घूमते देखा गया है। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक के शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# फार्म छह से ऑनलाइन आवेदन कर मतदाता सूची में करें सुधार

## उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बूथों पर जाकर देखी मतदाता सूची, दिए कई निर्देश

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

**अमृत विचार।** निर्वाचन विभाग से जिला प्रशासन को मिले दिशा निर्देशों के बाद विशेष कैंपों का आयोजन सभी पोलिंग बूथों पर किया जा रहा है। यह कैंप शनिवार व रविवार को आयोजित होंगे। मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम न होने पर फार्म छह के माध्यम से आवेदन कराया जाएगा और फार्म का ऑनलाइन आवेदन कराया जाएगा।

उप जिलाधिकारी बिल्हौर रश्मि लांबा ने शनिवार को कई पोलिंग बूथ पर जाकर मतदाता सूची का निरीक्षण किया। उनके साथ तहसील प्रशासन के अफसर भी अलग-अलग पोलिंग बूथों पर जाकर मतदाता सूची का निरीक्षण किए। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि लगातार दो दिन सभी पोलिंग बूथ पर बीएलओ की ड्यूटी लगाकर मतदाताओं को सूची दिखाने के दिशा निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सूची में नाम न होने पर तत्काल मतदाता का फार्म छह भराकर आवेदन करवाने के निर्देश हैं। साथ ही त्रुटि वाली सूची में सुधार के लिए भी कहा गया है। सभी बीएलओ अलग-अलग नियमावली के साथ पोलिंग बूथ पर ही सूची में सुधार करवाएंगे। तहसीलदार तिमराज सिंह ने चौबेपुर क्षेत्र के देदूपुर चंपतपुर, करतारिया, जोरावरपुर, बौसाना जैसे पोलिंग बूथों पर जाकर मतदाता सूची का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ के कामकाज देखे और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसी तरह उप जिलाधिकारी रश्मि लंबा ने बिल्हौर कस्बे के जूनियर हाई स्कूल मेड़ुवा, संविलियन विद्यालय चौबेपुर द्वितीय में पोलिंग बूथ की स्थिति को देखा। सेक्टर मजिस्ट्रेट व खंड विकास अधिकारी भी अलग-अलग पोलिंग बूथों पर जाकर बीएलओ के कैंप की निगरानी की।



बूथ पर मतदाता सूची का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

बिल्हौर तहसील व विधानसभा क्षेत्र में कुल 433 बूथ हैं, जबकि 329 मतदान केंद्र हैं।

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 405561 |
| पुरुष मतदाता | 216443 |
| महिला मतदाता | 189188 |
| पहली बार युवा करेंगे मतदान | 6446 |

# बच्चों को शिक्षक दें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** बीआरसी कार्यालय पतारा में शनिवार को उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई। जिसमें एबीएसए ने शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के साथ स्कूलों को बेहतर बनाने को कहा। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख कोमल सिंह ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करके अपने सपने साकार करने की नसीहत दी।

तहसील क्षेत्र के पतारा कस्बा स्थित बीआरसी कार्यालय में शनिवार को कार्यक्रम का अयोजन हुआ। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख कोमल सिंह का एबीएसए सत्यप्रकाश ने प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया। इसके बाद शिक्षकों को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख ने कहा कि हम सभी को सरकार की ओर से चलाई जा रही निपुण भारत, डिबीटी, शारदा कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व है कि सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा जाए। इसलिए सभी शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी इमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने में आप सभी शिक्षकों की भूमिका अहम है। ब्लाक प्रमुख कोमल सिंह ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को मन लगाकर पढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में लड़कियां लड़कों से किसी मामले में कम नहीं हैं। लड़कियां भी हवाई जहाज उड़ा रहीं हैं। लड़कियां पढ़ाई में लड़कों से बराबरी पर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अपने सपने पढ़ाई करके पूरा कर सकते हैं। इसलिए सभी को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। इस दौरान एबीआरसी उदयवीर सिंह, हिमांशु मिश्रा, प्रधान ककरहिया जय प्रकाश, सिरोही प्रधान विशाल, किशन शुक्ला, दिनेश तिवारी, प्रधान पंकज सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।



ब्लाक प्रमुख कोमल सिंह को प्रतीक चिह्न देकर स्वागत करते एबीएसए सत्यप्रकाश।

- ब्लाक प्रमुख ने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए दिए टिप्स

# टेंट हाउस कर्मी लापता दर्ज कराई गुमशुदगी

संवाददाता, भीतरगांव

- साढ़ के उमरी गांव की घटना पिता ने पुलिस से लगाई गुहार

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के उमरी गांव में टेंट हाउस में काम करने वाला युवक संदिग्ध हालात में लापता है। परिजनों ने उसकी तलाश के बाद टेंट हाउस मालिक से पूछताछ की, मगर संतोषजनक जवाब न मिलने पर पिता ने साढ़ पुलिस से लिखित शिकायत की है।

उमरी गांव निवासी राजू सोनकर ने साढ़ पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा प्रदीप गांव के ही एक टेंट हाउस में काम करता था। टेंट हाउस मालिक सौरभ यादव उनके बेटे को काम के लिए 23 फरवरी को घर से लेकर बेरीखेड़ा गांव गए थे। तबसे उनका बेटा घर नहीं आया है।

उसकी कई दिन तक तलाश करने के बाद जब टेंट हाउस मालिक से पूछताछ की तो उन्होंने कोई सीधा जवाब ही नहीं दिया। आग बबूला हो गए और गालियां देने लगे। उन्होंने यह तक नहीं बताया कि काम के बाद कहां गया, किसके साथ गया, कहां ले गए थे। काम के बाद बेटे को अपने साथ क्यों नहीं लाए। जब बेटे के बारे में कोई जवाब नहीं मिला तो तीन मार्च को विरहर चौकी गए और पुलिस को तहरीर दी है। मगर टेंट हाउस मालिक की तरह ही पुलिस ने बर्ताव किया। उनके बेटे के मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आठ मार्च को दोबारा साढ़ थाने में लिखित शिकायत की, फिर भी कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया गया। साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है युवक की गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# कैसी भी समस्या हो, सूचना दें

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** ईंट भट्ठों पर काम करने वाले श्रमिक परिवारों को सुरक्षा का अहसास कराने के लिए शनिवार पुलिस जवानों ने क्षेत्र के कई भट्ठों पर जाकर श्रमिकों से बातचीत की। पुलिस कर्मियों ने श्रमिकों से कहा कि किसी तरह की समस्या होने पर तत्काल सूचित करें। पुलिस ने श्रमिकों को अपने मोबाइल नंबर भी नोट कराए।

बता दें कि बीती 29 फरवरी को घाटमपुर क्षेत्र के बरौली गांव में ईंट भट्ठे पर ठेकेदार व तीन अन्य लोगों ने दो चचेरी नाबालिग बहनों के साथ मारपीट व सामूहिक दुष्कर्म किया था। आहत किशोरियों ने आत्महत्या कर ली थी। वहीं दबंगों की धमकी से दुखी किशोरी के पिता ने फांसी लगाकर जान दे दिया था। इस घटना से भट्ठा पर श्रमिकों में दहशत व्याप्त है। इस घटना के बाद मजदूर परिवारों के साथ अपने घरों को पलायन कर गए थे। अब पुलिस नें श्रमिक परिवारों को सुरक्षा का अहसास दिलाने का प्रयास शुरू किया है। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव की अगवाई में पुलिस ने क्षेत्र के भट्ठा सरन ब्रिक फील्ड, बिल्हौर ब्रिक फील्ड व विसुनपुर गांव स्थित एवन ब्रिक फील्ड में जाकर श्रमिक परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान महिलाओं, पुरुषों व बच्चों से बातचीत कर उनसे उनकी समस्याएं पूछीं। साथ किसी भी तरह के उत्पीड़न, समस्या होने पर पुलिस को सूचना देने की बात कही। पुलिस ने श्रमिकों को पुलिस हेल्प लाइन के साथ अपने नंबर भी दिए। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि श्रमिक परिवारों से मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान किया है। साथ ही खाने की वस्तुएं भी वितरित की गईं हैं।



ईंट भट्ठा पर श्रमिक परिवारों से बातचीत करते प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव।

- पुलिस ने श्रमिकों से मिलकर कराया सुरक्षा का अहसास
- संपर्क के लिए पुलिसकर्मियों ने अपने मोबाइल नंबर भी दिए

# इंटरलॉकिंग सड़क का विधायक ने किया शिलान्यास

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत तरगांव के मजरा मोमिनपुर में विधायक सरोज कुरील ने इंटरलाकिंग सड़क सौगात दी है। विधायक निधि से बनाई जा रही इस 705 मीटर सड़क का शनिवार को विधायक ने शिलान्यास किया।

पतारा विकासखंड के मोमिनपुर गांव को जाने वाला मार्ग काफी समय से खराब था। इसके निर्माण की मांग गांव के लोग बार-बार कर रहे थे। शनिवार को सड़क का शिलान्यास करने पर ग्रामीणों ने विधायक सरोज कुरील का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि मेरा यह प्रयास है कि हर गांव में विधायक निधि से कुछ न कुछ विकास हो। जनता ने जो मुझे सेवा का मौका दिया है, उसके लिए मैं सदैव तत्पर हूं। ग्रामीणों की हर समस्या का निस्तारण करने का प्रयास रहेगा।

## सार-संक्षेप



महाराजपुर थाने में शिकायत सुनते डीसीपी श्रवण कुमार। अमृत विचार

### समाधान दिवस में डीसीपी ने सुनीं शिकायतें

**सरसौल।** महाराजपुर थाने में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता डीसीपी श्रवण कुमार ने की। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुना व समाधान किया। समाधान दिवस में कुल चार शिकायतें आईं। जिसमें डीसीपी ने एक का मौके पर ही निस्तारण कराया, जबकि अन्य मामलों में एसओ को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को देकर एक सप्ताह के अंदर निस्तारित कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसीपी चकेरी दिलीप कुमार, चौकी प्रभारी सरसौल पवन निश्रा, एसआई राजकुमार के अलावा कानूनगो और लेखपाल मौजूद रहे।



ब्लाक गेट पर भंडारे में प्रसाद देते व्यापारी। अमृत विचार

### भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

**बिल्हौर।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में ककवन में शनिवार को कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। ब्लाक गेट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में रुद्राभिषेक के बाद व्यापारियों ने मिलकर भंडारा किया। इस मौके पर विधायक राहुल बच्चा सोनकर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने भी प्रसाद चखा। सोनू सविता, सूरज सिंह, सचिन राठौर, सूरज शर्मा, नीरज शर्मा, नीरज सविता, बबलू कश्यप आदि रहे। वहीं पांडु नदी पुल पर गौरी शंकर की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा से पहले शोभायात्रा निकली गई। यात्रा के दौरान मोहित सिंह तोमर, अंकित सिंह तोमर, अखिलेश तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, अशोक, मोहित सेंगर, प्रियम द्विवेदी रहे। इसी तरह प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर स्थित शिव मंदिर में भी भजन-कीर्तन के बाद भंडारे का भी आयोजन हुआ। विकासखंड क्षेत्र के ढुलमऊ गांव में प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचे कांवरियों ने अभिषेक कर शिव का आशीर्वाद लिया। बता दें कि बाराबंकी के लोधेश्वर मंदिर से लौटने के बाद भक्त प्राचीन मंदिर ढुलमऊ में गंगा जल से शिव का अभिषेक करते हैं।

# बीस हजार का इनामिया असलहा समेत गिरफ्तार

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने प्राणघातक चोट के मामले में फरार चल रहे वांछित को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया। उसपर बीस हजार का इनाम था।

भोगनीपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक रमेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के रनियां निवासी कल्लू उर्फ जितेंद्र पुत्र पतरावल प्राणघातक चोट समेत अन्य धाराओं में वांछित चल रहा था। जिसकी पुलिस को काफी समय से तलाश थी। वह पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि कल्लू कहीं भागने की फिराक में बिदखुरी मोड़ के पास खड़ा है। उन्होंने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी करते हुए वांछित कल्लू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि 28 अगस्त 2023 को उसका पत्नी आयुषी कुशवाहा से विवाद हो रहा था।



एडवेंचर कैंप में रस्सी से बनी सीढ़ी पर चलती बच्ची।

# एडवेंचर कैंप में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल घाटमपुर में शनिवार को रोमांचक और शिक्षाप्रद एडवेंचर कैंप का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सीईओ एनयूपीपीएल स्कूल संतोष, यमुना लेडीज क्लब के प्रेसिडेंट सिंधु संतोष को स्कूल की प्राधानाचार्या प्रियंका गौर ने सम्मानित किया।

एडवेंचर कैंप में स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और अपने कौशल को सुधारा। विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए इस अनूठे प्लेटफार्म की स्कूल के चेयरमैन ने सराहना की और बच्चों आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने छात्रों को जीवन में सफलता पाने के लिए मेहनत और समर्पण की महत्वपूर्ण बातें साझा की। प्रियंका गौर ने छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता पहचानने के लिए प्रेरित किया।

# भोले के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** अकबरपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को घाटमपुर में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण दिनेश कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निनल वरुण की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर आचार्य ने सांसद देवेंद्र सिंह भोले से गणेश पूजन कराया। इसके बाद फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे किसानों, गरीबों, मजदूरों, व्यापारियों को मिल रहा है। अभी हाल ही में प्रदेश सरकार ने किसानों को एक बड़ी सौगात दी है। जिसमें एक अप्रैल से किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का फैसला लिया है। इसे कैबिनेट से मंजूरी भी मिल गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण दिनेश कुमार कुशवाहा ने कहा कि इस संगठन के कार्यकर्ता गांव, गली, मोहल्लों में जाकर बूथों को मजबूत करें। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निनल वरुण ने भी कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस मौके पर जिला महामंत्री वेद व्रत सचान, मंडल अध्यक्ष अनूप अवस्थी, उमेश द्विवेदी मीडिया प्रभारी, दीपू दुबे, शोभित सेंगर, गुड्डू सिंह सेंगर, चंद्रभान सिंह रहे।



सांसद भोले के चुनाव कार्यालय के पूजन में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व अन्य।

- कैबिनेट मंत्री, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष ने हवन में डाली आहुति

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

बच्चों के लिए — बीआरसी में हमारा आंगन और हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# बच्चों को आंगनबाड़ी में मिलें सभी संस्कार

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** विकास खंड बिल्हौर के परिषदीय विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए हमारा आंगन और हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी परिसर में किया गया। कार्यक्रम का मकसद प्री प्राइमरी शिक्षा और बाल विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम रश्मि लांबा मौजूद रहीं।

एसडीएम रश्मि लांबा ने बच्चों के किए गए कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से बेसिक शिक्षा को बच्चों की नीव कहा जाना ही ठीक होगा। शिक्षकों ने बच्चों को निपुण बनाने के लिए जो मेहनत की है। उसका परिणाम हम सभी के सामने है। प्राथमिक विद्यालय सांभी बिल्हौर विकास खंड का सबसे पहले निपुण होने वाला विद्यालय है। इसी के तहत बिल्हौर खंड शिक्षा अधिकारी रवी कुमार सिंह के मार्ग दर्शन में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मौजूद एसआरजी सोनिया मल्होत्रा ने बच्चों और शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। सांभी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका निरुपमा पांडेय को एसडीएम रश्मि लांबा ने प्रतीक चिंह्न देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में को-लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं, को-लोकेटेड विद्यालयों के नोडल शिक्षक, नोडल संकुल शिक्षक और प्रत्येक न्याय पंचायत से चुने गए निपुण विद्यार्थी शामिल हुए। बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी सुपरवाइजर निर्मला पाल मौजूद रहीं। इस मौके पर आदित्य द्विवेदी, दीपक सक्सेना, अनूप कुमार, सत्येंद्र मिश्रा, अरुण कुमार, प्रशांत मिश्रा, सुरेंद्र राठौर, राधामोहन कुशवाहा, धर्मेंद्र कटियार, वेद प्रकाश, मो. ताहिर, शशि नीलम कनौजिया, साधना कटियार, विजय लक्ष्मी, आकाश बाजपेई आदि शिक्षक मौजूद रहे।



बच्ची को पुरस्कार देतीं एसडीएम रश्मि लांबा व अन्य। अमृत विचार

# चिड़ियाघर में जानवरों को देख बच्चे आनंदित

संवाददाता, बिल्हौर

- राष्ट्रीय अविष्कार अभियान योजना के तहत बच्चों ने की एक्सपोजर विजिट

**अमृत विचार।** केंद्रीय शिक्षा विभाग की ओर से विज्ञान व प्रौद्योगिकी से संबंधित राष्ट्रीय अविष्कार अभियान योजना के तहत स्कूल के बच्चों ने शनिवार को एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट किया। खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश गुप्ता के नेतृत्व में विकासखंड ककवन के विभिन्न उच्च प्राथमिक विद्यालयों के एक सैकड़ा बच्चों को आईआईटी के डॉ. एचसी वर्मा की ओर से संचालित शिक्षा सोपान आश्रम व कानपुर जियोलॉजिकल पार्क चिड़ियाघर का भ्रमण कराया गया।

शैक्षिक भ्रमण के दौरान शिक्षा सोपान आश्रम के संचालक अमित बाजपेई व उनकी टीम के सदस्यों ने विज्ञान से संबंधित छोटे-छोटे प्रयोग के माध्यम से बच्चों को विज्ञान के बारे में समझाया। विभिन्न प्रयोगशालाओं में बच्चों को ले जाकर उनसे प्रयोग भी करवाए। बच्चों को विभिन्न प्रकार के मॉडल भी दिखाए गए।

इसके बाद जियोलॉजिकल पार्क चिड़ियाघर में बच्चों ने भ्रमण कर जीव, जंतुओं को देखा। बच्चों ने इस अवसर पर आनंद का अनुभव किया। इस दौरान अजय कटियाय, अमर चंद, अनुराग पांडेय, संजीव कुमार, अमित कुमार, सुमन, अमित सिंह, अरविंद त्रिवेदी आदि ने सहयोग दिया।

## एक नजर

### वरिष्ठ पत्रकार आरके पांडेय को मातृशोक



कानपुर। अमृत विचार कानपुर के वरिष्ठ पत्रकार आरके पांडेय की 85 वर्षीय माता जानकी देवी पांडेय पत्नी स्व. श्रीभगवान प्रसाद पांडेय का शनिवार शाम निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रहीं थीं। उनकी शव यात्रा सोमवार को निज निवास श्याम नगर ई-265 से जायेगी। वह अपने पीछे पुत्र आरके पांडेय, प्रभुशंकर पांडेय, पुत्री प्रणौती का का भरापुरा परिवार छोड़ गईं हैं।

### सामूहिक विवाह आज

कानपुर। मोतीझील के लॉन नंबर एक में रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम के अधिकारी शनिवार देर रात तक तैयारियों में जुटे रहे।

# छोटे कारोबारियों के मन की बात भी सुने सरकार

**जनता का मुद्दा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बिरहाना रोड पर व्यापारियों ने बताईं अपनी समस्याएं। अमृत विचार

- ऑनलाइन कारोबार पर आखिर चुप क्यों सरकार
- जीएसटी में एक स्लैब को लेकर नहीं हो रही सुनवाई
- एसएमएमई में 45 दिन में भुगतान का नियम आत्मघाती

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की दस्तक होते ही शहर में कारोबारी सरकार के कामकाज का लेखाजोखा लेकर बैठ गए हैं। बिरहाना रोड पर अमृत विचार के साथ उन्होंने ऑनलाइन कारोबार, जीएसटी, एमएसएमई के 45 दिनों के नए कानून जैसे तमाम मुद्दों खुलकर चर्चा करते हुए साफ कहा कि सरकार ऐसी होनी चाहिए जो छोटे कारोबारियों की समस्याओं की सुनवाई कर सके।

व्यापारी आशू शर्मा, जलज द्विवेदी, एससी जैन, नितिन राम चंदानी, रजत सक्सेना, विनोद गुप्ता व फैजान हाशिम ने ऑनलाइन कारोबार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि ऑनलाइन कारोबार रिटेल कारोबारियों को खत्म कर रहा है। सरकार इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है। छोटा कारोबारी ऑनलाइन बाजार के विरोध में लंबे समय से संघर्षरत है। लेकिन सरकार व जनप्रतिनिधि दोनों ही इस समस्या पर आंख बंद किए बैठे हैं।

एसके रोड़ा, विकास भाटिया, सचिन भसीन, इंद्रंजीत सिंह व आरएस चावला ने कहा कि मौजूदा सरकार को बड़े उद्योगपति और अधिकारी चला रहे हैं। ऐसे में उन लोगों की बात नहीं सुनी जा रही है। जीएसटी के सरलीकरण के मुद्दे पर व्यापारी नेता भी अब मौन हो गए हैं। ऐसा लगता है कि वे भी सरकार व अधिकारियों के दबाव में काम कर रहे हैं। कारोबारी लंबे समय से जीएसटी का एक स्लैब रखे जाने की सरकार से मांग कर रहे हैं।

फिलहाल जीएसटी के चार स्लैब सिर्फ बड़े उद्योगपतियों को ही मुनाफा दे रहा है। छोटा कारोबारी जीएसटी की पेंचीदगियों से परेशान है। एसएमएमई के तहत 45 दिन के भुगतान के नियम पर भी कारोबारियों ने आक्रोश जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस नियम से सरकार छोटे कारोबारियों को खत्म करने की योजना बना रही है। व्यापारी कमल अरोड़ा, नितेश अग्रवाल व मनीष सेठिया ने बताया कि 46 दिन तक यदि भुगतान नहीं होता है तो इस नियम के तहत भुगतान की रकम कारोबारी के खाते में जोड़कर टैक्स वसूला जाएगा। इससे बेहतर यह होता कि इसे भी जीएसटी पर लागू कर दिया जाता। कम से कम कारोबारी को यह भरोसा तो होता कि उसकी फंसी रकम वापस आएगी। इस नियम से देनदार को मजबूत कर दिया गया है।



व्यापारियों ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर की चर्चा। अमृत विचार

### अलग से पीएम पोर्टल बनाएं तभी सुनी जाएंगी समस्याएं

- कारोबारियों ने सुझाव दिया कि एक पीएम पोर्टल सिर्फ कारोबारियों के लिए होना चाहिए। इससे कारोबारी अपनी समस्या सीधे पीएम तक पहुंचा सकेंगे। इस पोर्टल पर जवाब दिए जाने का समय निर्धारित करना चाहिए। यही एक विकल्प अब बचा है जिससे व्यापारी अपनी बात सीधे सरकार तक पहुंचा सकते हैं।
- **सचल दल खत्म होने चाहिए :** व्यापारियों ने कहा कि सचल दल, जीएसटी सहित कई विभागों में भ्रष्टाचार बढ़ा है। खासतौर पर सचल दल से व्यापारी काफी परेशान हैं। ऐसी सरकार चाहिए जो सचल दल की व्यवस्था खत्म करे।
- **बिजली की दरें कम की जाएं :** चर्चा में व्यापारी बिजली की दरें कम किए जाने के मुद्दे पर एकजुट दिखे। उन्होंने कहा कि कई राज्यों के मुकाबले यूपी में बिजली की दरें व्यापारियों का दम घोंट रही हैं।

### वर्चुअल कार्यक्रम में जीटी रोड और उन्नाव- लालगंज मार्ग का लोकार्पण होगा

# पीएम मोदी 11 को रखेंगे रिंग रोड की आधारशिला

**11** स्थानों से रिंग रोड पर कर सकेंगे प्रवेश

**04** कंट्रोल रूम रिंग रोड पर 24 घंटे करेंगे काम

**खुशखबरी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मंधना में बनाया जा रहा जीटी रोड का फ्लाईओवर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 93 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड का शिलान्यास और जीटी रोड के कानपुर- मैनपुरी पैकेज व उन्नाव- लालगंज हाईवे का लोकार्पण 11 मार्च को होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल इस कार्यक्रम में इन प्रोजेक्ट की सौगात देंगे। स्थानीय स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सांसद, विधायक भाग लेंगे।

मंधना- सचेंडी और सचेंडी से रमईपुर के बीच रिंग रोड का काम चल रहा है छह लेन की रिंग रोड का निर्माण 10 हजार करोड़ रुपये से किया जा रहा है । जल्द ही रमईपुर से रूमा और रूमा से उन्नाव के आटा तक का काम भी शुरू हो जाएगा। इस परियोजना में गंगा पर बिठूर से बैराज के बीच 3.4 किमी लंबा छह लेन का पुल बनेगा, जबकि इसका स्ट्रक्चर आठ लेन का होगा ताकि भविष्य में विस्तार की गुंजाइश बनी रहे। रिंग रोड से ट्रांसगंगा सिटी को जोड़ने के लिए एक सड़क भी छह लेन की बनाने की योजना है। प्रोजेक्ट की प्रगति रिपोर्ट पीएमओ भेजी गई है। उम्मीद है कि पीएम मोदी ही इसका शिलान्यास करेंगे। रिंग रोड के बन जाने से आवागमन आसान हो जाएगा। शहर में जाम की समस्या खत्म होगी। यही वजह है कि काम समय से पूरा हो इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय से प्रोजेक्ट की हर सप्ताह रिपोर्ट ली जा रही है। मंधना से सचेंडी के बीच तो बकायदा पुलिया का निर्माण भी शुरू हो गया है। मिट्टी पुराई का काम चल रहा है। सचेंडी से रमईपुर होते हुए नर्वल के जरकला तक भी मिट्टी पुराई का काम शुरू हो गया है। जल्द ही वहां भी पुल, पुलिया आदि का निर्माण शुरू हो जाएगा। चुनाव आचार संहिता लगने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम शहर में होना था लेकिन नहीं हो पाया। अब प्रधानमंत्री वर्चुअल तरीके से इस प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे।

**41** अंडरपास इस परियोजना में बनाए जाने हैं

**09** ओवरब्रिज का निर्माण करने की योजना है

**07** फ्लाईओवर इस परियोजना में बनाने का प्लान है

### उन्नाव- लालगंज हाईवे बनकर तैयार

- उन्नाव से लालगंज होते हुए रायबरेली जाना अब आसान हो गया है। इस परियोजना का लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे। इस मार्ग को फोर लेन बनाया गया है। पहले यह दो लेन था। इस वजह से इस पर जाम लगता था और ओवरलोड वाहनों की वजह से अक्सर सड़क टूट जाती थी। इसके बन जाने से न सिर्फ जाम खत्म हुआ है बल्कि कानपुर के लोगों को अब फतेहपुर होकर लालगंज या रायबरेली नहीं जाना पड़ेगा।

### जीटी रोड भी जनता को सौंपेंगे

- कानपुर से अलीगढ़ आना जाना पहले बहुत ही मुश्किल होता था। केंद्र सरकार ने इस मार्ग को फोर लेन बनाने की मंजूरी दी। पहले चरण में अलीगढ़ से मैनपुरी बार्डर तक इसे बनाया गया। इस प्रोजेक्ट का लोकार्पण पहले ही हो चुका है। मैनपुरी बार्डर से कानपुर फेज का लोकार्पण अब प्रधानमंत्री करेंगे। हालांकि मंधना में अभी फ्लाईओवर बन रहा है

# सपा पार्षद दल नेता व पूर्व पार्षद पार्टी से बाहर

विशेष संवाददाता, अमृत विचार



- चुनावी तैयारियों के बीच सपा और कांग्रेस गठबंधन को लगा बड़ा झटका

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष फजल महमूद ने पार्षद दल नेता अभिषेक गुप्ता मोनू और पूर्व पार्षद अमित मेहरोत्रा को पार्टी विरोधी गतिविधियों में निष्कासित कर दिया। तीन बार के पार्षद रहे अभिषेक गुप्ता मोनू वार्ड 101 चौक सराफा से एक बार भाजपा तो दो बार सपा से पार्षद चुने गए थे। वह पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ. इमरान की कमेटी में महामंत्री थे। निष्कासित पूर्व पार्षद अमित मेहरोत्रा बबलू हरबंश मोहाल वार्ड 78 से वर्ष 2018 मे पार्षद चुने गए थे।

जिलाध्यक्ष फजल महमूद ने बताया कि मोनू पर पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ बयानबाजी का आरोप है। इस अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र की अनुशासन समिति की रिपोर्ट के आधार पर मोनू और अमित मेहरोत्रा का निष्कासन किया गया है। हालांकि सपा पार्षद दल नेता का कहना है कि उन्होंने कभी सपा अध्यक्ष के खिलाफ बयान नहीं दिया है, यदि ऐसा है तो जिलाध्यक्ष प्रमाण दिखाएं। वह संगठन में महामंत्री थे। ऐसी ना-समझी क्यों करेंगे।

मोनू कहते हैं कि पूर्व पार्षद अमित मेहरोत्रा स्वास्थ लाभ कर रहे हैं। उन्होंने कौन सी पार्टी विरोधी गतिविधियां कर डालीं। मोनू ने बताया कि वह पहले भाजपा में थे। आर्यनगर सीट से अमिताभ वाजपेयी को सपा से टिकट मिला था, तब भाजपा छोड़कर सपा ज्वाइन की थी। उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों का कोई नोटिस नहीं मिला है। जिलाध्यक्ष आरोप बताएं स्पष्टीकरण मांगे। लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया। वह प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से मिलकर अपनी बात स्पष्ट करेंगे।

### निष्कासन की जड़ में तिलक पार्क

- सपा पार्षद दल नेता अभिषेक गुप्ता मोनू के निष्कासन के पीछे तिलक पार्क में विकास कार्य है, जिसे लेकर क्षेत्रीय विधायक अमिताभ वाजपेयी और उनकी खटक गयी थी। नगर निगम से स्वीकृत कराकर लाया नलकूप लगाने को लेकर विधायक और पार्षद में मतभेद हुए थे। विधायक नलकूप कहीं और लगवाना चाहते थे पर मोनू तिलक पार्क में लगवाने के पक्ष में थे। पार्क के विकास कार्य में भी दोनों के बीच मतभेद रहे। मोनू महापौर से उद्घाटन के पक्ष मं। थे। सपा से निष्कासित नेता मोनू गुप्ता के भाजपा में जाने की अटकलों का बाजार गरम है। वैसे भी कई पार्षद भाजपा का दामन थाम चुके हैं। चुनाव के पहले और शामिल हो सकते हैं।

# भाजपा में 13 से पहले प्रत्याशी की घोषणा संभव

विशेष संवाददाता, कानपुर



- 14 मार्च से लग जाएगा खरमास दिल्ली में संसदीय बोर्ड में गहन मंथन चल रहा है
- महाना भी 11 से फिर दिल्ली में डेरा डालेंगे, पचौरी पहले से मैदान में डटे
- महिलाओं में नीतू सिंह, मालिनी अवस्थी, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला और महापौर प्रमिला पांडेय का नाम भी चर्चा में है

**अमृत विचार।** भाजपा से कानपुर लोकसभा सीट के टिकट के दावेदारों की दिल्ली दौड़ थमने का नाम नहीं ले रही है। भाजपा संसदीय बोर्ड में कानपुर सीट पर फैसला रुका होने से किसी कद्दावर नेता का नाम आने की संभावना भी बढ़ती जा रही है। फिलहाल 13 मार्च तक प्रत्याशी की घोषणा होने के संकेत हैं। इसकी वजह 14 मार्च से खरमास लगना है। इस दौरान शुभ कार्यों की मनाही रहती है।

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि अबकी बार 400 पार के लिए एक-एक सीट पर गहन मंथन हो रहा है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की दस में से नौ सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। सारे नाम 2019 का चुनाव जीते सांसदों के हैं। लेकिन कानपुर सीट पर प्रत्याशी की घोषणा रोक ली गयी है। यह सीट भाजपा के सत्यदेव पचौरी ने कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल को 1,55,934 वोटों से हराकर जीती थी। हालांकि वर्ष 2004 में पचौरी श्रीप्रकाश से चुनाव हार चुके हैं। उनके बाद 2009 में श्रीप्रकाश ने सतीश महाना को 18 हजार वोटों से मात दी थी। अबकी टिकट में महाना और पचौरी के बीच ही दांव फंसा है। सूत्र बताते हैं कि केंद्रीय नेतृत्व महाना को लड़ाने के मूड में है पर पार्टी का एक वर्ग कानपुर से ब्राह्मण प्रत्याशी पर जोर दे रहा है। पचौरी नमोएप में देश में टॉप फाइव पर हैं। दूसरी तरफ महाना समर्थकों का कहना है कि वह कद्दावर नेता हैं। हालांकि महाना ने अपने समर्थकों को चुनावी तैयारी के कोई संकेत नहीं दिए हैं। लेकिन उनकी दिल्ली दौड़ पचौरी की राह में कांटा मानी जा रही है। शनिवार शाम महाना लखनऊ चले गए। वह अयोध्या में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के साथ रामलला के दर्शन करने के बाद उनके साथ 11 को दिल्ली जाएंगे। दूसरी तरफ विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, अरुण पाठक, रमेश अवस्थी भी टिकट की टकटकी लगाए हैं। महिलाओं में मालिनी अवस्थी, नीतू सिंह, योगी सरकार में मंत्री प्रतिभा शुक्ला और मेयर प्रमिला पांडेय का नाम लिया जा रहा है। प्रदेश के तीन सदस्यीय पैनल में सांसद पचौरी के अलावा एक पुरुष व एक महिला का नाम बताया जाता है।

# रुद्राभिषेक में जुटे नेता और वितरक



कलक्टरगंज में रुद्राभिषेक में पहुंचे सपा विधायक। अमृत विचार

**कानपुर।** कलक्टरगंज स्थित श्री बजरंग बली जी मंदिर में महाशिवरात्रि पर विशाल रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। मंदिर प्रमुख सोमदत्त अग्निहोत्री ने पूजा, अर्चना, हवन व सुंदरकांड के बाद बाबा शिव को दुग्ध, गन्ने के रस व सौ किलो फूलबत्ती चढ़ाकर प्रार्थना की। मंदिर में आए भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया गया। बताया कि मंदिर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की बैठक स्थली रही है। इस दौरान विधायक अमिताभ बाजपेयी, मधुवन बिहारी गुप्ता, डॉ. हेमंत मोहन, वेदप्रकाश अग्निहोत्री, संजय अग्निहोत्री, अनुराग बाजपेयी, पवन शुक्ला, सुरेंद्र यादव, मान पाण्डे, गणेश दीक्षित, रमेश कानोडिया संतोष शुक्ला, पार्थ अग्निहोत्री, अभिषेक गुप्ता, ज्ञानेश मिश्रा, अशोक केसरवानी, राजेश चतुर्वेदी, अमरेंद्र पांडे, विनायक गुप्ता, प्रज्वल अग्निहोत्री, गीता शुक्ला, संदीप यादव, विजय यादव, गोपालजी (वृंदावनधाम), मोनू त्रिवेदी, अवधेश गुप्ता व चंदकांत द्विवेदी आदि भक्त मौजूद रहे।

# गठबंधन प्रत्याशी के लिए होंगे साझा सम्मेलन

विशेष संवाददाता, अमृत विचार



तिलक हाल में बैठक करते इंडी गठबंधन के नेता, संबोधित करते पूर्व विधायक सोहेल।

- सपा, कांग्रेस और आप की तिलकहाल में हुई संयुक्त बैठक

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव के सपा कार्यालय में इंडिया गठबंधन की पहली बैठक के बाद शनिवार को शहर कांग्रेस कार्यालय तिलकहाल में हुई बैठक में सपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने रणनीति पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि गठबंधन का प्रत्याशी कोई भी हो पर चुनाव पूरी शिद्दत के साथ लड़ाया जाएगा। । दोनों दलों के जिलाध्यक्ष और विधायक और पूर्व विधायकों की बैठक में मौजूदगी गठबंधन की मजबूती का संकेत दे रही थी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सपा के नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, विधायक अमिताभ बाजपेई व मो. हसन रुमी सहित पदाधिकारियों के साथ पहुंचे तो आप के नगर अध्यक्ष अनुज शुक्ला, प्रवक्ता मदनलाल भाटिया भी आए। सभा में लोकसभा चुनाव मे गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने को सभी विधानसभा क्षेत्रों में संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन महेश दीक्षित चच्चू व दिलीप शुक्ला ने किया।

### प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे पूर्व डिप्टी सीएम

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले रविवार को भाजपा प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित होने वाले सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सांसद दिनेश शर्मा शामिल होंगे। दोपहर 12.30 बजे से शुरू होने वाले सम्मेलन के लिये शहर के प्रबुद्ध वर्ग से जुड़े लोगों को बुलाया गया है।

**हाल बहुत बुरा है** पेयजल लाइन फटने से उखड़ा ट्रैक, पार्क में भरा पानी, बंद करना पड़ा ताला, स्मार्ट सिटी ने 2 .65 करोड़ से पार्क का किया निर्माण

# फूलबाग में बच्चों की एंट्री से पहले ही चिल्ड्रेन पार्क की भद पिटी


अभिषेक वर्मा, कानपुर



बाल भवन के सामने सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार



पार्क के फुट ट्रैक पर पानी का हो रहा रिसाव। अमृत विचार



पार्क के अंदर धंस चुका फुट ट्रैक।

**अमृत विचार।** फूलबाग में कानपुर स्मार्ट सिटी की ओर से बनाया गया आधुनिक चिल्ड्रेन पार्क बच्चों के खेलने से पहले ही उजड़ने की कगार पर है। यहां भूमिगत पेयजल लाइन फटने से पार्क के अंदर बनाया गया फुट ट्रैक कई जगह धंस गया है। ऐसे में दौड़ लगाना तो दूर, पैर रखने पर ही मोच आने का खतरा है। बच्चों के झूलों के पास भी पानी का जमाव हो गया है। इस बदहाली के कारण पार्क को ताला लगाकर बंद कर दिया गया है। लोगों को मुख्य गेट से ही लौटाया जा रहा है। करोड़ों रुपये चंद महीनों में ही पानी में बहते हुए नजर आ रहे हैं।

कानपुर स्मार्ट सिटी ने बाल उद्यान (आधुनिक चिल्ड्रेन पार्क) का सुंदरीकरण व उच्चीकरण किया है। इस काम पर लगभग 2.65 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। पार्क में मौजूदा समय में टिकट नहीं लग रही है। अधिकारियों ने लोकार्पण तक पार्क लोगों के लिए निःशुल्क खोला था। लेकिन, फूलबाग मल्टीलेवल पार्किंग से होकर बाल उद्यान की ओर जाने वाली पेयजल लाइन भूमिगत रिसाव होने से कई जगह फट गई है।

लाइन से पानी तेजी से निकल रहा है। इसके चलते चिल्ड्रेन पार्क में रंग बिरंगा फुट ट्रैक धंस रहा है। पैर रखने से ही जमीन धंस रही है, और पानी ऊपर की ओर आ रहा है।

यहां लगाए गए नए झूलों के पास भी पानी का रिसाव और जमाव हो रहा है। इसे देखते हुए पार्क में अंदर जाने पर रोक लगा दी गई है। कानपुर नगर निगम व स्मार्ट सिटी ने फूलबाग स्थित गणेश उद्यान में आधुनिक चिल्ड्रेन पार्क बनाया है। यहां पर वाटर हार्वेस्टिंग, श्याम लाल गुप्ता पार्षद प्रतिमा का सुन्दरीकरण, इलेक्ट्रिकल्स सुन्दरीकरण, बागवानी, आधुनिक फाउंटेन, पथरीला रास्ता बनाने के साथ ही बच्चों के झूले लगाये गए हैं। पार्क को अभी विधिवत खोला नहीं गया है। लेकिन पेयजल लाइन फटने की वजह से पार्क में किए गए कार्यों पर पानी फिर रहा है।



चिल्ड्रेन पार्क का बंद गेट। अमृत विचार

### फुट ओवरब्रिज भी बनाया गया

पार्क में चिल्ड्रेन प्ले एरिया, ओपन जिम, दो फाउंटेन और केबल पॉथ-वे के साथ घास लग चुकी है। कैन्टीन एवं टिकट काउंटर, लाइटिंग एवं साउंड सिस्टम का कार्य भी पूरा है। नानाराव पार्क से गणेश उद्यान जाने के लिए फुट ओवरब्रिज भी बनाया गया है।

> स्मार्ट सिटी मिशन पूरे शहर में कामों में अनियमितता कर रहा है। गणेश उद्यान का गेट मेरे द्वारा बनवाया गया था, लेकिन पार्क के निर्माण के समय गेट को ठीक करके स्मार्ट सिटी ने वहां से मेरा नाम ही हटवा दिया और कानपुर स्मार्ट सिटी लिखवा लिया गया। जब मैंने इस बात पर विरोध किया तब जाकर मेरा नाम लिखा गया। - **सलिल विश्नोई, विधान परिषद सदस्य।**

### अधिकारियों ने फोन भी किए बंद

स्मार्ट सिटी के प्रभारी व अधिशाषी अभियंता आरके सिंह से जब पार्क की दुर्दशा के बारे में जानकारी चाही गई तो उनका सरकारी फोन नंबर कई बार मिलाने पर भी बंद मिला।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, तीसरा घायल

## एक बाइक पर सवार थे तीनों युवक, औरास क्षेत्र में हुआ हादसा, परिजन बेहाल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** औरास थानांतर्गत रामपुर खजड़ी गांव के पास बाइक से जा रहे तीन युवकों को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। इसमें सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उन्हें सीएचसी लाई। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि, अन्य को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

औरास थानाक्षेत्र के रामपुर खंजड़ी निवासी दीपक (18) पुत्र संतोष औरास के ही शिवराज खेड़ा निवासी अपने रिश्तेदार शिवशंकर पुत्र शिवलाल व हरदोई जिले के कासिमपुर थानाक्षेत्र के करीमपुर गांव निवासी लवकुश के साथ बाइक से शिवराज खेड़ा जा रहे थे। संडीला-चकलवंशी मार्ग पर औरास के मसूरी धर्मकांटा के पास पीछे से डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें तीनों गंभीर घायल हो गए। पुलिस सभी को औरास सीएचसी लाई। जहां दीपक को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बाद में ट्रामासेंटर में शिवशंकर की भी मौत हो गई। उधर, चालक पंडित खेड़ा गांव के पास डंपर छोड़कर भाग निकला। जिसे पुलिस ने थाने में खड़ा कराने के साथ शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के पहुंचने से पहले शव मोर्चरी भेजने पर उनमें आक्रोश रहा। दिवंगत युवक की मां मीना ने डंपर नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

### लोडर की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध घायल

आसीवन थानाक्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर मुंशीराबाद गांव के पास जमालपुर निवासी रामबालक (60) पुत्र भजनी आसीवन बाजार से वापस घर लौट रहे थे। तभी सामने से आए तेज रफ्तार लोडर ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें घायल हुए वृद्ध को पुलिस मियागंज सीएचसी लाई। जहां से डॉक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## ट्रक की टक्कर से वृद्ध की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- गांव सीमऊ की बाजार जाते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार।** औरास थानांतर्गत संडीला-चकलवंशी मार्ग पर बाजार जा रहे वृद्ध को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। घायल को परिजन सीएचसी औरास लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

औरास थानाक्षेत्र के खड़वल गांव निवासी मो. यूनुस शनिवार दोपहर बाद पड़ोसी गांव सीमऊ में लगने वाली साप्ताहिक बाजार जा रहे थे। संडीला-चकलवंशी मार्ग पर सीमऊ गांव में पैदल जाते समय चकलवंशी से आ रहे ट्रक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी औरास लाए। जहां डाक्टर ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। छोटे भाई शरीफ अली ने ट्रक नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ तहरीर दी है। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## दबंगों ने लेनदेन को लेकर युवक को पीटा, दी धमकी

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर मोहल्ला निवासी युवक को दबंगों ने रोककर मारपीट की। इस दौरान उससे तगादा किया गया। उसकी पत्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कंचन नगर निवासी वैशाली ने शनिवार को कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च की रात को उसके पति अमन शर्मा काम से लौट रहे थे। तभी दबंगों ने उन्हें रोक लिया और उधारी के 25 हजार रुपये मांगने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने उन्हें पीटा।

उसका आरोप था कि एक दिन पहले भी यही लोग घर पर तगादा करने आये थे और रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। बताया कि उसकी सास ने पहले ही पड़ोस में रहने वाले किरायेदार से 10 हजार रुपये उधारी इन लोगों से दिलवाये थे। उसी को लेकर वे लोग उससे 25 हजार रुपये मांग रहे हैं। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## विद्यालय की कार्यशाला व मेले में प्रधानों ने योजनाओं को समझा

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव



बच्चों को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

- नवाबगंज विकासखंड के दयानंद दीनानाथ इंजीनियरिंग कॉलेज चमरौली में हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** विकासखंड नवाबगंज के दयानंद दीनानाथ इंजीनियरिंग कॉलेज चमरौली में खंड शिक्षाधिकारी इंद्रा देवी की अध्यक्षता व कॉलेज के प्राचार्य डीके मिश्रा की मौजूदगी में विद्यालय प्रबंध समिति ने कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें विभिन्न न्याय पंचायत द्वारा टीएलएम मेला लगाया गया। मुख्य अतिथि व ग्राम प्रधानों ने मेले का भ्रमण किया। ग्राम प्रधानों को योजनाओं की जानकारी दी गई इसके बाद कार्यक्रम शुरू हुआ। संचालन एआरपी आशुतोष सिंह ने किया।

खंड शिक्षाधिकारी ने जन समुदाय के सहयोग से निपुण भारत मिशन को गांव-गांव तक पहुंचाने व विद्यालय प्रबंध समिति की सार्थकता को सफल बनाने का आह्वान करते हुए नई सदी में नया भारत, निपुण भारत बनाने का संकल्प दिलाया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रेशू तिवारी व दिनेश प्रताप सिंह ने भी अपने विचार व्यक्ति किए। इस दौरान बच्चों को सम्मानित किया गया

इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुंडेरा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महनौरा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शेखपुर, ग्राम प्रधान भैसोरा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि निबहरी, ग्राम प्रधान नाना टीकुर, एआरपी गजेंद्र सिंह व बृजेश वर्मा रहे। वहीं, शिक्षकों में सत्यदेव सिंह, विजय सोनी, शैलेंद्र सिंह, शमीम खान, तनवीर अहमद, जिया लाल, शिव शंकर रावत, धीरेंद्र मिश्रा, संतोष मिश्रा, रामेंद्र तिवारी, महेंद्र तोमर, ओम शुक्ला, प्रमोद कुमार, माया चौधरी आदि मौजूद रहे।

## परिजनों की डांट से क्षुब्ध किशोरी ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज क्षेत्र के बेथर गांव की कक्षा-11 की छात्रा को मोबाइल पर बात करने पर परिजनों से डांट दिया। इससे नाराज छात्रा फंदे से लटक गई। खेत से लौटे परिजन शव लटका देख बेहाल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बेथर गांव निवासी साक्षी (15) पुत्री मनोज गौतम कक्षा-11 की छात्रा थी। वह शहर के एक स्कूल में पढ़ रही थी। गुरुवार को वह परिवार के साथ रिश्तेदारी में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। रात में सभी घर लौट आए थे। इस दौरान रात में उसे मोबाइल चलाता देख पिता ने डांट दिया। शुक्रवार को सभी खाना खाने के बाद खेत पर काम करने चले गए। घर पर अकेली साक्षी ने कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटक कर जान दे दी। देरशाम करीब सात बजे जब परिजन घर आए और दरवाजा खुला देख अंदर पहुंचे तो बेटी का शव लटका देख बेहाल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। परिजनों ने बताया कि वह तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। बड़ा भाई साहिल व छोटा युवराज है। एसओ संजीव कुमार कुशवाहा ने बताया कि पारिवारिक विवाद में आत्महत्या करने की सूचना मिली है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## भाजपा ने खेती में लागत दोगुनी कर दी : अन्नू टंडन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- सपा प्रत्याशी ने सफीपुर विधानसभा क्षेत्र में किया जनसंपर्क
- कहा, भाजपा शासन में गरीबों के लिए न्याय के दरवाजे बंद जनता को ठगा जा रहा

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव लोकतंत्र विरोधी व लोकतंत्र समर्थकों के बीच की एक जंग है। जिसमें एक ओर संविधान परस्त समाजवादी शक्तियां हैं तो दूसरी ओर तानाशाह हैं। जो ईडी व सीबीआई का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक शक्तियों को डरा रहे हैं। यह बात सपा की लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने सफीपुर विधानसभा क्षेत्र में अपने जन संपर्क के दौरान आमजन से कहीं।

विधानसभा सफीपुर क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क व चौपालों में सपा की लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने कहा कि अनीति, अन्याय व अमानवीय शक्तियों की उम्र 10 वर्ष से अधिक नहीं होती है। बीते 10 वर्षों में एक लाख से अधिक किसान आत्महत्या कर चुके हैं। जिनकी आय दोगुनी करने का वादा किया था उनकी खेती में आने वाली लागत दोगुनी कर दी। जिससे आत्महत्या के सिवाय किसानों के पास दूसरा रास्ता नहीं बचा है।



चौपाल में ग्रामीणों को संबोधित करतीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में गरीबों के लिए न्याय के दरवाजे बंद हो चुके हैं। अब जब चुनाव आया तो 400 की जगह 950 में बिक रहे गैस सिलेंडर को 100 रुपये घटाकर भोली-भाली जनता को ठगा जा रहा है।

पूर्व सांसद ने शनिवार को सफीपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव माखी, बिरसिंहपुर, रायपुर गढ़ी, परेंदा, मुस्तफाबाद, मुंशीगंज, अमोइया, सरांय मलिकादिम, खैराबाद, हसनापुर, अक़बरपुर, बसोखा, रायपुर राई, सिंधूर, इनायतपुर, सरौंद, धानमऊ छरेहटी, मर्दनखेड़ा, आल्दौ आदि गावों में जनसंपर्क किया। इस दौरान मकसूद अली सफीपुर विधानसभा अध्यक्ष, रामबरन, जितेंद्र रावत, राजबहादुर, हाजी सैय्यद इरफान, मंजीत यादव, मनीष सैनी, गुड्डू सिंह, मनोज रावत, राकेश राठौर, विनय मिश्रा, धर्मवीर यादव, शिवसिंह यादव, फतेह बहादुर सिंह, गिरीश यादव आदि मौजूद रहे।

### पिता की मौत से क्षुब्ध युवक ने निगला जहरीला पदार्थ

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी मोहित पुत्र देशराज कानपुर में ट्रक चलाता है। शुक्रवार देर शाम वह अपने घर आया था। शनिवार को उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन उसे नवाबगंज सीएचसी लाए, जहां डॉक्टर ने इलाज किया। सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया। युवक के भाई रोहित ने बताया कि 15 दिन पहले पिता की बीमारी से मौत हो गई थी। इसी से परेशान होकर भाई ने यह कदम उठाया है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ततियापुर विकास खण्ड बांगरमऊ उन्नाव**

पत्रांक: मेमो/च.रा.वि./निविदा/ 2023–24 दिनांक 9.03.24

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

चतुर्थ वित्त/चौदहवां वित्त आयोग 2023–24 के अर्न्तगत ग्रा.पं. ततियापुर की स्वीकृत कार्य योजना 2023–24 में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री सन्दर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 15.03.2024 समय 2.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी मे डाली जायेगी तथा उसी दिन शाम बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रमांक | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख में | निविदा मूल्य लाख में | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ततियापुर में कुवंर के घर से सी0सी0 रोड तक इन्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य | सीमेन्ट, मौरंग, ईटा, एवं ईटा इन्टरलाकिंग, ईटा, गिट्टी | 3.50 लाख | – | 15 दिन |
| 2 | ततियापुर में लालता पाल के घर बाबू लोहार के घर तक इन्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य | सीमेन्ट, मौरंग, ईटा, एवं ईटा इन्टरलाकिंग, ईटा, गिट्टी | 2.50 लाख | – | 15 दिन |

**मनीराम**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत ततियापुर
विकास खण्ड बांगरमऊ, उन्नाव

**विमल कुमार**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत ततियापुर
विकास खण्ड बांगरमऊ, उन्नाव


## गंगानगर में घायल मिला युवक, भेजा अस्पताल

**शुक्लागंज।** गंगानगर निवासी सोनू के मकान के पास शनिवार दोपहर एक 35 वर्षीय युवक बेहोशी की हालत में पड़ा था। जहां हाथ और सिर, पैर से खून निकल रहा था। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उससे पूछताछ की। जिस पर उसने अपना नाम गणेश बताया। वहीं वह खुद को कभी नेपाल, कभी मध्य प्रदेश का बताता रहा। पुलिस ने 108 एंबुलेंस से घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

## गर्भवती की मौत, सीएचसी कर्मियों पर लगाए आरोप

**बांगरमऊ उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव रोशनाबाद निवासी परिजन एक गर्भवती महिला को सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रोशनाबाद निवासी अनिल की 28 वर्षीय पत्नी नीलम को शनिवार दोपहर प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उसे एंबुलेंस से गंजमुरादाबाद सीएचसी ले गए। जहां तैनात चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक बता जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन, नीलम की स्थिति अधिक खराब होने से परिजन उसे सीएचसी बांगरमऊ लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि गंजमुरादाबाद सीएचसी में किसी चिकित्सक व चिकित्सा कर्मी ने महिला को हाथ तक नहीं लगाया और दूर से देखकर ही उसे रेफर कर दिया। यदि वहां तुरंत उपचार मिल जाता तो शायद महिला की जान बच जाती। परिजनों ने कोई शिकायती पत्र नहीं दिया है।

**मनमानी** जिले भर में धड़ल्ले से समय से पूर्व और समय के बाद बिक रही शराब

# यहां हर समय मिलती है शराब

संवाददाता, उन्नाव/सोहरामऊ



सोहरामऊ स्थित देसी शराब दुकान के बगल में स्थित दुकान के बाहर से बिकती शराब।

**अमृत विचार।** निजाम बदलते ही आबकारी विभाग ने एक बार फिर से अंधेरगर्दी का चोला ओढ़ लिया है। सारे नियम दरकिनार हैं और विभागीय नियमों को खुलेआम तोड़ा जा रहा है। विभाग की ओर से जहां एक ओर सुबह 10 से रात 10 बजे तक ही दुकानों से शराब बिक्री किए जाने के आदेश हैं।

दूसरी ओर विभागीय अफसरों की सरपरस्ती से शराब दुकानों में भोरपहर से ही शराब मिलनी शुरू हो जाती है और देर रात तक यह बिक्री बदस्तूर जारी रहती है। यहीं नहीं तय समय से पहले या बाद में शराब लेने जाने पर ग्राहक को निर्धारित दामों से अधिक मूल्य देना पड़ता है। ऐसा न करने पर उसे लौटा दिया जाता है। वहीं, इस कारगुजारी पर उनके सरपरस्त विभागीय अधिकारी जानकारी न होने की बात कहते हैं।

बता दें कि बीते 8 दिसंबर को सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बिचपरी गांव में मिलावटी शराब पीने से इसी गांव के निवासी हुलासी और पृथ्वीपाल की मौत हो गई थी। जबकि तीसरे साथी जयकरन की जान जाते-जाते बची थी। मिलावटी शराब से मौतें होने की सूचना से प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक हड़कंप मच गया था। घटनास्थल की जांच के लिए आईजी रेंज तरुण गाबा ने भी मौके का निरीक्षण किया था।

इसके बाद तत्कालीन जिला आबकारी अधिकारी करुणेंद्र सिंह, हसनगंज आबकारी निरीक्षक कुमार गौरव सिंह, सोहरामऊ एसओ रहे अवधेश कुमार, हल्का इंचार्ज इंद्र बहादुर, सिपाही संजेश कुमार व आशीष पांडेय पर कार्रवाई की गई थी। इसके बाद एसपी के पीआरओ रहे कमल दुबे को सोहरामऊ थाने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके बाद कुछ समय के लिये अवैध शराब बिक्री पर लगाम लगी। अब फि से आबकारी विभाग की मिलीभगत से क्षेत्र में अवैध के साथ-साथ दुकानों से भी नियमों को ताक पर रख समय-बेसमय शराब की बिक्री शुरू कर दी गई। मौजूदा समय में क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री का मामला फिर से बढ़ता जा रहा है। थाना पुलिस की शह पर शराब माफिया दिन रात शराब की बिक्री कर रहे हैं।

### होली पर अवैध शराब की बिक्री को माफिया तैयार

एक पखवाड़ा में होली का त्योहार आ रहा है। इसे देखते हुए शराब माफियाओं ने अभी से कमर कस ली है। दुकानों में अवैध शराब का भंडारण और बिक्री शुरू हो चुकी है। सब जानते हुए भी जिम्मेदार चुप्पी साधे हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार

जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर ने कहा कि आबकारी निरीक्षक से कह कर जांच कराई जाएगी। वहीं, आबकारी निरीक्षक हसनगंज ज्योति अग्रवाल ने बताया कि आप के द्वारा ही इसकी जानकारी हुई है। निरीक्षण कर संबंधित दुकानों का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।


**वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल**

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

VAMCRH SHAHJAHANPUR — Excellence towards profession




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**





राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन करती जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव, सुलह से एक हुए विवादित जोड़ों के साथ मौजूद न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

# 56,176 मामलों से जुड़े लोगों को मिला कोर्ट के चक्कर से छुटकारा

## जिला एवं सत्र न्यायालय के अलावा अन्य अदालतों में आयोजित हुई राष्ट्रीय लोक अदालत

राष्ट्रीय लोक अदालत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** आपसी सुलह-समझौता के आधार पर मामलों के निपटारे के लिए शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने डीएम गौरांग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना व एडीएम नरेंद्र सिंह के अलावा न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में लोक अदालत का उद्घाटन किया। इसमें 56 हजार 176 गैर सजा वाले वादों का निस्तारण किया गया।

जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोक अदालत का उद्घाटन करते हुए कहा कि इससे अधिक से अधिक वाद सुलह समझौते के आधार निस्तारित होंगे। इसी उद्देश के साथ हर तीसरे माह के दूसरे शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर लोक अदालत का आयोजन होता है। शनिवार को विभिन्न कोर्टों के न्यायिक अधिकारियों द्वारा मामलों को निस्तारित कराया गया।

लोक अदालत में एमएसीटी कोर्ट के 72 वादों का निस्तारण करते हुए मोटर दुर्घटना प्रतिकर के रूप में 3 करोड़ 67 लाख 69 हजार का प्रतिकर अवार्ड किया गया। वहीं, 74 वैवाहिक वाद व उत्तराधिकार के प्रमाणपत्र भी जारी हुए। इसमें दीवानी के 18 वाद व आपराधिक शमनीय 7308 वादों में 8 लाख 75 हजार 130 रुपए अर्थदंड वसूला गया। वहीं, एनआई एक्ट के 12, आरबी ट्रेशन के दो व 174 अन्य वादों का निस्तारण हुआ। इसके अलावा राजस्व से संबंधित 34 हजार 979 वादों का निस्तारण किया गया।

परिवार न्यायालय द्वारा दो वैवाहिक प्रि-लिटिगेशन वाद व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक वैवाहिक प्रि-लिटिगेशन वाद निस्तारित किया गया। ई-चालानी यातायात के 35 वादों का निस्तारण किया गया। वहीं, विद्युत से संबंधित 11 हजार 390 मामलों को भी न्यायिक अधिकारियों ने निपटाया। इसके अतिरिक्त विशेष लोक अदालत में 456 वादों का निस्तारण किया गया। साथ ही 15 जोड़ों ने आपसी सुलह-समझौते के आधार पर भविष्य में बिना किसी मतभेद के एक साथ रहने को रजामंदी दी।

आयोजन कि दौरान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय जैगम उद्दीन, कुमुदनी वर्मा अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत, एडीजे अल्पना सक्सेना, एडीजे मो. असलम सिद्दीकी, एडीजे ममता सिंह, एडीजे व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अनिल कुमार सेठ, एडीजे विवेकानन्द विश्वकर्मा, एडीजे शिप्रा आर्या, पूनम-II अपर न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय, मनीष निगम एडीजे/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव, जयवीर सिंह नागर एडीजे एफटीसी, रवि प्रकाश साहू एडीजे एफटीसी-प्रथम, स्वतंत्र प्रकाश एडीजे, सुधा सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उन्नाव व अन्य न्यायिक अधिकारीगण, बार एसोसिएशन के महामंत्री व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के कर्मचारी व पराविधिक स्वयं सेवक भी मौजूद रहे।

# शिक्षक, प्रधानों से इकाई की तरह काम करने का आह्वान

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सभी बेसिक विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों व एमडीएम सहित अन्य गतिविधियों को लेकर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें

इसमें पहुंचे विधायक प्रतिनिधि अश्वनी दिवाकर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत ने कार्यक्रम की शुरुआत की। सफीपुर खंड शिक्षाधिकारी अनीता शाह ने मुख्य अतिथियों का बुके व प्रतीकचिह्न देकर स्वागत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने मौजूद लोगों से कहा कि शिक्षक, प्रधान, अध्यक्ष एसएमसी एक इकाई की तरह कार्य कर बेसिक शिक्षा को नई ऊचाईं पर पहुंचाने का कार्य करें। जिससे बेसिक स्कूलों की बदली तस्वीर नजर आये। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत ने कहा कि ब्लाक स्तर पर किसी भी कार्य को आप लोग निःसंकोच बताएं। उनका निराकरण कराया जायेगा।

खंड शिक्षाधिकारी ने सभी को कार्यक्रम की विधिवत जानकारी दी। संचालन विश्वनाथ तिवारी ने किया। इस दौरान प्रधान अनूप सिंह चंदेल, प्रताप नरायन, विनीत तिवारी, सत्य प्रकाश द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, राघवेंद्र सिंह, आशुतोष श्रीवास्तव, संजीव संखवार, मदन गोपाल, देवेंद्र सिंह कुशवाहा, रामनरेश गौड़, सुनील यादव, पूजा खन्ना, अनीता सिंह, अर्जित, रेशमा नकवी, सरतेज बहादुर सिंह, अवनेंद्र गौड़, राजवीर यादव, रेखा, दीपांशी द्विवेदी व रिचा द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, प्रधान व एसएमसी अध्यक्ष उपस्थित रहे।




विधायक प्रतिनिधि को सम्मानित करतीं खंड शिक्षाधिकारी। अमृत विचार

## नेत्र शिविर में 30 मरीजों की जांच

**परियर उन्नाव।** बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति व एएसजी नेत्र चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 30 मरीजों की जांच डॉ. आशुतोष, डॉ. आनंद व डॉ. अजीत सिंह ने की। इसमें दो मरीजों को आपरेशन के लिए कानपुर अस्पताल भेजा गया। बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति द्वारा सभी को फल वितरित किए गए। इस मौके पर रविशंकर मिश्रा, हरिनारायण पांडे, देवी प्रसाद, शंकर स्वरूप अवस्थी, अरुण आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



समाधान दिवस में समस्याएं सुनते नायब तहसीलदार। अमृत विचार

### समाधान दिवस : 5 मामलों में एक का भी निस्तारण नहीं

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। जहां नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से लोग शिकायत लेकर पहुंचे। नायब तहसीलदार ने फरियादियों की शिकायत सुनीं। इस दौरान किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने समाधान दिवस का आयोजन किया। जहां नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से फरियादी फरियाद लेकर पहुंचे। इस दौरान पालिका कर्मी, राजस्व कर्मी मौजूद रहे। दोपहर के समय नायब तहसीलदार पीयूष भार्गव ने समस्याएं सुनीं। कुल 5 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें 4 मामले राजस्व से संबंधित आए। मौके पर कोई निस्तारित नहीं हो सका। जिस पर नयाब तहसीलदार ने संबंधित लेखपाल को निस्तारण के लिए सौंपा है। वहीं पुलिस से संबंधित एक भी मामला नहीं आया। वहीं पालिका से संबंधित एक मामला पहुंचा। उसका भी निस्तारण नहीं हो सका। मामलों का निस्तारण न होने से फरियादी मायूस होकर वापस लौट गए।

### धनाभाव से अस्पताल में मरम्मत के कार्य लटके

**शुक्लागंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रोज सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं। अस्पताल का सात माह पहले बैंक में खाता खोला गया था। लेकिन, अभी तक खाते में रुपये नहीं आये हैं। जिससे अस्पताल के भवन की मरम्मत और रंगरोगन के अलावा इमरजेंसी के काम तक नहीं हो पा रहे हैं। जिससे अस्पताल में सुविधाओं का दिनोंदिन टोटा होता जा रहा है। सरकार ने न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रखरखाव समेत तमाम जरूरत की चीजों के लिए रोगी कल्याण समिति के तहत अस्पताल का भारतीय स्टेट बैंक में खाता खुला था। खाते में आने वाले धन से अस्पताल के भवन की मरम्मत, रंगरोगन के अलावा इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बदला जाना था। लेकिन, सात माह से खाते में धन ही नहीं आया है। अस्पताल के पंखे खराब पड़े हैं। इतना ही नहीं कुछ ऐसे कमरे हैं जहां रोशनी के लिए एक भी ट्यूबलाइट तक नहीं हैं। ऐसे में स्वास्थ्य कर्मी अंधेरे में बैठकर काम करने को मजबूर हैं। वहीं अस्पताल में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं हैं। परिसर में सोलर सबमर्सिबल पंप लगा है लेकिन धनाभाव होने से उसकी मरम्मत नहीं हो सकी है। जिससे मरीजों तक को पानी के लिए भटकना पड़ता है। पीएचसी प्रभारी शुक्लागंज के डा. रवि सचान ने बताया कि इस समिति में वार्षिक धन ब्लॉक स्तर से आता है। पीएचसी में अभी तक धन क्यों नहीं आया है, इसकी जानकारी कर रहे हैं। धन आते ही अस्पताल के काम शुरू कराए जाएंगे।



महिलाओं को संबोधित करतीं मातृ भारती की पदाधिकारी। अमृत विचार

### गंगानगर शिशु मंदिर में मातृ भारती सम्मेलन आयोजित

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगानगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर गंगानगर में मातृ भारती सम्मेलन का आयोजन कराया गया। जिसमें मातृ भारती की पदाधिकारियों ने महिलाओं को संबोधित कर उन्हें जानकारियां दी। गंगानगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में सम्मेलन का का शुभारंभ मातृ भारती की अध्यक्ष पायल वर्मा, उपाध्यक्ष संध्या मिश्रा, मंत्री नेहा पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद पदाधिकारियों ने कहा कि समाज और राष्ट्र के उत्थान में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों से कंधा से कंधा मिलाकर बराबरी कर रही हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिह, सुरेश सिंह, गुजन, प्रह्लाद, सरिता, अल्का, राधा, दीपाली, इन्दु, रत्ना, श्वेता मौजूद रहीं।



मरीजों का परीक्षण करते पीएचसी प्रभारी। अमृत विचार

### मौसम में बदलाव से पीएचसी में बढ़ रहे मरीज

**शुक्लागंज उन्नाव।** बाजारों से मिलावटी सामग्री के अलावा तली-भुनी चीजों का सेवन करने से लोगों को पेट की बीमारी के साथ अन्य समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। शनिवार को ओपीडी के दौरान मरीजों की संख्या काफी बढ़ी रही। जहां सीएचसी और प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों के यहां भी मरीजों की भीड़ रही। इस समय सुबह हल्की सर्दी के साथ ही शाम को भी सर्दी महसूस होती है। दिन में तेज धूप होने से लोग हल्के कपड़े पहन रहे हैं। जिससे सर्दी-गर्मी के कारण जुकाम, बुखार, खांसी और चर्म रोग की चपेट में लोग आ रहे हैं। शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 150 से अधिक नये-पुराने मरीजों की ओपीडी की गई। वहीं देखा जाए तो निजी डॉक्टरों के यहां भी मरीजों की संख्या दिनोदिन बढ़ रही है। इसके अलावा ढाकुर खेड़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जहां 30 से 40 मरीज पहुंचते थे, वहां भी एक सैकड़ा से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। पीएचसी प्रभारी डॉ. रवि सचान ने बताया कि सुबह-शाम हल्की सर्दी होने के कारण लोग इसका बचाव नहीं कर रहे हैं। जिससे सर्दी जुकाम बुखार मरीज बढ़ रहे हैं। ऐसे में पानी उबाल का पियें, ताजा भोजन करें। कटे फल का सेवन न करें। वहीं उन्होंने बताया कि दूषित खान पान से बच्चों में पीलिया की भी शिकायत बढ़ी है।




कार्यक्रम की जानकारी देते अध्यक्ष अंकुर शुक्ला। अमृत विचार

### सामूहिक विवाह व उपनयन संस्कार 26 अप्रैल को

**शुक्लागंज उन्नाव।** ब्रह्मसभा शुक्लागंज की ओर से 26 अप्रैल को 101 बटुकों का उपनयन संस्कार और 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। जिसे लेकर सभा के पदाधिकारी अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। वहीं समाज के जिन लोगों को संस्कार कराने होंगे वह लोग सभा द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। यह बात शनिवार को आनंद नगर स्थित शिवम कान्वेंट स्कूल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान ब्रह्मसभा के अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कही। उन्होंने बताया कि शुक्लागंज ब्रह्मसभा बीते कई वर्षों से सामूहिक विवाह व बटुकों के उपनयन संस्कार कराता चला आ रहा है। इस वर्ष भी 26 अप्रैल को संस्कार व विवाह गोपीनाथ चन्द्रावती स्कूल के प्रांगण में सम्पन्न होगा। सभा ने करीब 101 बटुकों का यज्ञोपवीत व 21 जोड़ों का विवाह कराने की तैयारी की है। इसके लिए समाज के इच्छुक लोग राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल या सभा के हेल्पलाइन नंबर पर अपना पंजीयन करा सकते है। इस मौके पर अजनी कांत मिश्रा, जयशंकर मिश्रा, अनुज तिवारी व ऐश्वर्य शुक्ला मौजूद रहे।

# अस्पताल के वार्षिकोत्सव पर लगा शिविर

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली गेट के सामने हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित आदर्श हॉस्पिटल के आठवें वार्षिकोत्सव पर शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया।



शिविर में जांच कराते विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

शिविर में डॉ. बीपी सिंह व डॉ. मनोज के नेतृत्व में चिकित्सा कर्मियों की टीम ने विधायक सहित करीब दो दर्जन लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस मौके पर हॉस्पिटल संचालक पंकज श्रीवास्तव ने अतिथियों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर में महेश कुशवाहा, श्रीकांत तिवारी, विनमोल श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान लालेश श्रीवास्तव, जयपाल, धर्मेंद्र राजपूत व खेमराज यादव आदि ने भी परीक्षण कराया।

# शांति और सद्भावना के साथ मनाएं माहे रमजान : मौलाना

**सफीपुर उन्नाव।** शाबान महीने के अंतिम जुमे व माहे रमजान का स्वागत करते हुए नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा के पेश इमाम मौलाना इफ़्तेख़ार हुसैन रिजवी व हजरत मखदूम शाह मस्जिद के पेश इमाम मौलाना हशमत उल्ला ने कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना आ रहा है। इसमें मुसलमान रोजा रखने के साथ अनेक अच्छे कार्य को अंजाम देता है। क्योंकि इस माह में एक नेकी के बदले हजार नेकियां लिखी जाती हैं। इसलिए हर मुसलमान भूखों को खाना खिलाता है और राहे खुदा में खर्च करता है। रोज़ा रखना इस बात का एहसास दिलाता है कि जिनके पास खाने को कुछ नहीं है उनका एहसास कैसा होता है। कहा कि रमजान पर अपनी जुबान, आंख व कान पर अनुशासन बनाए रखें।

रमजान माह का स्वागत करते हुए पेश इमामों ने कहा कि रोज़ा सिर्फ भूख और प्यास को नहीं कहते हैं बल्कि पूरे शरीर का रोज़ा होता है। यानी आंख से, ज़ुबान से, हाथ से व कान से भी कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे अल्लाह नाराज़ हो।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत एक युवक का शव गांव के बाहर पेड़ से लटका देख लोगों के होश उड़ गए। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव हीराखेड़ा निवासी नन्हेलाल के 25 वर्षीय पुत्र राकेश का शव संदिग्ध परिस्थिति में गांव के बाहर कल्याणी नदी पर बनी एक नंबर पुलिया के पास शीशम के पेड़ में रस्सी के फंदे के सहारे लटका मिला। वहां से निकले ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ व संस्कार महोत्सव आज से

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** प्राचीन आनंदेश्वरी मंदिर परिसर में रविवार से चार दिवसीय पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ, प्रज्ञा पुराण व संस्कार महोत्सव की शुरुआत होगी। कलश यात्रा के बाद शुरू हुए अनुष्ठान में दीक्षा यज्ञोपवीत, विद्यारंभ, मुंडन व नामकरण आदि संस्कार भी होंगे। आयोजकों ने बताया कि सभी संस्कार निःशुल्क कराए जाएंगे।

मुख्य आयोजक व अधिवक्ता महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के संरक्षण में विश्व कल्यार्थ राष्ट्र जागरण व विश्व शांति के लिए गायत्री महायज्ञ व भव्य दीपयज्ञ व श्रीमद पावन प्रज्ञा पुराण व संस्कार महोत्सव का आयोजन हो रहा है। सुबह 10 बजे कलश यात्रा बाद सांय 5 बजे 8 बजे तक प्रज्ञा पुराण, सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे से यज्ञ व सांय काल साढ़े चार बजे से साढ़े सात बजे तक प्रज्ञा पुराण,मंगल वार को यज्ञ बाद प्रज्ञा पुराण व सांय काल भव्य दीप यज्ञ होगा। बुधवार को यज्ञ के बाद प्रसाद वितरण होगा

# मारपीट के मामले में पांच पर कार्रवाई

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शक्ति नगर मोहल्ले में शुक्रवार को जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने के साथ ही ईंट-पत्थर चले थे। जिस पर पुलिस ने एक पक्ष से रिपोर्ट दर्ज की है। शक्ति नगर में जमीन के विवाद को लेकर शुक्रवार दोपहर मारपीट हुई थी। जिस पर पुलिस ने एक पक्ष से माया की तहरीर पर शक्ति नगर निवासी जमील टेलर, नौशाद व दो अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों से कुछ लोगों को हिरासत में लिया।

# भागवत कथा सुनने से दूर होते हैं कष्ट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- गांव चकहनुमान स्थित श्रीचंद्र मधुरेश्वर धाम में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ शुरू

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव चकहनुमान स्थित श्रीचंद्र मधुरेश्वर धाम में शनिवार से श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ की शुरुआत हुई। इसमें कथा व्यास आचार्य अवधेश द्विवेदी ने भागवत कथा का श्रवण कराया। इससे पहले भक्तों ने कलश यात्रा निकाली। जिसने गांव भर में भ्रमण किया।

भागवत कथा के पहले दिन नैमिषारण्य से आए कथा व्यास आचार्य अवधेश द्विवेदी ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसा विषय है जिसे मात्र सुनने से मनुष्य के सारे



कथा सुनाते आचार्य अवधेश द्विवेदी।

कष्ट दूर हो जाते हैं। यही नहीं इसके श्रवण मात्र से मानव जीवन का उद्धार होता है। इसलिये हर व्यक्ति को श्रीमद्भागवत कथा सच्चे मन से सुननी चाहिए। आज की नई पीढ़ी नेटवर्किंग के कारण समाज व रिश्तों से दूर होती जा रही है। अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। भागवत कथा शुरू होने से पहले विशाल कलशयात्रा निकाली गई। जिसने गांव के सभी मंदिरों व पूरे गांव का भ्रमण किया।

इस दौरान आयोजक व व्यवस्थापक संतोष त्रिपाठी, नीरज त्रिपाठी, प्रेम शंकर, उमेश चंद्र त्रिपाठी, अन्नपूर्णा, रेनू, रानी, आंचल व साक्षी आदि ने भाग लिया।

महंगाई की मार

बाजार में नई सब्जी के भाव छू रहे आसमान, अधिक बारिश होने से नहीं आ रहीं बाहर से सब्जियां

# हरी सब्जियों की कीमत में उछाल, बिगड़ा किचन का बजट

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मौसम बदलते ही हरी सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। वहीं नई और मौसमी सब्जी अभी बजट के बाहर जा रही है। ऐसे में हर घर में थाली में हरी सब्जी नहीं पहुंच पा रही है। थोक मंडी से भी महंगी सब्जी होने के कारण फुटकर दुकानदार भी महंगी बेचने को मजबूर हैं। वहीं बारिश होने के कारण बाहर से आने वाली सब्जी न के बराबर आ रही है। जिससे भाव बढ़े हुए हैं।

इस बार जनवरी और फरवरी माह में कई बार बारिश होने के कारण आलू की फसल को नुकसान पहुंचा है। जिससे आलू के भाव अभी से 20 रुपये तक पहुंच गये हैं। जिससे लोग चिप्स, पापड़ बनाने के लिए अभी से संकोच कर रहे हैं। वहीं हरी सब्जियों में आग सी लगी हुई



बाजार में लगी सब्जी की दुकान। अमृत विचार

है। यदि आप 100 रुपये की बाजार में सब्जी लेने जायेंगे तो बमुश्किल मध्यम परिवार के लिये एक ही दिन की सब्जी घर पहुंच सकेगी। इसका असर महंगाई से ही सीधे लगाया जा रहा है। बाजार में हरी सब्जियों में लौकी, तरोई, कद्दू, मटरी, भिंडी, घुइंया, कटहल, धनिया, हरी मिर्च आदि बाजार में उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि अदरक के भाव सातवें आसमान पर हैं। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि इस समय बाहर की मंडी से सब्जी आ रही है। जिस कारण भाव बढ़े हुए हैं। वहीं अभी फूलगोभी और बंदगोभी भी तीस से चालीस रुपये पीस बिक रही है।

### यह हैं सब्जियों के दाम

| सब्जी | कीमत प्रति किलो रुपये में |
|---|---|
| टमाटर | 40 से 50 |
| मटर | 50 |
| भिंडी | 100 |
| हरी मिर्च | 100 |
| अदरक | 160 |
| कद्दू | 40 |
| तरोई | 80 |
| लौकी | 40 |
| करेला | 100 |
| परवल | 200 |
| घुइयां | 120 |
| आलू | 20 |

### बोलीं गृहणियां



खाने-पीने की चीजों के दाम आसमान पर हैं। लहसुन, प्याज व अदरक तो रसोई से गायब हैं। यह सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

-अनीता शुक्ला



सब्जियों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। त्योहार भी सिर पर है। महंगाई के कारण मेहमान नवाजी में दिक्कत होगी। वहीं आलू 20 रुपये किलो होने से चिप्स-पापड़ बनाने में भी जेब अधिक ढीली करनी पड़ रही है।

-पूनम शर्मा

# विद्युतीकरण कार्य नहीं हो सका पूरा

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर की बिजली व्यवस्था ठीक करने के लिए रीवैंप योजना के तहत एक साल पहले विद्युतीकरण का काम शुरू हुआ था। इसके तहत लटकते तार, जर्जर एलटी लाइन, बांस-बल्ली के सहारे घरों को गई केबिलें, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने के साथ बिजली से संबंधित सभी कार्य होने थे। जिसे लेकर पूर्व में ब्रह्मनगर, मनोहर नगर, गांधीनगर, प्रेमनगर, बिंदा नगर, डाकतार कॉलोनी में सर्वे कर जर्जर तार, कम क्षमता के ट्रांसफार्मर, बांस-बल्ली के सहारे गई घरेलू केबिलों की फोटोग्राफी कराकर सूची तैयार हुई थी। एक साल से अधिक समय बीतने पर भी कार्य पूरा नहीं हो सका है।

यूनिवर्सल कंपनी के इंजीनियर जवाहर लाल ने बताया कि विद्युत पोल, एबीसी केबिल, ट्रांसफार्मर आदि को स्टोर में रखवाया गया है। काम करने वाले मजदूर नहीं मिले। जिससे कार्य में देरी हुई है।

# वायु प्राणशक्ति की संचालक

वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। 'द लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चैंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्यु दर का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परंपरा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है।

वायु प्राण है। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं,"तीव्र गति अनुभव में आती है,लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं "वायवा याहि दर्शते मे सोमा अरंकृता-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।" (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरएक प्राणी का प्राण है,लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है "आत्मा देवानां।" (10.10.168.4) बड़ी बात है,देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं,इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राण लेवा बनाते हैं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें 'वायु' प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वायु प्राण है। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं।

(1.90.9) में स्तुति है "नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रह्मासि, त्वामेव प्रत्यक्ष ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है,आप प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं,मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।" यही मंत्र यजुर्वेद (36.9),अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तरीय उपनिषद (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म संपूर्णता है। आधुनिक ब्रम्हांड विज्ञानी भी ब्रम्ह में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, "वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हर एक रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है,प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं 'आदित्य हे वै प्राणो-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है।

वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन 'मरूद्गण' कहते हैं। वे संपूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुंदर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं "अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु हैं-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अंतर्संबंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं।

मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है "हे मरुतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी" ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरुणि अतिरिक्त जिज्ञासु हैं। पूछते हैं 'मरुद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं? (1.165.1-2) फिर मरुतों का स्वभाव बताते हैं "वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है। कहते हैं, "वे गतिशील मरुद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं। (1.167.4) यहां मरुद्गण वर्षा के भी देवता हैं।

ऋग्वेद में मरुतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं "आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं।" (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है "हे मरुतो आप दूरस्थ क्षेत्रों में न रूकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आएं। (5.53.8) ऋषि कहते हैं "रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें।" (वही 10) वे "नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं।" (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रूकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं "हे मरुतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।" (5.54.4) वायु जगत् का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं,जीवन दाता भी हैं। वायु से वर्षा है,वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है,लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए।

चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रंथ है। इसके 28 वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है "वायुरायुर्बलं वायुर्वायु धीता शरीरिणाम-वायु ही आयु है। वायु ही बल है, शरीर को धारण करने वाले भी वायु ही हैं। कहते हैं "यह संसार वायु है,उसे सबका नियंता गाते हैं-वायुर्विश्वमिदं सर्व प्रभुवायुश्च कीर्तितः।" वायु को सर्वशक्तिमान गाने की परंपरा पुरानी है। शरीर और प्राण का संयोग जीवन है, दोनों का वियोग मृत्यु है। वाग्भट्ट ने ठीक कहा है "वह विश्वकर्मा, विश्वात्मा, विश्वरूप प्रजापति है। वह सृष्टा, धाता, विभु, विष्णु और संहारक मृत्यु है।" चरक संहिता में कहते हैं "वह भगवान (परम ऐश्वर्यशाली) स्वयं अव्यय हैं, प्राणियों की उत्पत्ति व विनाश के कारण हैं, सुख और दुख के भी कारण हैं, सभी छोटे बड़े पदार्थों को लांघने वाले हैं, सर्वत्र उपस्थित हैं।" यहां शरीर के भिन्न अंगों में प्रवाहित पांच वायु का वर्णन है। फिर इनसे जुड़े रोगों का विस्तार से विवेचन है।

वायु का प्रदूषण हजारों रोगों की जड़ है। प्राणवायु के लिए ही लोग सुबह-सुबह टहलने निकलते हैं,जहां वायु सघन है,वहां के जीवन में नृत्य है। जंगलों में वायु सघन है। इसीलिए वन उपवन मधुवन हैं। भारत का अधिकांश प्राचीन ज्ञान वनों में ही पैदा हुआ था। वैदिक मंत्रों में प्राणवायु की सघनता है। हम सब वैदिक संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं,बावजूद इसके हम वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रकृति को आहत करते हैं,स्वयं अपने ही जीवन जगत को क्षति पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है।

# जिंदगी में सजगता जरूरी

किसी एक ही दिशा में जाने के लिए दो रास्ते हैं। एक रास्ता तो ऐसा है,जो कंटकाकीर्ण है, पथरीला है, सड़क के किनारों पर लगे पेड़-पौधों की डालें सड़क की ओर आ गई हैं जिसके चलते पेड़ों में निकले कांटे निकल आए हैं। सावधानी हटी तो कांटों के चुभने का अंदेशा भी है। जबकि उसी दिशा में जाने वाला दूसरा रास्ता बहुत साफ-सुथरा है,दुरूस्त है। आंख बंद कर चलने पर भी कहीं कांटों के चुभने या पत्थर के टुकड़ों से ठोकर खाकर गिरने का खतरा नहीं है। हर तरह की सुविधा भी इस रास्ते पर उपलब्ध होने की व्यवस्था है। दोनों रास्ते एक ही मंजिल की तरफ ले जाने वाला है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

स्वाभाविक है कि अधिकांश लोग सुगम रास्ते को चुनेंगे,क्योंकि दुर्गम रास्ते पर मिलने वाले कष्ट को ज्यादातर लोग उठाना नहीं चाहेंगे। इसके विपरीत दुर्गम रास्ते पर चलने वाले को लोग बेवकूफ समझेंगे तथा उपहास भी उड़ाएंगे। जबकि दुर्गम रास्ते पर चलने वाले ने यह सोचकर इस रास्ते को इसलिए वरीयता दी कि इस पर जो अवरोध आदि है,उसे वह हटाते और रास्ते को सुगम बनाते हुए चलेगा ताकि भविष्य में किन्हीं कारणों से सुगम वाले रास्ते में कोई अनहोनी हो गई तो मजबूरी में लोगों को इसी रास्ते पर चलना होगा। जब रास्ता सुगम होगा तो भले उसे कठिनाई हो रही है,लेकिन आने वाले समय में लोगों को किसी तरह कठिनाई न हो सके। यह तो भौतिक सड़क की बात है। अब जिंदगी की राह को भी देखा जाए तो जिंदगी जीने की भी दो-राहें होती हैं जिसमें एक राह सकारात्मकता की राह है तो दूसरी नकारात्मकता की राह। अब यह खुद को निर्णय करना पड़ता है कि किस रास्ते पर कदम रखा जाए। सकारात्मकता के रास्ते में नैतिक मूल्यों, कड़ी मेहनत, सत्यनिष्ठ आचरण, धैर्य और संतोषप्रद भावना को कीमती पूंजी समझकर रखना होगा। संभव है कि समाज में नकारात्मक ढंग से जीने वाले भौतिक उपलब्धियों के बल पर बहुत आगे निकल रही हो,लेकिन सत्चरित्र, कर्तव्यनिष्ठा और अनुभव की पूंजी सकारात्मक रास्ते पर चलने से ही मिलेगी। इतिहास के पन्नों को पलट कर देखा जाए तो सबूत के तौर पर ऐसे तमाम लोगों के उदाहरण मिल जाएंगे जिनका किसी कालखंड में बहुत प्रभाव था,लेकिन उसी प्रभावशाली शख्स के जीवन में ऐसा भी समय आया कि वह दीनहीन बनने के लिए मजबूर हो गया। नकारात्मक तरीका आत्मबल भी छीनता है।

गलत ढंग से उपलब्धियां अर्जित करते समय भले ही ऐसा लगता हो कि इसकी भनक किसी को नहीं लग रही है, लेकिन खुद अपना मन तो जानता है कि अकूत भौतिक उपलब्धियों के लिए जो तरीका अपनाया गया है, वह सही नहीं है। गलत कार्य करते समय एकांत की तलाश होती है। यदि प्लानिंग बनाकर समूह में गलत कार्य किया जाता है तो समूह में शामिल लोग ही एक दूसरे पर विश्वास नहीं करते हैं। एक अज्ञात भय समूह के पूरे लोगों में समाया रहता है। जिंदगी की सर्वाधिक कष्टदायी स्थिति मन का भयाक्रांत होना ही है। अंदर से डरा हुआ व्यक्ति आंख मिलाकर बात करने का साहस खो बैठता है। इसके विपरीत सकारात्मक तरीका का पहला उपहार आत्मविश्वास के रूप में देता है और दूसरा अनुभव प्रदान करता है।

किसी काम को संपादित करने में पहली बार कुछ दिक्कतें आ सकती हैं,लेकिन आगे चलकर उसी काम को करने में सरलता महसूस होने लगती है। किसी वाहन के संचालन का ही उदाहरण लिया जाए तो पहली बार उसे संचालित करने में जितनी सजगता बरती गई,धीरे-धीरे उसमें कमी आती जाएगी। फिर तो एक ऐसा भी समय आ जाता है कि कब क्या करना है,वह स्वतः होने लगता है। जिंदगी की डगर में भी यही स्थिति होती है। मन रूपी ड्राइवर सकारात्मक रहा है तो दुर्घटना की संभावना कम होती जाती है।

# भौतिक विकास की कीमत चुका रही प्रकृति

वास्तव में इंसान के भौतिक विकास की कीमत प्रकृति चुका रहा है। यूं तो पर्वत, पहाड़, नदी, सागर सभी पर इस विकास का असर हुआ है, परंतु सबसे बड़ी कीमत पेड़-पौधे और वन चुका रहे हैं। जब भी किसी सड़क का चौड़ीकरण होता है तो सबसे पहले उसके किनारे लगे पेड़ों को काट दिया जाता है। भले ही हम प्रतिवर्ष सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर पेड़ों को लगाते हैं, परंतु उस पुराने पेड़ की स्थिति तक पहुंचने में कई दशक लग जाते हैं। शहरों का विकास व बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए वनों की भूमि का बदलता उपयोग वनों के विनाश का प्रमुख कारण है। फारेस्ट डिक्लेरेशन असेसमेंटः ऑफ ट्रैक एंड फॉलिंग बिहाइंड की रिपोर्ट 2023 के अनुसार यदि ग्लोबल वार्मिंग में हो रही वृद्धिदर को 1.5 डिग्री सेल्सियस के नीचे रखना है तो जंगलों को बरकरार रखना बेहद जरूरी है। ये जंगल हमारी दुनिया के फेफड़े हैं,जो न केवल प्रदूषित हवा को साफ करते हैं, बल्कि जैवविविधता को भी बचाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाईऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों के एक बहुत बड़े हिस्से को सोख लेते हैं जिसकी वजह से तापमान में होती वृद्धि को रोकने में मदद मिलती है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार देश में एक हेक्टेयर से बड़े क्षेत्रफल जिसमें पेड़ों की यानी हरित छतरी यानी हरियाली का घनत्व 10 प्रतिशत से ज्यादा हो, जंगल कहा जाता है। पारिस्थितिक संतुलन के लिए कुल भूमि क्षेत्र का 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना ही चाहिए, लेकिन वर्तमान में भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 24 प्रतिशत क्षेत्र ही वनाच्छादित है। वस्तुतः वन प्रकृति के सबसे प्रचुर और बहुमुखी नवीकरणीय संसाधन हैं, जो एक साथ आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक लाभ और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। यह न केवल जलवायु और जैव विविधता, बल्कि खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, स्वच्छ पानी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देता है।



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है।

बढ़ती जनसंख्या के कारण स्थान, आवास, भोजन की आवश्यकता, शहरीकरण, औद्योगीकरण के कारण के वनों की कटाई और भूमि उपयोग के अन्य रूपों में स्थायी रूपांतरण के परिणाम स्वरूप वन क्षेत्र निरंतर कम हो रहा हैं। लगभग 80 प्रतिशत वन हानि वनों को कृषि भूमि में बदलने के कारण हो रही है। मानवीय गतिविधियों में वृद्धि के कारण, विशेष रूप से दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में, वनों की कटाई और गिरावट के कारण जंगलों में भारी गिरावट आई है। एक अनुमान के अनुसार दुनिया में हर मिनट लगभग 21.1 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में फैले जंगल नष्ट हो रहे हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में करीब 111 लाख हेक्टेयर में फैला जंगल खत्म हो जाता है। इतनी बड़ी संख्या में वनों के विनाश होने से लगभग 250 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ होगा, जो भारत के वार्षिक जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के बराबर हैं। अब तक जंगलों को हो रहे नुकसान में 40 प्रतिशत से ज्यादा अकेले ब्राजील में हुआ है। वर्ष 2021 में कनाडा, रूस और अलास्का जैसे सुदूर उत्तरी क्षेत्रों में पाए जाने वाले ठंडे बोरियल वनों के करीब 80 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले जंगलों नष्ट हो गए हैं, जो वर्ष 2001 के बाद सर्वाधिक है। पिछले 18 वर्षों में लगभग यूरोप के क्षेत्रफल के बराबर वन क्षेत्र नष्ट हो चुका है, जो करीब 15.7 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में फैले थे।

युनाइटेड किंगडम स्थित फर्म यूटिलिटी बिडर के सर्वेक्षण के अनुसार वनों के विनाश के मामले में भारत, ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के अनुसार भारत के लगभग उत्तर प्रदेश के आकार के बराबर 2.59 करोड़ हेक्टेयर में फैला जंगल गायब हो चुका हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां भारत ने वर्ष 1990 से 2000 के बीच अपने 384 हजार हेक्टेयर में फैले जंगलों को खो दिया था। वहीं वर्ष 2015 से 2020 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 668 हजार हेक्टेयर हो गया है। देश में वन विनाश में 284 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई,जो विश्व में सर्वाधिक है। इसमें से पूर्वोत्तर राज्यों में वन क्षेत्र लगभग एक हजार 20 वर्ग किलोमीटर कम हो गया है। देश के पर्वत, पहाड़ी और आदिवासी जिलों में वन क्षेत्र घटा है। पिछले दो वर्षों में देश के पर्वतीय क्षेत्रों में वनाच्छादन में 902 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। देश का वन और वृक्ष आच्छादन क्षेत्र 8.09 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। हालांकि वर्ष 2019 की तुलना में इसमें 2261 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है जिसमें मध्य प्रदेश में सर्वाधिक वृक्षारोपण कार्य के चलते वृद्धि हुई है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्य हैं। देश के अन्य राज्यों द्वारा भी वन क्षेत्रों को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है।

वर्ष 2014 में विश्व स्तर पर सहमति बनी थी कि वर्ष 2020 तक पेड़ों के नष्ट होने की गति को कम से कम आधा और वर्ष 2030 तक इसे पूरी तरह ख़त्म किया जाएगा,परंतु यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका। हालांकि सतत प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते रूस,अमेरिका और चीन जैसे देशों में कुल वन क्षेत्रों में वृद्धि हुई है। वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है। यदि पृथ्वी और मानव जाति को बचाएं रखना है तो वनों का संरक्षण तथा उसका सतत विकास आवश्यक है।

# कविता तूने मुझको क्या दिया

यह कई बार लोगों ने मुझसे पूछा,आपको प्यार पहली बार कब हुआ? मेरा जवाब भी अजीब था, जिस पर लोगों को यकीन कम होता था। मैंने सबसे पहले प्यार को शब्दों के बीच देखा और उन शब्दों के बीच के प्यार ने मेरे भीतर प्रेम को जन्म दे दिया। एक आधे अक्षर के बगैर एक पूर्ण अक्षर अपने को अभिव्यक्त नहीं कर सकता,अपूर्णता पूर्णता को व्याख्यायित करती है,यह मेरी पहली प्यार की समझ थी। मुझे अक्षरों से प्यार होने लगा। मैंने लिखने की कोशिश की और मुझे अपने लेखन से प्यार हो गया। मेरी उम्र रूपदर्शी तो थी पर रूप आग्रही न थी,ऐसी समाज की मान्यता थी,पर मैंने उस उम्र में स्त्री के सौंदर्य, अनगढ़ सौंदर्य को लफ्जों में उतारने की कोशिश की,जो शब्द गूंगे लगते थे लोगों को वह मुझसे बात करते थे और मैं शब्दों में खोने लगा। शब्दों में खोना शायद मेरा पहला प्यार था,वैसा प्यार फिर न हुआ। मुझे और उस प्यार ने बहुत से प्रेम को जन्म दिया और मैं सौंदर्याग्राही हो गया। मैंने पहली बार जिसके रूप को सराहा उससे लिखने की इजाजत मांगे बगैर उस पर लिख गया,पर अफसोस उसने पढ़ने से इंकार कर दिया,पर मेरी कविताओं ने, मेरी रचनाओं ने, मेरी रचनाधर्मिता ने लोक को समालोचक करने का मुझे अवसर दिया। मैं कोई बहुत मौलिक कृतिकार नहीं हूं,मैं लोगों के लेखन से शब्द चुरा लेता हूं, कभी-कभी भाव भी पर आसान नहीं होगा उसको भी जानना जिसमें से मैं चोरी कर लेता हूं। कारण यह है कि मैं उसमें मौलिकता सृजन करता हूं। मैं चुराए हुए शब्दों को गढ़ता हूं। मैं जमीन से उठाए गए भावों को अपने भावों में संजोता हूं और खुद से कहता हूं, सिर्फ मैं जानता हूं यह चुराया हुआ है,पर यह अर्ध सत्य है। पूर्ण सत्य यह है कि वह तराशा हुआ है। मैं मौलिकता का आग्रही हूं,मौलिकता विहीन होकर भी, मौलिकता विहीन तो शायद न हूं मैं, अधिक सत्य यह कहना होगा,मैं मौलिकता की तलाश में रहता हूं। यह तलाश मौलिकता की ओर ले जाती है।



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

# मनुष्य का मन बीते युगों का सार तत्व

एक नए मनुष्य का रूप उभर रहा है, जो केवल "डिमांड एंड सप्लाई" अर्थात् "मांग और आपूर्ति" की भाषा जानता है। जीवन भी "मांग और आपूर्ति" पर आधारित हो गया है। हर स्थिति लेन-देन का हिसाब होकर रह गई है। ममत्वहीनता, बौद्धिकता, सामंजस्य का अभाव, परिवारिक संबंधों का विघटन, उद्विग्नता, अभाव, अशांति, आतंक, अजनबीपन, अकेलापन, अवसाद, आशंका, संशय, अनिश्चय, आक्रोश, विडंबना, अनास्था, सामूहिक हत्या और सामूहिक आत्महत्या, जीवन का परम सत्य विकास अर्थात् भौतिक विकास को माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है। एक ओर वैभव तथा ऐश्वर्य का प्रदर्शन, दूसरी ओर अभाव और दरिद्रता। यह इतिहास ही की गति है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यहां ध्यान देने की बात यह है कि जो बीत गया, वह बीतकर भी कहीं गया नहीं, वह मनुष्य की चेतना में समाया हुआ है और चेतना के रूप में वह इतिहास की गति को निर्धारित भी करता है। मनुष्य का मन बीते युगों का सार-तत्व है, समस्त युग उसके साथ जी रहे हैं और जीते रहेंगे। सभी लोग एक जैसे न कभी हुए और न कभी होंगे, विविधता रहेगी, क्योंकि विविधता अनिवार्य है। अनिवार्य इसलिए कि विविधता नैसर्गिक है और समानता को देखा जाए तो वह भी नैसर्गिक है। सभी के पास आंख, नाक-कान और मन-बुद्धि हैं, यह समानता है परंतु सभी के आंख, नाक, कान और मन तथा बुद्धि एक जैसे नहीं है, यह विविधता है। जिजीविषा है, सभी जीना चाहते हैं, रिरंसा है, सभी लोग सुख को खोज रहे हैं।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी भी सुख को खोज रहे हैं। सुख का आविष्कार कर रहे हैं। सुख को बाजार में ले जा रहे है। बाजार सुख की डिमांड बढ़ाता है और फिर उसकी सप्लाई करता है। यह बाजार-सत्ता कुछ हाथों में केन्द्रित है और संपदा के केन्द्रीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया की अपनी विसंगतियां भी हैं जिनसे एक विक्षोभ संगठित हो रहा है और घात प्रतिघात कर रहा है। इस घात प्रतिघात में नया विचार जन्म लेगा, उसके जन्मोत्सव में संपूर्ण मनुष्यता सम्मिलित होगी, उस विचार को अभिषिक्त करेगी, रस-सिक्त करेगी।

# बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना

अब्दुल्ला का सबसे बड़ा काम क्या? वही। बेगानी शादी में दीवाना हो जाना। शादी की सुगबुगाहट भर हो किसी की। किसी के फेरे पड़ने की खबर आ जाए,उसका मन मोर हो जाता है। देर नहीं करता फिर वो। अपने पैरों में घुंघरू बांध लेता है। ऐन केन प्रकारेण मंडप में घुस ही जाता है। अपने जैसे और भी मिल जाते है उसे। उनमें से किसी को भी थाम कर अनर्गल बातें करता है। अपच होने तक खाता है। मंडप से धीरे से खिसकता है और फिर ऐसी ही किसी अगली बेगानी शादी का इंतजार करता है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं।

बेगानी शादी में दीवाने होने वाले अब्दुल्ला प्रायः मोहल्ले की हर लड़की के इकतरफा प्रेमी होते हैं। ऐसी हर लड़की के आशिक जो कभी इनके दिल के हाल नहीं जानती। जानकर दुत्कार चुकी होती है, बाप के तय किए किसी होनहार लड़के की दुल्हन बनकर रूखसत होती ही होती है। हमारे अब्दुल्ला ऐसे सांस्कृतिक अवसर पर निरंतर सजग भाव से उपस्थित बने रहते हैं। मेहमानों को लाना छोड़ना, कुर्सियां गिनना। टेंट हाउस के मालिक और केटरर से जूझना ऐसे सारी बेगारों के लिए ये कार सेवक की भूमिका में होते हैं। इन्हें कोई नहीं गिनता,पर ये होते हैं और इसलिए होते हैं,क्योंकि ये दीवाने हैं।

मोहल्ले के बुड्ढे भी इसी प्रजाति के सदस्य हैं। कोई काम नहीं। इन्हें बस चबूतरे पर पैर लटकाए बैठना है,सुबह-शाम। बहू के दुत्कारें बेघर लोग। ये दिनभर यही ताड़ते रहते हैं। किसके यहां कौन आया। कब आया। कब गया। किस लड़की का किसके साथ चक्कर चल रहा है। किसका बेरोजगार लड़का किसकी गलत संगत में पड़ा है। किसके यहां की बटलोई में आज कौन सी वाली दाल पकी है। जब भी कोई सनसनीखेज जानकारी मिलती है इन्हें ये नाचने-कूदने के लिए उतारू हो जाते हैं। उनकी तेज नाक हमेशा चौकन्नी बनी रहती है। किसी का कुछ निजी कार्यक्रम हो। शादी ब्याह, मुंडन, मैयत। ऐसे किसी भी मौके पर पकने वाले लजीज पकवानों को सूंघ ही लेते हैं ये और मौका देखकर मौके पर पहुंच भी जाते हैं। बेगाने अब्दुल्ला हर विषय के जानकार होते हैं। जानने भर के हर धतरकरम पर अपनी राय देने के लिए तत्पर। ये इस बात की परवाह नहीं करते कि कोई इनकी बातों पर गौर कर भी रहा है या नहीं। ये बकवास किए बिना मानते नहीं और कह सुनकर ही ठंडे होते हैं। जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते-जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं। किसने क्या पहना? किस मॉडल की कार मे आया। आने वालों में कितने हरामखोर है,कितनों के पास कितना माल है जैसी बातें करते हैं। लड़के के बाप ने कितनी दौलत लुटा दी और लड़की के बाप ने लड़के में क्या देखा? जैसी गंभीर चर्चाएं होती हैं। फिर खड़े-खड़े थक जाते हैं ये और हारे मन और भारी कदमों से अपने डेढ़ रूम के फ्लैट में लौट जाते हैं।

आप खुद के बारे में भी गौर कर लें अब। बताईए। अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग में कितने सेलिब्रिटी नाचे? मुफ्त में नाचे या करोड़ों लूट ले गए? हाथी की खिचड़ी कौन खा गया? आपको क्या मतलब है? आप काहे एक्सपर्ट कमेंट वाले लाला अमरनाथ हुए जा रहे हैं। उनका निजी मामला है ये। आपके पेट में गुड़गुड़ क्यों होना चाहिए? आप हैं कौन? अनंत के ताऊ हैं? फूफा हैं दूर के, जिसे बताकर, आपकी कीमती राय लेकर उसे अपनी होने वाली दुल्हन को वरमाला पहनाना चाहिए?

बाज आइए महाराज। ऐसे करने का कोई मतलब है नहीं। बेगानी शादी के दीवाने अब्दुल्ला आमतौर पर कॉलर से पकड़े जाकर धकेले जाते हैं बाहर। अब आप देख लें कि क्या करना है?

# पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले

भारत की पहली महिला शिक्षिका और प्रसिद्ध समाज सुधारक सावित्रीबाई फूले का आज ही के दिन 1897 में निधन हुआ था। जीवनपर्यंत महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फूले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। उनके पिता खंडोजी नेवसे किसान थे। माता का नाम लक्ष्मीबाई था। 1840 में जब वह नौ साल की थी,तब उनका विवाह 12 वर्ष के ज्योतिराव फूले के साथ कर दिया गया। विवाह के समय सावित्रीबाई अनपढ़ थी। जबकि पति तीसरी कक्षा तक पढ़े थे। उस दौर में दलित व महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था। शादी के बाद वह पति के साथ पुणे में रहने लगी। वह पढ़ना चाहती थी तो इसमें उनके पति ने उन्हें पूरा सहयोग दिया। ज्योतिराव फूले ने उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।



समाज के तमाम विरोधों के बीच वह पढ़ने जाती थी। कई बार लोगों ने उन पर पत्थर व गोबर फेंका। खरी-खोटी सुनाई और अपशब्द भी कहे,पर वह कभी भी अपने उद्देश्य से पीछे नहीं हटी। सावित्रीबाई ने अहमदनगर और पुणे में शिक्षक की ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपने व दूसरों के हक के लिए लड़ती रही।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

वर्ष 1848 में फूले दंपत्ति ने पुणे में नौ बालिकाओं के साथ देश के पहले बालिका विद्यालय की स्थापना की। उन्होंने कुल 18 विद्यालयों की स्थापना की। उनकी कोई संतान नहीं थी तो उन्होंने एक ब्राह्मण विधवा के पुत्र यशवंतराव को गोद लिया। एक विधवा के पुत्र को गोद लेने पर दोनों को बहुत विरोध का सामना करना पड़ा और बिरादरी से बेदखल भी कर दिया गया, लेकिन वे अपने निर्णय पर अडिग रहे और बेटे को पढ़ा लिखाकर डॉक्टर बनाया। महिला अधिकारों खासकर दलित महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फुले ने विधवाओं के लिए एक पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की और उन्हे पुनः विवाह के लिए प्रेरित भी किया। 28 जनवरी 1853 को उन्होंने गर्भवती बलात्कार पीड़ितों के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना भी की। यह सब करना उनके लिए कतई आसान नहीं था,क्योंकि उन्हें लगातार लोगों के विरोध का सामना करना पड़ता था। सावित्रीबाई फूले का पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर दलितों और महिलाओं के संघर्ष के लिए बीता। उनके पति महान समाज सुधारक,लेखक और दार्शनिक ज्योतिराव फूले का 1890 में निधन हुआ। सावित्रीबाई ने ही उनका दाह संस्कार किया। पति की चिता को मुखाग्नि दी और अंतिम संस्कार की सभी विधियां पूर्ण की। उस समय किसी महिला का ऐसा करना कोई सोच भी नहीं सकता था। इसका भी लोगों ने विरोध किया।

1897 में जब महाराष्ट्र में प्लेग की महामारी फैली तब सावित्रीबाई फूले ने अपने बेटे के साथ मिलकर अस्पताल में भर्ती बीमार लोगों की देखभाल की। हालांकि इस दौरान वह स्वयं भी प्लेग से पीड़ित हो गईं और 10 मार्च 1897 को उन्होंने अंतिम सांस ली। वह केवल एक समाज सुधारक शिक्षिका ही नहीं थी,बल्कि कवयित्री भी थीं। उन्हें मराठी की आदि कवयित्री माना जाता है। फूले दंपति को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 1852 मे ब्रिटिश सरकार ने सम्मानित भी किया था। शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में सावित्रीबाई फूले के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शिक्षकों के लिए वह सदैव प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी।

# फर्रुखाबाद : बसपा नेता के पुत्र सहित दो पर फायरिंग

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कादरी गेट थाने में बसपा नेता के पुत्र सहित दो पर लाइसेंसी बंदूक से फायर कर दहशत फैलाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इसका दो दिन से वीडियो वायरल हो रहा था। कादरी गेट थाना क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाह नगर बढ़पुर निवासी अभिषेक सिंह पाल ने दी तहरीर में कहा कि 6 फरवरी को उनके घर के सामने बसपा नेता शरद श्रीवास्तव के पुत्र बादल श्रीवास्तव, पतनठाकुर पुत्र शिव प्रताप ठाकुर सहित अन्य लोग दरवाजे के सामने शराब पी रहे थे।


भय बनाने के लिए सभी के पास असले थे। दरवाजे पर शराब पीने व गाली गलौज का विरोध करने पर सभी दबंग हमलावर हो गए ।मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जाते समय दबंगों ने बंदूक से फायरिंग की ।जिसका विडियो वायरल है । घटना के दो दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थांनाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। गुणदोष पर आरोप तय किया जाएगा।

# दक्षिण भारत में बढ़ी फर्रुखाबाद के आलू की मांग

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आलू मंडी सातनपुर में शनिवार को आलू की आवक बढ़ी नजर आई। आवक बढने से आलू के भाव में भी 100 रुपये क्विंटल का इजाफा रहा। शहर की सातनपुर आलू मंडी में शुक्रवार को 70 ट्रक आवक थी।

शनिवार को बढ़कर 100 ट्रक हो गयी। भाव में सामान्य आलू 50 रुपए क्विंटल का उछाल रहा। लाल हालैंड आलू में 100 रुपए क्विंटल के दाम बढ़े , सामान्य आलू 901 से 1251 रुपए क्विंटल में, 3797, चिप्सोना आलू 1251 से 1401 रुपए क्विंटल, हालैंड सुपर छट्टा आलू 1451 से 1701 रुपए क्विंटल में बिक्री हुई। बाहरी मंडियों की मांग के चलते चालानी आलू की ज्यादा खरीद से कोल्ड स्टोरेज खाली रहने की संभावना बनी हुई है। आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष रिंकू वर्मा ने बताया कि दक्षित भारत की मंडियों में फर्रुखाबाद के आलू की मांग बड़ी है। इस बजह 35 से 40 ट्रक आलू रोज दक्षिण भारत जा रहा है। इसकी बजह से आलू के भाव मे भी भारी उछाल आया है। प्रगति शील किसान नारद सिंह कश्यप का कहना है कि इस समय आलू किसानों को खासा लाभ हो रहा है। उन्हें अपना आलू बेच लेना चाहिए।


मंडी में रखा आलू। अमृत विचार

## तौल सेंटर में तीन दिन से नहीं तौला जा रहा गन्ना

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** डीएससीएल शुगर मिल रूपापुर की तरफ बनाए गए तौल सेंटर गूजरपुर द्वितीय पर पिछले तीन दिनों से तौल न हो पाने से काश्तकार परेशान हैं। तौल केंद्र पर दर्जनों ट्राली गन्ना तौल के इंतजार मे खड़ा हैं। काश्तकार संदीप, कश्मीर, ग्रीस, बृजनंदन, रामकिशोर, दिलशाद आदि लोगों ने बताया कि पिछले तीन दिन से खड़े हैं। गन्ने की तौल नहीं हो पा रही जिससे हम लोग काफी परेशान हैं। ट्राली पूरे दिन धूप मे खड़े होने सेगन्ना भी सूख रहा है। काश्तकारों ने तौल सेंटर प्रभारी अमित कुमार पर गन्ने की तौल न करने का आरोप लगाया। तौल केंद्र प्रभारी अमित कुमार ने बताया शुगर मील मे प्रेशर पाइप फट जाने से तौल बंद करा दी गई है। सही होने पर तौल शुरू करा दी जाएगी।


तौल के इंतजार में खड़े ट्रैक्टर । अमृत विचार

# मुफ्त सिंचाई योजना के लाभ की शर्त निर्धारित

**ककोर-औरैया।** प्रदेश में मुक्त बिजली योजना का फायदा लेने के लिए किसानों को पहले 31 मार्च 2023 तक का बिल जमा करना होगा। जिन किसानों का अभी तक बिल बकाया है। उनके लिए एक मुश्त समाधान योजना लाई गई है। जो प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने सभी विद्युत वितरण अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं। इन जारी किए गए आदेश में पहले किसानों को 31 मार्च तक का बकाया बिल जमा करना होगा। जिन किसानों का बिल 31 मार्च का जमा है। उनको एक अप्रैल से मुफ्त बिजली का फायदा मिल सकेगा। सभी के खाते जीरो करने के आदेश दिए गए हैं।

# अब पैसेंजर ट्रेनों में पुराने किराये पर सफर

## ढाई साल बाद पूर्वोत्तर रेलवे ने बढ़ाया गया तीन गुना किराया वापस लिया, यात्रियों को मिली राहत

- कोरोना संकट काल में न्यूनतम किराया 10 से बढ़ कर 30 रुपये हो गया था
- प्रतिदिन दस हजार से अधिक यात्री करते हैं रेल से सफर अब उनको मिली खुशी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कोरोना संकट काल में बढ़ाया गया न्यूनतम किराया करीब ढाई साल बाद रेलवे ने कम कर दिया है। इससे कानपुर-फर्रुखाबाद रेलखंड पर प्रतिदिन दस हजार से अधिक यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे ने न्यूनतम किराया 30 रुपये के स्थान पर अब पहले की तरह ही दस रुपये कर दिया है। अब कन्नौज स्टेशन से मानीमऊ या जलालपुर पनवारा जाने के लिए 30 नहीं, केवल दस रुपये ही किराया देना होगा।

उत्तर रेलवे के बाद अब पूर्वोत्तर रेलवे ने भी यात्रियों को राहत दी है। कोरोना संकट काल में बढ़ाया गया न्यूनतम किराया कम कर दिया गया है। अब पैसेंजर ट्रेन में यात्रा करने के लिए यात्री पुराने किराये पर ही सफर कर सकेंगे। यानी एक्सप्रेस का किराया नहीं देना पड़ेगा। कोरोना काल में ट्रेनों के साथ सीटों पर यात्रियों की संख्या कम कर दी गई थी तो पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का किराया एक कर दिया गया था। कोरोना समाप्त होने के बाद भी अभी तक यात्रियों से बढ़ा हुआ किराया ही लिया जाता रहा। पिछले माह जब उत्तर रेलवे ने किराया घटाया था तो लोगों को उम्मीद थी कि अब पूर्वोत्तर रेलवे भी किराया कम करेगा।

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल बरेली की मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने कानपुर-फर्रुखाबाद रेलखंड पर न्यूनतम किराया 30 रुपये से घटाकर 10 रुपये कर दिया है। इससे यात्रियों ने राहत की सांस ली है।


कन्नौज स्टेशन पर टिकट खरीदते यात्री। अमृत विचार

### टेंपो से अधिक था रेलवे का किराया

पहले पैसेंजर ट्रेनों का किराया टेंपो से अधिक था। सरायमीरा से कोई व्यक्ति यदि मानीमऊ टेंपो से जाता तो उसे महज दस या 15 रुपये देने पड़ते हैं, लेकिन पैसेंजर ट्रेन का किराया 30 रुपये लगता था। इसी तरह कन्नौज सिटी स्टेशन तक रेलवे 30 रुपये लेता था, जबकि टेंपो या ई-रिक्शा केवल दस रुपये में सवारी को उतार देता है। किराया कम होने से कानपुर, रावतपुर, कल्यानपुर, मंधना, बर्राजपुर, बिल्हौर, अरौल, गंगवापुर जाने वाले यात्रियों को अब कम किराया देना होगा।

### शनिवार से ही कम किराए की दरें लागू

पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों ने आदेश जारी कर दिया है और कोरोना काल से पहले वाली किराया प्रणाली को लागू कर दिया गया है। इसके अनुसार अब दो स्टेशनों की बीच की दूरी का न्यूनतम किराया 30 रुपये के स्थान पर दस रुपये प्रति यात्री कर दिया गया है। यात्रियों को शनिवार से कम किराये की टिकट दी जा रही है।


राजकुमार वर्मा, मंडल वाणिज्य निरीक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे

# जीप खड़ी कर दुकान में सो गए यूपी 112 में तैनात सिपाही

**कन्नौज।** शहर के भूड़ा मंदिर के निकट यूपी 112 पुलिस का एक दुकान में सोते हुए वीडियो वारल हो रहा है। कार सड़क के किनारे खड़ी है जबकि सिपाही चारपाई व तखत पर सो रहे हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के भूड़ा मंदिर के पास ड्यूटी पर तैनात 112 के पुलिस कर्मियों का मंदिर के सामने बने मकान में सोते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। मंदिर के निकट रोड किनारे यूपी 112 की कार खड़ी है। इस में जिन पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी है वह निकट के एक मकान में बनी दुकानों में चैन से सो रहे हैं। जब कि एक दरोगा व एक पुलिस कर्मी वाहन में मौजूद हैं। वह भी आराम कर रहे हैं। कहीं से कॉल न आने पर भूड़ा मंदिर के निकट गाडी खड़ी रखते हैं। दुकानों में एक चारपाई पर तो दूसरा सिपाही तखत पर आराम से नींद मार रहे हैं।

# अपहरण के तीन आरोपी 26 साल बाद हुए बरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम आलोक कुमार ने 26 साल पुराने अपहरण के एक मामले की सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।

लवेदी थाना क्षेत्र के गांव टकरूपुरा निवासी गंगा चरन ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसका पुत्र सुनील कुमार सेतु निगम में गार्ड के पद पर तैनात था। उसकी ड्यूटी सहसों चंबल पुल पर थी। 21 मार्च 1997 की शाम को वह ड्युटी समाप्त कर साइकिल से वापस अपने घर लौट रहा था । जब वह डिभौली व टकरूपुरा गांव के बीच पहुंचा तभी बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया और बीहड में ले गए। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर छानवीन शुरू कर दी। बाद में निर्भय गैग ने उससे पांच लाख इक्यावन हजार रुपया की फिरौती का पत्र दिया । छह मई 1997 को वह गैंग से छूटकर आया। सुनील के छूटकर आने के बाद उसने एसएसपी से मिलकर अपहरण में शामिल लोगों के बारे में बताया। बाद में पुलिस ने निर्भय गूजर मुन्नी देवी के अलावा सुनीत पुत्र देवदत्त निवासी मानपुर चकर नगर अखिलेश पुत्र हरनारायण निवासी टकरूपुरा व जय प्रकाश पुत्र विद्याचरन निवासी सब्दल पुरा के नाम प्रकाश में आए। बाद में पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। बाद में निर्भय व मुन्नीदेवी की मौत हो गई। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम की कोर्ट में हुई। दोनों पक्षों की सुनने के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में सुनीत अखिलेश व जय प्रकाश को बरी कर दिया।

# निपुण के प्रशिक्षण से गैरहाजिर 44 प्रधानाध्यापकों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** तिर्वा क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र उमर्दा के प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को लेकर बीईओ ने नाराजगी जताई है। उन्होंने 44 प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बीईओ विश्वनाथ पाठक ने प्रतिभागियों के प्रशिक्षण में न आने पर कहा है कि पूर्व में ही पत्र भेजकर जानकारी दे दी गई थी। निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी भाषा एवं गणित आधारित शिक्षक प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए शिक्षकों को नामित किया गया था लेकिन प्रतिभाग नहीं किया। प्रशिक्षण से पहले जारी पत्र में कहा गया था कि अगर कोई शिक्षक यूपी बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी कर रहा है या पूर्व में प्रशिक्षण ले चुका है तो उनके स्थान पर प्रधानाध्यापक स्वयं विद्यालय के ही किसी अन्य शिक्षक को नामित कर प्रशिक्षण में भेज सकते हैं। इसे गंभीरता से न लेने पर नोटिस जारी किया गया है।

### पीएस, यूपीएस शिक्षकों से नहीं लिया जाएगा काम

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जारी किए पत्र में कहा है कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों को निदेशालय व उसकी इकाइयों में मास्टर ट्रेनर्स की जिम्मेदारी दी जाती है। उनसे मॉड्यूल तैयार कराने के साथ ही पाठ्यक्रम से संबंधित कार्यों, प्रश्न पत्र तैयार करने व अन्य कार्य लिए जाते हैं। महानिदेशक ने कहा है कि इससे उन शिक्षकों के मूल विद्यालय की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस वजह से शिक्षकों को किसी भी सूरत में संबद्ध न किया जाए। डायट के प्रवक्ता, सहायक अध्यापकों व निदेशालय के कार्यरत प्रवक्ता व अनुदेशकों से ही इस तरह के कार्य कराए जाएं। अगर फील्ड के अनुभव व इनपुट की जरूरत हो तो प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों को ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोड़कर सहयोग लिया जा सकता है।

### इन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से हुआ है जवाब-तलब

ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल मिंडापुर्वा, महानंदपुर्वा, जोतपुर्वा, बरेवा, हांसापुर, अहिकरापुर, बौरापुर, बंसरा, मझरेटा, किनौरा नवीन, बहसार, बलनपुर, रामनगर, अहेर, सांभरपुर, चंदौआ, बिजनापुर, श्यामपुर धौरारा, अलमापुर, मोहब्बतपुर, सरसौनपुर्वा, छतरपुर, बरुआहार, मझिला, पनेपुर्वा, होलेपुर, तिघरा, हरेईपुर मझिला, ऐमा, निकारीपुर, रतनपुर सरैया, बढ़नपुर वीरहार व अगौस से जवाब मांगा गया है। इसी तरह कंपोजिट स्कूल मुगरा, सिमुआपुर, ड्योढ़ा, मकरंदापुर और कन्या प्राथमिक स्कूल सिखवापुर, ठठिया गंज, खैरनगर, बेलामऊ सरैया को भी नोटिस भेजा गया है।

### कन्नौज भेजे गए बीईओ आनंद द्विवेदी

**कन्नौज।** बीईओ आनंद द्विवेदी का तबादला एटा से बुलंदशहर किया गया था, लेकिन अब कन्नौज भेजने का संशोधित आदेश जारी हो गया है। इसकी जानकारी प्रयागराज के सहायक शिक्षा निदेशक डॉ. ब्रजेश मिश्र ने पत्र के जरिए दी है।



सीएनजी पंप पर गैस भरवाते वाहन । अमृत विचार

# सीएनजी की कीमत में 2.50 रुपये प्रति किलो की कमी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** टोरंट गैस, जिसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा 34 जिलों में कमप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) प्रदान करने के लिए अधिकृत किया गया है।

औरैया परिचालन क्षेत्रों में सीएनजी के विक्रय मूल्य में 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी की घोषणा की है। इससे सीएनजी, पेट्रोल के मुकाबले 37 फीसद तक सस्ती हो जाती है। सीएनजी की कीमतों में यह कमी स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने और प्राकृतिक गैस के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। टोरेंट गैस के प्रबंध निदेशक मनोज जैन ने गैस की कीमतों में कमी के बारे में कहा, टोरेंट गैस हमेशा पर्यावरण के अनुकूल सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा देने में सबसे आगे रही है। सीएनजी की कीमतों में इस कमी से नए सीएनजी वाहनों का वृद्धि बढ़ने और ट्रांसपोर्ट सेगमेंट में प्राकृतिक गैस की खपत बढ़ने की उम्मीद है।

# दर्दनाक : प्रेमी युगल ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत राहतपुरा के पास स्थित काशीराम कॉलोनी के सामने रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की रात को एक प्रेमी युगल ने किसी ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। प्रेमी युगल के ट्रेन के सामने कूदकर जान देने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिनाख्त का प्रयास किया। दोनों की शिनाख्त लोकासई के रहने वाले आकाश व नीलम के रूप में की गई।

बताया गया है कि फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के गांव लोकासई के रहने आकाश राजपूत 22 वर्ष पुत्र राम खिलाड़ी का अपनी ही सजातीय पड़ोस में रहने वाली नीलम से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन एक ही गांव के होने के कारण परिवार के लोग शादी करने से इंकार कर रहे थे। दोनों के बीच प्रेम संबंध की जानकारी होने पर नीलम को परिवार के लोगों ने रिश्तेदारी में भेज दिया था। अभी कुछ ही दिनों पहले वह वह अपने घर आई थी। परिवारीजनों के राजी न होने से परेशान होकर दोनों किसी तरह से शुक्रवार की शाम को घर से निकल आए और दोनों ने राहत पुरा के पास ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी।

शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे आरपीएफ को जानकारी मिली कि दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक पर राहतपुरा काशीराम कॉलोनी के सामने रेलवे लाइन पर दो शव पड़े हुए हैं इस बात की जानकारी आरपीएफ ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी । मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उनकी पहचान करने में जुट गई। पहचान में पता चला कि फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले दोनों युवक युवती है।

इसकी जानकारी सिविल लाइन पुलिस ने परिवार के लोगों को दी मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने युवक युवती की पहचान कर ली। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि घटना रात करीब दो बजे की है ।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिवार के लोग।

प्रेरणा | डीएम ने किसान यदुराज सिंह चौहान के खेत में पहुंचकर की बात

# आठ साल बाद उमर्दा में सूरजमुखी की बुवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में करीब आठ साल बाद सूरजमुखी की फसल करने की शुरुआत हो गई है। तहसील तिर्वा क्षेत्र के उमर्दा के किसान व प्रभुकल कृषि फार्म (कृषक उत्पादक संगठन) के अध्यक्ष यदुराज सिंह चौहान ने शनिवार को पांच बीघा जमीन में बोआई करा दी।

डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने मौके पर पहुंचकर न्यूमैटिक प्लांटर से बोआई देखी। उन्होंने किसानों से बात की और सूरजमुखी की खेती के लिए प्रेरित किया। डीएम ने कहा कि सूरजमुखी वाले खेतों पर समय-समय पर वैज्ञानिक व कृषि विभाग के लोग पहुंचे और निरीक्षण करें। किसानों को फसल बेहतर करने के बारे में जानकारी दें। बताया गया है कि हर ब्लॉक में 15-20 किसानों को राजी कर निशुल्क सूरजमुखी का बीज दिया गया है। पहले कन्नौज में सूरजमुखी की काफी खेती होती थी, बाद में उसकी जगह मक्का ने ली। किसानों का तर्क है कि प्रजातियों में बदलाव न होने, रोग व कीट अधिक लगने व फसल का समय ज्यादा होने की वजह से खेती कर दी गई। इस मौके पर डीडी कृषि प्रमोद सिरोही, प्रधान लालता प्रसाद, तेज सिंह, आशीष कुमार, जितेंद्र सिंह, रजनीश पांडेय, बादाम सिंह मौजूद रहे। जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि वर्ष 2015-16 में कुछ किसान सूरजमुखी की फसल करते थे, अब लोग नहीं करते हैं।

**न्यूमैटिक मशीन की खासियत:** सूरजमुखी के अलावा मक्का, मटर, मूंगफली, बाजरा, सोयाबीन, चना व कपास के बीजों की बोआई करने के लिए न्यूमैटिक मशीन का प्रयोग किया जाता है। सरलता से बोआई हो जाती है।



न्यूमैटिक प्लांटर से सूरजमुखी की बुवाई देखते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व अन्य लोग।

# पुलिस जीप पर युवती ने बनाई रील

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर रोजाना कोई न कोई ऐसा वीडियो वायरल होता है, जो लोगों में चर्चा का विषय बना होता है। लेकिन औरैया में शनिवार को एक पुलिस की सरकारी जीप पर बैठे एक युवती का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद जहां एक ओर अधिकारियों में खलबली मची है वहीं दूसरी ओर लोग वीडियो देखकर तरह-तरह के कमेंट कर रहे है। मात्र 14 सेकेंड के इस वीडियो में युवती जीप के बोनट में बैठकर बेधड़क होकर वीडियो बनाते नजर आ रही है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

महाशिवरात्रि को देवकली मंदिर के पास खड़ी पुलिस की जीप पर बैठकर वीडियो बनाया गया है। रील के वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस युवती की तलाश में जुट गई है। सदर कोतवाली क्षेत्र में महाशिवरात्रि को देवकली मंदिर के पास खड़ी पुलिस की सेकंड मोबाइल पुलिस जीप UP 79 G 0158 के बोनट पर बैठकर एक युवती द्वारा वीडियो बनाया गया ,फिर उसको एक गाने के साथ एडिट कर रील बनाकर वायरल किया गया। वायरल वीडियो जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं रील जिस अकाउंट से वायरल हुई है उसमे विनायक राव भरसेन वाले दिखाई दे रहा है। रील वायरल होते ही कोतवाली पुलिस एक्शन मोड में आ गई,और जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं सीओ एमपी सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर देवकली मंदिर पर सेकंड मोबाइल जीप का ड्राइवर न होने के कारण आरक्षी को भेजा गया था जो कि जीप को पार्किंग में खड़ी कर श्रद्धालुओं को लाइन लगवाने लगा था, उसी बीच एक युवती के द्वारा एक रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। वहीं युवती के परिजनों को बुलाकर सख्त हिदायत दे दी गई है,और आरक्षी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।



पुलिस की जीप पर बैठकर रील बनाती युवती। अमृत विचार

# रेलवे ने कीमती भूमि पर लिया कब्जा

**कंचौसी, औरैया ।** रेलवे स्टेशन के पश्चिमी किनारे पर बन रहे रेलवे बिजली घर में सरकारी जमीन के साथ किनारे पड़ी जमीन को कब्जे से मुक्त कराया।

नौगवां गांव के किसान ज्ञान प्रकाश, राजू पोरवाल, सुनील आदि आधा दर्जन किसानों की लगभग दो सौ मीटर कीमती भूमि रेलवे इन्जीनियरों व ठेकेदार ने मिलकर जेसीबी मशीन चलाकर जबरदस्ती मिलाकर सीमेंट सरिया डालकर कंक्रीट की मोटी दीवार बना ली है। उनको बराबर किसानों द्वारा कब्जा करने से रोका जा रहा था। मौके पर तहसील अधिकारियों के आदेश पर लेखपाल ने पैमाइश कर किसानों की जमीन छोड़ने को कहा था। लेकिन, रेल अधिकारियों ने एक न सुनी उल्टे किसानों को फंसाने की धमकी देते रहे। परेशान किसान दो बार डीएम नेहा प्रकाश को पत्र देकर समस्या समाधान की मांग कर चुके है। अभी तक कोई हल न होने से विरोध करने के मूड में दिखाई दे रहे हैं।

# 'अपनी काशी' पहुंचे प्रधानमंत्री

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट पर किया प्रधानमंत्री का स्वागत


संवाददाता,वाराणसी

**अमृत विचार**। 9 मार्चः 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा से उम्मीदवार बनाए जाने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 'अपनी काशी' पहुंचे। शाम सात बजे लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका भव्य स्वागत किया।

काशी विश्वनाथ धाम में की पूजा-अर्चना एयरपोर्ट से काशी विश्वनाथ धाम व बीएलडब्लू तक 28 किलोमीटर की सड़क यात्रा में काशी वासियों ने 38 स्थानों पर पीएम का अभूतपूर्व स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर गए, यहां उन्होंने विधिवत दर्शन पूजन किया।

**15 दिन में दूसरी बार काशी पहुंचे पीएम :**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 दिन में दूसरी बार वाराणसी पहुंचे। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचने पर प्रधानमंत्री का सड़क के दोनों ओर खड़े काशी वासियों ने अपने अंदाज में जबरदस्त स्वागत किया। एयरपोर्ट से निकलते ही ढोल -नगाड़ो के साथ ही पुष्प वर्षा की गई और हर-हर महादेव के उद्घोष से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। श्री काशी विश्वनाथ धाम के रस्ते में प्रधानमंत्री के स्वागत में काशीवासियों ने शंखनाद, डमरुवादन और घण्टा घड़ियाल बजाए।





कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते, मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करते पीएम । अमृत विचार

### मोदी ने कार्यकर्ताओं का किया अभिवादन

भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपने सांसद और प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए जबरदस्त तैयारी की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने संसदीय क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। पीएम श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन करने के बाद सीधे बीएलडब्लू पहुंचे। यहाँ रात्रि विश्राम के बाद प्रधानमंत्री रविवार की सुबह आज़मगढ़ के लिए रवाना होंगे। आज़मगढ़ में विकास परियोजना की सौगात देने के साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

# नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड की टॉप 10 सूची में आदर्श

**हमीरपुर**। भारत सरकार द्वारा पहला नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड का आयोजन नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित किया गया। इसमें जिले के आदर्श गुप्ता को पूरे देश के टॉप 10 में जगह मिली है। इन टॉप क्रिएटर्स को प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आदर्श गुप्ता यू ट्यूब व इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन क्लास चलाते हैं।

सोशल मीडिया के माध्यम से आज के समय लोग नई नई ऊंचाइयों को छूते जा रहे हैं। युवाओं के लिए सोशल मीडिया कैरियर भी बनता जा रहा है। इसके माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा को दूसरों तक पहुंचा रहे हैं। जनपद के अवधेश चंद्र गुप्ता लाला के पुत्र आदर्श गुप्ता भी सोशल मीडिया के माध्यम से नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। वह यूट्यूब व इंस्टाग्राम के जरिए गरीब व मध्यम वर्ग के युवाओं को पढ़ा रहे हैं। आदर्श गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से कक्षा 12 के बाद यूनिवर्सिटी में प्रवेश करने वाले छात्रों को ऑफलाइन व ऑनलाइन क्लासेज के माध्यम से शिक्षित कर रहे हैं।

# राम मंदिर में संदिग्धों को पहचानेगा एफआर सिस्टम

कार्यालय, अयोध्या

- रामनवमी से पहले ही कंट्रोल रूम में लगाने की है तैयारी

**अमृत विचार :** राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रामनवमी से पूर्व परिसर स्थित कंट्रोल रूम में फेस रिकग्नेशन (एफआर) सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इससे तीर्थ यात्रियों के बीच संदिग्धों की पहचान हो सकेगी। किसी संदिग्ध के दिखने पर कंट्रोल रूम में स्थापित साफ्टवेयर संबंधित संदिग्ध की जानकारी स्क्रीन पर ब्योरे के साथ प्रदर्शित करेगा और सुरक्षा में लगे कर्मियों को संकेत भेजेगा। इसे लेकर ट्रस्ट के सलाहकार केके शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक भी की है।

शनिवार को मंदिर निर्माण समित की बैठक के दूसरे दिन की अध्यक्षता चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने की। उन्होंने सबसे पहले परिसर का निरीक्षण किया। बैठक के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर का ग्राउंड फ्लोर प्राण प्रतिष्ठा की दृष्टि से तैयार हो चुका था, लेकिन उसके बाद जो शेष स्तभों में तराशी का कार्य प्रारंभ करने के लिए 200 कारीगरों को लगाया गया है। मंदिर के प्रथम तल के छत का कार्य शेष रह गया है। वह किस क्रम में तैयार किया जाएगा। इसे लेकर मंथन हुआ है। इसके बाद दूसरे तल का कार्य भी किस तरह प्रारंभ होगा। इस पर विस्तृत चर्चा हुई है। दिसंबर 24 तक मंदिर का शिखर तक का कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। मंदिर के पराकोट में लगभग 8000 घनफीट पत्थर लगने वाला है। पूरे दिशा में परकोटे का मुख्य द्वार तैयार हो गया है। परकोटे में बनने वाले छह मंदिर का कार्य प्रारंभ करना और उसे पूरा करना साथ-साथ इसके बेसमेंट का क्षेत्र और उसमें लगने वाले लिफ्ट के कार्य पूरा करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। 850 मीटर लंबे परकोटे को मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। रामनवमी के पूर्व निर्माण एजेंसियों को यात्री सुविधा केंद्र के अवशेष कार्यों को 10 अप्रैल तक पूरा करने की डेडलाइन तय की।

# अभिनेत्री सुरभि से हुई ऑनलाइन ठगी

**अयोध्या :** अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बीच ऑनलाइन ठगी का खेल भी बढ़ गया है। होटल और धर्मशालाओं में कमरों की बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी की आए दिन शिकायतें आ रही हैं। कहानी घर-घर की, शगुन, कुमकुम, एक प्यारा सा बंधन, दीया और बाती जैसे टीवी सीरियलों की चर्चित अभिनेत्री सुरभि तिवारी भी गिरोह का शिकार हुई हैं, जिसकी शिकायत अभिनेत्री ने मुंबई के वर्सोवा थाने में दर्ज कराई है। वहीं जानकी महल ट्रस्ट के प्रबंधक ने कई मामलों की साइबर क्राइम थाने पर शिकायत की है। पूर्व में बिड़ला धर्मशाला प्रबंधन की ओर से एसएसपी को शिकायत दी गई थी।

चर्चित अभिनेत्री सुरभि तिवारी की शिकायत है कि रामजन्मभूमि दर्शन यात्रा के लिए उन्होंने अयोध्या में ऑनलाइन होटल की तलाश की, लेकिन होटल खाली नहीं मिला। धर्मशाला की तलाश के लिए वेबसाइट से नंबर निकाला। एक धर्मशाला के नंबर पर वार्ता की और वाट्सएप पर फोटो व ब्यौरा मंगाया। इसके बाद उन्होंने धर्मशाला में कमरे की बुकिंग के नाम पर पांच हजार रुपये गूगल पे कर दिया।

# केरल के राज्यपाल ने की शिव अराधना

संवाददाता,नैनी,प्रयागराज

**अमृत विचार**। शनिवार को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान प्रयागराज पहुंचे। राज्यपाल ने डभांव में अपने रिश्तेदार गौश मोहम्मद शाहिम के यहां व्यक्तिगत रूप से मिलने पहुंचे थे। रिश्तेदारों से मिलने के बाद राज्यपाल कृष्णेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। कृष्ण देव मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की और भव्य आरती की। उन्होंने इस मंदिर में आने के प्रयोजन पर कहा कि हमारे संस्कृति की शुरुआत हो चुकी है।
भारत में आज भी संस्कृति जिंदा है। उन्होंने ने संस्कृत में श्लोक का उच्चारण करते हुए कहा कि एकं सः विप्र वदन्ति। हमारे संस्कृति की शुरुआत इसी घोषणा के साथ हुयी है। बड़े गर्व की बात है कि ऐसे पावन नगरी में आज भी संस्कृति बरकरार है। उन्होंने कहा कि यहां आकर हमे बहुत खुशी हुई है। यह पर शिव भी हैं। यहां राम दरबार भी है। मां जगदम्बा भी हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगा है। उन्होंने कहा कि धर्म और रिलीजन में फर्क होता है। यह हमारे भारत की संस्कृति है। हमारी सबकी साझा संस्कृति है। अंत में वहां मौजूद पूर्व प्रधान डांडी सीताराम त्रिपाठी, गौश मोहम्मद शाहिम, अब्दुल हमीद, पूरन त्रिपाठी, नीरज त्रिपाठी, बलभद्र पांडेय, प्रशांत सिंह सहित अन्य लोगों ने उनका अभिनंदन किया। सबसे पहले राज्यपाल गौश मोहम्मद शाहिम के घर पहुंचे। वहां पर अब्दुल हमीद, सीताराम त्रिपाठी, मुदस्सर हमीद, सैफुद्दीन नेता, पेश इमाम मस्जिद अल्हमीद डभांव, मोहम्मद अशरफ रज़ानूरी आदि ने स्वागत किया।



आरती करते राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान। अमृत विचार

# दुष्कर्म पीड़ितों के घर पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष

**हमीरपुर**। दो बेटियों की दुष्कर्म के बाद आत्महत्या से आहत पिता के खुदकुशी करने के मामले में शनिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर जमकर सवाल उठाए। कहा कि पूरे प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। न्याय के लिए आम आदमी दर-दर भटक रहा है। पूरे प्रदेश में जंगलराज व्याप्त है।
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने यहां हमीरपुर मुख्यालय में कहा कि प्रदेश में जिस तरीके का अन्याय और अत्याचार हो रहा है यह पूरा प्रदेश देख रहा है। कानपुर के अंदर यहां की दो बेटियों के साथ बलात्कार भी होता है और मारकर टांग भी दिया जाता है। फिर घटना को आत्महत्या दिखाया जाता है। कार्रवाई की मांग की।

# यूपी निवेश के लिए सबसे बेहतर डेस्टिनेशन बना

संवाददाता,प्रयागराज

- छह करोड़ 62 लाख की योजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को राजश्री टंडन मंडपम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री त्वरित विकास निधि, पूर्वांचल विकास निधि एवं विधायक निधि के अंतर्गत प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा में लगभग 6 करोड़ 60 लाख रुपये के विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें सड़क, नाली निर्माण, विद्यालय के सौंदर्यीकरण, 5 किलोवाट सोलर लाइट लगाने, समरसेबल स्थापित करने और आर.ओ वाटर कूलर आदि लगाए जाने के कार्य शामिल हैं।

मंत्री नन्दी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के रिकार्ड बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आपको गला कर, समर्पित कर देश के लिए कार्य किया, ताकि देश का मान, सम्मान बढ़े।

मंत्री नन्दी ने कहा कि सपा सरकार में जाति विशेष की बस्तियों में, ईलाकों में ही विकास होते थे। बसपा सरकार में केवल दलित बस्ती में विकास कार्य होता था। वहीं भाजपा सरकार में सभी धर्म, जाति, मजहब के लोगों के लिए कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास से लेकर सभी योजनाओं का लाभ सभी धर्म, सम्प्रदाय और वर्ग के लोगों को मिला है। मंत्री नन्दी ने कहा कि गम्भीर बीमारियों का ईलाज कराने के लिए आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को हर महीने डेढ़ से दो करोड़ रूपए की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को दिलाने का कार्य किया जा रहा है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि पिछली सरकारों में गुण्डे माफिया लोगों को प्रताड़ित करते थे। आज गुण्डे माफिया बहुत दूर हैं। मंत्री नन्दी ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में 40 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ।

निवेश के लिए भारत सबसे बेहतर डेस्टिनेशन है, वहीं भारत में उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे बेहतर डेस्टिनेशन बन कर उभरा है। अभी हाल ही में सम्पन्न हुए ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री ने दस लाख करोड़ रूपए के योजनाओं की आधारशिला रखी। जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश को उत्तर प्रदेश से सीख लेनी चाहिए कि उत्तर प्रदेश किस तरह से काम कर रहा है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कॉर्पोरेटिव बैंक अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, प्रयाग व्यापार मंडल अध्यक्ष अरुण केसरवानी, प्रयाग व्यापार मंडल कार्यवाहक अध्यक्ष राणा चावला, जिलाध्यक्ष यमुनानगर विनोद प्रजापति, महानगर उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी, सफाई आयोग की सदस्य छाया देवी, मण्डल अध्यक्षगण रणविजय सिंह, राघवेंद्र मिश्र, किशोरीलाल जायसवाल, दिलीप केसरवानी, सुमित वैश्य, वरिस्ठ नेता प्रेमनारायण केसरवानी, पार्षद ओमप्रकाश द्विवेदी, साहिल अरोरा, पार्षद कुसुमलता गुप्ता, पूर्व पार्षद मुकेश भारती व राजेश कुशवाहा, मीडिया प्रभारी महानगर हर्ष केसरी, परमानंद वर्मा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# सोना अब 68 हजार का आंकड़ा छूने को तैयार

नीरज मिश्र, लखनऊ

**75,500**
रुपये प्रति किलो हुई चांदी

- छह दिनों से कीमतों में बढ़ोत्तरी जारी,रोजमर्रा के ग्राहक हुए कम

**अमृत विचार**। वैश्चिक बाजार में होते बदलाव और परिस्थितियों ने सोने की चमक को और बढ़ा दिया है। हाल यह है कि सोने की कीमतों रफ्तार रुकने को तैयार नहीं है। आज देर शाम के बाजार भाव पर नजर डाली जाए तो सोना 67,700 रुपये प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया है। बाजार में स्वर्ण की कीमतों की गति यही रही तो एक-दो दिनों में 24 कैरेट की इस पीली धातु की कीमत 68,000 रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी। बाजार में रोजमर्रा के खरीदार कम है लेकिन ठोस निवेशकों का रुख इस ओर दिख रहा है तभी बाजार में सोना चमक रहा है। वहीं मामूली बढ़ोत्तरी के साथ चांदी की कीमत 75,500 रुपया प्रति किलो है। सर्राफा कारोबारियों का मानना है कि नित नए आयाम गढ़ रहे सोने की कीमतों से बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।



बाजार में चढ़ता सोने का भाव निश्चित तौर पर अनिश्चितता का माहौल बना रहा है। ग्राहक सोच रहा है कि वह खरीदारी करे या रुके। फिलहाल वैश्विक उथल-पुथल से ऐसा दिख नहीं रहा है कि बाजार में स्वर्ण धातु की चमक से बहुत बड़ी गिरावट आने वाली है। मार्केट में तेजी है कहां रुकेगी कहना मुश्किल है। पिछले छह दिनों की रिकार्ड तेजी बता रही है कि सोना 68 ही नहीं 70 हजार का आंकड़ा छूने में अब ज्यादा वक्त लगने वाला नहीं है।
**-अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन**

सोने की इस तेजी से बाजार में ग्राहक कम है। रोजमर्रा, त्योहारी और सहालग के सीजन के लिए खरीदारी करने वाले भी कीमतें थमने का इंतजार कर रहे हैं। मात्र छह दिन में चार से साढ़े चार हजार रुपये तोला की बढ़ोत्तरी कारोबार पर भी भारी पड़ रही है। वजह सभी सोच रहे हैं कि कहीं खरीदते ही कीमतों में छलांग लगा रहा सोना अचानक नीचे न पहुंच जाए जिससे नुकसान की भरपाई मुश्किल हो जाए।
**-आदीश जैन, संयुक्त मंत्री लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन**

पचीस साल के सफर में जिस तरह से सोने का भाव चढ़ रहा है ऐसा देखने को कम ही मिलता है। लंबे समय से सोने की कीमतें उछाल पर हैं। पीली धातु के भाव में कब नरमी आएगी फिलहाल कहा नहीं जा सकता है। लेकिन बाजार बहुत तेज है। ग्राहक कम हैं। निवेशक कीमतों में नरमी और तेजी को सूंघ रहे हैं। बाजार और कारोबारी अनिश्चिता भरे माहौल से उबर नहीं पा रहा है।
**-कैलाश चंद्र जैन, वरिष्ठ व्यापारी और लखनऊ सर्राफा के संगठन प्रमुख**

# केंद्र, प्रदेश सरकार की नीतियां गलत

**हमीरपुर**। व्यापारियों को पीडीए चौपाल के माध्यम से एकजुट करने को आए सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने स्टेशन मार्ग पर पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने सपा नेता नंदकिशोर शिवहरे के आवास पर कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की गलत नीतियों से व्यापारी परेशान है। समाजवादियों ने व्यापारियों को इंस्पेक्टर राज, चुंगी प्रथा, 3/7 से छुटकारा दिलाकर व्यापारी बीमा योजना लागू की थी। केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने जीएसटी, नोटबंदी से व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। भाजपा विपक्षी नेताओं को फर्जी फाइलें तैयार करा रही है।

# माघ मेला के लिए पुलिसकर्मी सम्मानित

संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचारः** रिजर्व पुलिस लाइन्स, माघ मेला के मानसरोवर सभागार में शनिवार को संगम की धरती पर 54 दिन लागतार चले माघ मेले में सभी मुख्य स्नान पर्व के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न होने पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।

पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा ने बताया कि माघ मेला 2024 के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने में विभिन्न इकाइयों के समस्त पुलिस बल ने पूरी निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया है। सभी पुलिसकर्मियों के समर्पण व सेवाभाव को सलाम व सम्मान है। उन्होंने उनके किये गये कर्तव्यो के निर्वाहन की सराहना भी की। अपर पुलिस महानिदेशक ने माघ मेला 2024 के सकुशल संपन्न होने के दौरान रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में उत्कृष्ठ व सराहनीय योगदान देने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ राजीव नरायण मिश्र ने बताया गया कि सभी अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के संयुक्त योगदान व सहयोग से माघ मेला 2024 सकुशल सम्पन्न हुआ है। सम्पूर्ण माघ मेला के सकुशल समापन पर कार्यक्रम हुआ ।



सकुशल माघ मेला होने के बाद पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

**उपलब्धि** 100 स्थानों पर लगेंगी मशीनें, 10 रुपये का सिक्का डालने पर मिलेगा झोला

# मशीन से झोला देने वाला शहर बनेगा अयोध्या

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या अब मशीन से झोला देने वाला उत्तर प्रदेश का पहला शहर बनने जा रहा है। वेंडिंग मशीन में 10 रुपये का सिक्का डालते ही या क्यूआर कोड स्कैन करते ही कपड़े का झोला मिल जाएगा। यह झोला 100 प्रतिशत कॉटन का रहेगा। इसमें 15 से 20 किलो की सामग्री रखी जा सकेगी। अभी शहर में 100 स्थानों पर मशीनों को लगाया जाएगा। इसके बाद इनकी संख्या और बढ़ा दी जाएगी।

राम मंदिर बनने के बाद शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इस कड़ी में सबसे पहले महाराष्ट्र की संस्था उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन ने नगर निगम से करार किया है। मशीनों को मुंबई से लाया जा चुका है। प्रत्येक मशीन की कीमत 35 हजार रुपये बताई जा रही है। एक मशीन में 93 झोले रखे जाते हैं। इसमें बार कोड स्कैन करने के बाद भी झोले लिए जा सकते हैं।

अभी प्रोजेक्ट से जुड़ीं 100 महिलाएंः इस प्रोजेक्ट से अभी गरीबी रेखा से नीचे आने वाली 100 महिलाओं को जोड़ा गया है। जिन्हें संस्था झोला बनाने के लिए कपड़े मुहैया करा रही है। यह झोला वेंडिंग मशीन बिजली से संचालित होगी। शहर के दुकानदारों से भी मशीन लगाने की बात की जा रही है। इसका बिल 169 रुपये प्रतिमाह आता है, लेकिन जो अपने प्रतिष्ठान के सामने लगाएगा। उसे हर माह 200 रुपये दिए जाएंगे।



### कारगो से आईं हैं मशीनें

फाउंडेशन की मैनेजर ऑपरेशन इन्वायरमेंट रिशिका कश्यप ने बताया कि मुंबई से सभी मशीनों को कारगो विमान से लाया गया है। 9 मार्च तक शहर में 35 जगहों पर मशीनें लगा दी जाएंगी। हमारा लक्ष्य 250 मशीनों को शहर में लगाना है। वेंडिंग मशीन के लगने से न सिर्फ पॉलीथिन पर लगाम लगेगी, बल्कि महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। महिलाएं रोजाना झोला बनाकर मशीनों में डालेंगी। अयोध्या पहला शहर है जहां मशीनें लगने जा रही हैं। इससे पहले गोरखपुर में कोशिश हुई थी, लेकिन वहां अभी शुरुआत नहीं हो सकी हैं।

शहर को पॉलीथिन मुक्त बनाया जा रहा है। अभी नगर निगम में ट्रायल के तौर पर मशीन लगाई गई है। शहर में जिन जगहों पर पॉलीथिन का प्रयोग अधिक होता है, उन जगहों को चिह्नित किया जा रहा है। कुल 100 स्थानों पर मशीन लगाए जाने की तैयारी चल रही है।
**-वागीश शुक्ला, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम**

# सपा नेता की दबंगई, टोल बूथ का बैरियर तोड़कर निकाला काफिला

सोहावल,अयोध्या

**अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के तहसीनपुर टोल प्लाजा पर सपा नेता की दबंगई का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर सपा नेता के काफिले में शामिल कई वाहन टोल बूथ का बैरियर तोड़कर निकल गए। समर्थकों ने टोल के दो लेन को फ्री करा दिया और काफिले में शामिल वाहनों को बिना टोल टैक्स दिए पार कराया। टोल कर्मियों ने जब इसका विरोध जताया तो धक्का-मुक्की शुरू हो गई। वाहनों का काफिला निकल जाने के बाद टोल प्रबंधक की शिकायत पर रौनाही थाना पुलिस ने सपा नेता व उनके समर्थकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

खलीलाबाद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सपा सांसद भालचंद यादव के पुत्र सुबोधचंद्र यादव शनिवार को लखनऊ मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा में शामिल होने के बाद अपने समर्थकों के साथ गृह जनपद जा रहे थे। गत विधानसभा चुनाव में उन्होंने पार्टी से टिकट न मिलने पर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया था। लखनऊ से अयोध्या जा रहे सपा के झंडे लगे वाहनों का काफिला पूर्वाह्न रौनाही थाना क्षेत्र के तहसीनपुर टोल प्लाजा पहुंचा तो कर्मियों ने वाहनों को रोकने की कोशिश की। समर्थक उतरे और बैरियर को मोड़ दिया व काफिले में शामिल वाहनों को बिना टोल दिए पार कराने लगे। इसे लेकर टोल मिर्यों से धक्का-मुक्की शुरू हुई तो समर्थक बगल के लेन पर भी पहुंच गए और वहां भी बैरियर तोड़ दिया।

### कई वाहन चालकों ने उठाया मौके का फायदा

सपा समर्थकों और टोल कर्मियों के बीच वाद-विवाद का फायदा कई और वाहन चालकों ने भी उठा लिया। बताया जा रहा है कि सपा झंडे लगे लग्जरी गाड़ियों का काफिला जैसे ही आगे निकला वैसे ही कुछ और गाड़ियां तेज रफ्तार में बैरियर से क्रॉस हो गईं। टोल कर्मियों के मुताबिक कार का एक तरफ का टोल टैक्स 140 रुपये है। अगर 24 घंटे के अंदर वाहन टोल से वापस गुजरता है तो उसे 40 रुपये अतिरिक्त भुगतान करने पड़ते हैं।

टोल प्लाजा प्रबंधन की शिकायत पर सपा नेता सुबोध चंद्र यादव व उनके कुछ समर्थकों के खिलाफ धमकी और नुकसान पहुंचाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है। मारपीट का मामला सामने नहीं आया है।
**-पंकज सिंह, प्रभारी निरीक्षक, रौनाही**

# राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार किया

**हमीरपुर**। अधिवक्ताओं की हड़ताल 19 वें दिन भी जारी रही। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय लोक अदालत के बहिष्कार के निर्णय पर कायम अधिवक्ताओं ने प्रातः नौ बजे ही बस स्टैंड से जजी रोड में संगम स्टूडियो के पास, तहसील रोड पर न्यायिक अधिकारियों को रोकने की पूर्ण नाकाबंदी की गई। दूर दराज से आए वादकारियों का तीनों जगह हुजूम लगा रहा। किन्तु एक भी वादकारियों को न्यायालय परिसर में अंदर नहीं जाने दिया।

अधिवक्ता संघ पिछले 20 फरवरी से फैमिली कोर्ट की महिला जज के खिलाफ हड़ताल पर हैं। शनिवार को अधिवक्ताओं पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत लोक अदालत का बहिष्कार किया। आंदोलन को देखते प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती के साथ एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी खड़ी रही।

## एक नजर

### संदेशखालि को लेकर सरकार पूरी तरह नाकाम : चंद्रशेखर

**अमृत विचार, लखनऊ :** संदेशखालि (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं, बच्चों एवं कुछ परिवारों पर अमानवीय अत्याचार एवं हिंसा हो रही है। इसे रोकने पर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। राजनीति व धार्मिक कारणों से प्रेरित ये कृत्य पुलिस प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। यह जानकारी अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने सदर स्थित एक होटल में आयोजित महासभा की बैठक में दी। बैठक में लखनऊ जिला अध्यक्ष विशाल कनौजिया, धनंजय सिंह, मनोज कुमार, अरविंद नाथ गुप्ता, किशन, मुकेश, ओम प्रकाश सिंह, अमर, श्याम मलहोत्रा, विनोद मलहोत्रा, वंसराज यादव, सुनील यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 1040 गरीबों को प्रधानमंत्री देंगे लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात

## 10 लाभार्थियों को सौंपेंगे सपनों के घर की चाबी, आजमगढ़ से करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 1040 गरीबों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री आजमगढ़ में कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल तरीके से प्रोजेक्ट का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 10 लाभार्थियों को सपनों के घर की चाबी सौंपेंगे।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चेलेंज इंडिया के तहत आवास विकास की अवध विहार योजना के सेक्टर पांच में इन मकानों का निर्माण कराया है। 14 मंजिला इस इमारत में नवीन 'स्टे इन प्लेस फार्मवर्क' तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक से बने मकान टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल एवं आपदारोधी होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनवरी 2021 को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। परियोजना की कुल निर्माण लागत 130.90 करोड़ रुपये है।



- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अवध विहार योजना में बनाए गए 1040 मकान
- देश में छह जगहों पर बनाए गए हैं अलग-अलग तकनीक पर लाइट हाउस प्रोजेक्ट

### लाभार्थियों को देने होंगे 5.26 लाख रुपये

एक आवास की लागत 12.59 लाख रुपये है। लेकिन लाभार्थियों को 5.26 लाख रुपये देने होंगे। परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने केंद्रांश 1.50 लाख रुपये के अलावा टीआईजी के रूप में 4 लाख रुपये दिए हैं। राज्य सरकार ने एक लाख रुपये और टीआईजी के रूप में 1.33 लाख रुपये दिए हैं। परियोजना में कुल 7.83 लाख रुपये अनुदान दिया गया है।

**34.50 वर्गमीटर क्षेत्रफल के हैं 1040 फ्लैट :** लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 34.50 वर्गमीटर कारपेट एरिया के कुल 1040 भवन बनाये गए हैं। परियोजना में आवास के साथ-साथ कम्युनिटी सेंटर, कॉमर्शियल सेंटर, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), पेयजल, ड्रेजने, आन्तरिक सड़कें, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर लाइट, खुला हरित क्षेत्र, पार्किंग आदि सुविधाएं दी गयी हैं।

**नई तकनीक पर इन शहरों में बनाये गए हैं मकान :** उत्तर प्रदेश सहित देश के छह राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाइट हाउस प्रोजेक्ट तैयार किये गए हैं। इन बहुमंजिला इमारतों में हर जगह अलग-अलग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। लखनऊ के अलावा, चेन्नई, राजकोट, रांची, त्रिपुरा और इंदौर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत गरीबों के लिए आवास बनाये गए हैं।

# नशे के अंतर्राष्ट्रीय तस्कर को एसटीएफ ने पकड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नागालैण्ड में था वांछित वाराणसी में हत्थे चढ़ा

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने नशे के अंतर्राष्ट्रीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। नागालैण्ड में वांछित तस्कर रामानन्द यादव वाराणसी में हत्थे चढ़ा है। यह गाजीपुर जिले का मूल निवासी है।

अपराधियों की धर-पकड़ में जुटी एसटीएफ को उसके वाराणसी में होने की सूचना मिली थी। उस आधार पर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि वह नागालैण्ड में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। उसी दौरान उसका सम्पर्क नशे के स्थानीय तस्करों के साथ-साथ नेपाल के भी तस्करों से हो गया। नेपाल व देश के अन्य कोने से मादक पदार्थ लाकर अपने गैंग के सदस्यों के साथ नागालैण्ड में बेचता था। इसी दौरान वर्ष 2014 में 5 किग्रा डोडा (मादक पदार्थ का प्रकार) के साथ थाना बारा चट्टी जनपद गया (बिहार) में अपने 4 साथियों के साथ गिरफ्तार हुआ था। जमानत पर छूटने के बाद वह फिर अपने गैंग के साथ सक्रिय हो गया। इसी साल उसके गैंग के 2 सदस्यों को नागालैण्ड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। उस दौरान रामानन्द यादव आदि फरार हो गये थे।

# 2.70 लाख रोजगार देंगे प्रदेश में स्थापित हो रहे बड़े इंडस्ट्रियल पार्क

## 13 पार्क के तहत प्रदेश में हो रहा 14,634 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के कई जनपदों में इंडस्ट्रियल पार्क में 14,634 करोड़ रुपये के निवेश के साथ ही 2.70 लाख लोगों के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध जाने जा रहा है। इनमें सबसे बड़े पार्कों की संख्या 13 है। अकेले 2.5 लाख रोजगार कानपुर नगर में स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क से मिलने जा रहा है। वहीं, बागपत, बाराबंकी, बरेली, चंदौली, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, सहारनपुर और शाहजहांपुर में भी इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं।

शासन के मुताबिक निजी इंडस्ट्रियल पार्क के मामले में कानपुर नगर बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए सबसे ज्यादा रोजगार प्रदान करने को तैयार है। यहां पर मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लि. 5850 करोड़ की लागत से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित कर रही है। यह इंडस्ट्रियल पार्क रिकॉर्ड 2.5 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। इसके साथ ही अयोध्या में क्रेसेंडो इंटीरियर्स 500 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना कर रहा है, जिससे 100 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा तो बाराबंकी में लखनऊ एच एम ग्रीन सिटी प्रा. लि. 150 करोड़ रुपये से इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित कर रहा है। इसकी स्थापना के बाद यहां पर 200 लोगों को रोजगार हासिल होगा।

शाहजहांपुर में भी लेटेस्टप्लस अपैरल प्रा. लि. 5000 करोड़ के निवेश से इंडस्ट्रियल पार्क बना रहा है। यह पार्क 1000 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। इसके अतिरिक्त बरेली में रियलप्लाई प्लाइवुड्स एलएलपी 408 करोड़ की लागत से शुरू कर रहे प्रोजेक्ट के जरिए 1000 लोगों को, जबकि चंदौली में डीआरएस डेवलपर्स 50 करोड़ के निवेश से प्लेज स्कीम के अंतर्गत 150 लोगों के रोजगार का प्रबंध कर रहा है।



- कानपुर नगर में स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क से सर्वाधिक 2.5 लाख रोजगार का हो रहा सृजन
- बागपत, बाराबंकी, बरेली, मेरठ, शाहजहांपुर आदि जिलों में भी स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क

### पश्चिमांचल में भी देंगे हजारों रोजगार

प्रदेश के पश्चिमांचल में भी बड़े पैमाने पर इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। इसमें बीएमआर बिल्डकॉन प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. बागपत में 200 करोड़ से 30 एकड़ इंडस्ट्रियल पार्क के जरिए 1200 लोगों के लिए नौकरियां सृजित करेगा, जबकि बागपत में ही कालिंदी एस्टेट प्रा. लि. 200 करोड़ से 25 एकड़ इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करके 1430 लोगों को रोजगार देगा। गाजियाबाद में मल्टीविंग्स इलेक्ट्रिक एलएलपी 500 करोड़ से लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण कर रहा है। यह 800 लोगों के लिए नौकरियां प्रदान करने में सक्षम होगा। जबकि हापुड़ में शिव शंकर इंडस्ट्रीज 350 करोड़ के निवेश से 500 लोगों के लिए रोजगार के द्वार खोलेगा। मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एस्टेट 626 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल पार्क बना रहा है, जिससे 6570 लोगों को रोजगार मिलेगा। मेरठ में ही पसवारा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. भी इंडस्ट्रियल पार्क में 300 करोड़ के प्रोजेक्ट में निवेश कर रहा है जो 500 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। सहारनपुर में पुलस्तया इंडस्ट्रियल पार्क लि. भी 500 करोड़ से इंडस्ट्रियल पार्क निर्मित कर रहा है। इससे 5000 लोगों की रोजी रोटी के प्रबंध किए जाने की उम्मीद है।

### हर सुविधा से लैस होंगे इंडस्ट्रियल पार्क

प्रदेश में स्थापित किए जा रहे इन प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क में औद्योगिक इकाइयों के लिए सभी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। पार्क के मैन्युफैक्चरिंग जोन में फ्लैटनुमा कारखाने और फैक्ट्री शेड होंगे। सामान्य सुविधाओं के तहत बिजनेस व शॉपिंग सेंटर, इन्क्यूबेशन सेंटर, होटल व रेस्टोरेंट, हॉस्टल, ऑफिस ब्लॉक, स्वास्थ्य व संचार सुविधाएं, पुलिस व फायर स्टेशन आदि होंगे। इन इंडस्ट्रियल पार्क में बिजली, पानी, सड़क की सुविधा के अलावा कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, टेस्टिंग व सर्टिफिकेशन लैब भी होंगे। लॉजिस्टिक्स के तहत वेयरहाउस, कंटेनर व ट्रक टर्मिनल, रेलवे साइडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, फ्यूल स्टेशन आदि सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके अलावा हरियाली से भरा ग्रीन जोन भी होगा। यही नहीं, सुरक्षा की दृष्टि से भी यहां सिक्योरिटी गार्ड व पुलिस थाना जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# रमजान और ईद पर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम करें अफसर : डीजीपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को रमजान और ईद पर्व को लेकर प्रदेश के सभी पुलिस अफसरो को पुख्ता सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

डीजीपी ने कहा कि पुलिस अफसर कार्यक्रमों के आयोजक, पीस कमेटी एवं धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर समस्त कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर लें। मजिस्ट्रेट एवं अन्य विभागों के अफसरों से समन्वय स्थापितकर त्योहारों से संबंधित समस्त समस्याओं का समाधान समय से करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाए। थानों में मौजूद त्योहार रजिस्टर एवं रजिस्टर नम्बर आठ में उपलब्ध सारी प्रविष्टयों का अध्ययन कर लिया जाए। असामाजिक और अवांछनीय तत्वों की सूची को अद्यावधिक कर आवश्यकतानुसार उनके विरुद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्रवाई कर ली जाए।

त्योहारों के मद्देनजर समस्त ट्रबल स्पॉट, हॉट स्पॉट की सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर भ्रमण कर समीक्षा करने और पूर्व विवादों और घटनाओं की को देखते हुए प्रभावी पुलिस प्रबंधन सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों, संवेदनशील एवं आबादी वाले स्थानों, जुलुस के मार्गो पर ड्रोन कैमरे, सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाए। लगातार पुलिस मोबाइल गश्त एवं फूट पेट्रोलिंग किया जाए।

# खत्म कर देनी चाहिए ईडी और सीबीआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई के काम करने के तरीके पर कहा कि ऐसी संस्थाएं हमेशा के लिए खत्म कर देनी चाहिए। जैसे नेताजी मुलायम सिंह यादव ने सत्ता में आने पर व्यापारियों पर लगने वाली चुंगी समाप्त कर दी थी।

अखिलेश का आरोप रहा कि ऐसी एजेंसियों का इस्तेमाल केन्द्र सरकार विरोधी दलों को डराने-धमकाने के लिए कर रही है। वहीं, सपा प्रमुख ने इशारों ही इशारों में भाजपा सरकार की तुलना हिटलर के शासन से की। अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 सालों से अधिक तो हिटलर का शासन नहीं चल सका। इनके भी 10 साल हो चुके हैं। उप्र. की जनता अगर स्वागत भी अच्छे से करती है तो वह अच्छे से विदाई भी करना जानती है।

अखिलेश यादव शनिवार को सपा मुख्यालय में भाजपा, रालोद और बसपा से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

**मायावती का जताया आभार :** बसपा प्रमुख मायावती द्वारा एक बार फिर से अकेले लोस. चुनाव लड़ने पर अखिलेश यादव ने कहा कि इसके लिए उन्हें धन्यवाद। बता दें कि मायावती ने शनिवार सुबह ही सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बसपा के किसी भी गठबंधन में शामिल होने की बातें अफवाह हैं। बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी।



सपा मुख्यालय में भाजपा, रालोद और बसपा से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के दौरान सपा प्रमुख अखिलेस यादव, साथ में अन्य। अमृत विचार

- कहा, 10 सालों से अधिक तो हिटलर का शासन नहीं चल सका

### ये नेता सपा में हुए शामिल

शनिवार को सपा में डॉ. सीताराम राजपूत भाजपा छोड़कर अपने समर्थकों के साथ शामिल हो गए। इसके अलावा, रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे लतेश विधूड़ी, परवेज आलम, बसपा के इलियास अंसारी, कुशीनगर, पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, हरदोई के तिलक चंद्र वर्मा, औरैया के पूर्व विधायक मदन गौतम और सुबोध यादव भी सपा के साथ आ गए।

# यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने सीडीएफडी में समझी फॉरेंसिक की बारीकियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीएनए व फिंगर प्रिंटिंग पर हुई चर्चा : डॉ0.गोस्वामी
- इससे फॉरेंसिक के क्षेत्र में न्याय दिलाने में मिलेगा मजबूत साक्ष्य

**अमृत विचार :** यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने सीडीएफडी हैदराबाद में नमूना संग्रह, डीएनए प्रोफाइल तैयार करने तक डीएनए फिंगरप्रिंटिंग की प्रक्रियाओं पर आधारित बारीकियां समझी। इस दौरान डीएनए प्रिंटिंग, फिंगर प्रिंटिंग पर गहराई से चर्चा हुईं।

यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने इस कार्यक्रम में फोरेंसिक से संबंधित उन सभी आवश्यक बारीकियों को सीखा, जिसे फॉरेंसिक के क्षेत्र में पहलकर साक्ष्य के रूप में संग्रह करना और उसे न्याय दिलाने में मजबूत साक्ष्य के रूप में खड़ा किया जा सकता है।

यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सीडीएफडी के निदेशक डॉ. संगीता मुखोपाध्याय के बीच 13 फरवरी 2024 को एमओयू साइन किया गया था। उसके चलते यूपीएसआईएफएस के छात्रों को यह पहला मौका मिला था।

उन्होंने बताया कि उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) लखनऊ के छात्रों का एक दल सेंटर फॉर डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक (सीडीएफडी) हैदराबाद में एक सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण सफलता के साथ पूर्ण किया। इसमें एक दर्जन से अधिक छात्र शामिल थे, जो संस्थान के फॉरेंसिक विषयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

डॉ. गोस्वामी ने यह भी बताया कि छात्रों ने फिनोल, क्लोरोफॉर्म और आइसो-एमाइल अल्कोहल (पीसीआई) का उपयोग करके डीएनए निष्कर्षण की विभिन्न विधियों जैसे कार्बनिक विधि और चुंबकीय मनका आधारित तरीके और जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस और रियल-टाईम पीसीआर द्वारा डीएनए मात्रा निर्धारण के बाद एसटीआर एम्प्लिफिकैसन और जीनोटाइपिंग द्वारा डीएनए प्रोफाइल तैयार करना भी सीखा।

# अकेले लड़ेंगे चुनाव : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- बसपा प्रमुख ने किसी तीसरे मोर्चे और गठबंधन करने की अटकलों पर लगाया विराम

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के इंडिया गठबंधन में शामिल होने अथवा कोई तीसरा मोर्चा बनाने की चर्चाओं के बीच बसपा प्रमुख मायावती ने स्थिति स्पष्ट की है। बसपा प्रमुख ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया पोस्ट करते हुए इन दोनों संभावनाओं से इंकार किया है।

मायावती ने अपनी पोस्ट में शनिवार को लिखा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना गलत है। उन्होंने सुझाव दिया कि मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए।

मायावती के मुताबिक, ऐसी अफवाहों से लोग भी सावधान रहें। ख़ासकर उप्र. में बसपा की काफी मजबूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। किन्तु बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है।

पहले भी मायावती ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह स्पष्ट किया था कि बसपा लोकसभा का चुनाव अकेले ही लड़ेगी और वह किसी भी दल के साथ गठबंधन में शामिल नहीं होंगी।


## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1. 1. खाद्य पदार्थ का बासी हो जाना 2. खाने-पीने के पदार्थों से बदबू आना गंधाना, सड़ना।
4. सूबेदार का ओहदा या पद, सूबेदार का कार्य।
6. वह कागज़ जिसपर इकरार और उसकी शर्तें लिखी हों, शपथपत्र, प्रतिज्ञापत्र।
7. 1. जो वैधानिक न हो, अवैधानिक 2. अकरणीय, अकर्तव्य।

**ऊपर से नीचे**

2. समान जाति से संबंधित, समान जाति या प्रकार के।
3. अनुपम, उत्कृष्ट, बेहतरीन, बेजोड़।
4. 1. प्राचीनकाल में सूबे अर्थात प्रांत का प्रधान अधिकारी अथवा प्रादेशिक शासक, (गवर्नर) 2. वर्तमान में फ़ौज का एक छोटा अधिकारी।
5. 1. हिम का घर 2. हिमालय पर्वत।
6. 1. बाण, तीर 2. (ज्यामिति) वृत्त के अंदर जीवा के मध्य-बिंदु से परिधि तक खींची जाने वाली सीधी रेखा।



### वर्ग पहेली -4 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 गु | | | | | 2 ते |
| 3 जु | ला | ब | | 4 खं | | गा |
| | ब | | 5 सौ | गा | त | |
| | 6 पा | नी | दा | र | | 7 बि |
| | श | | सू | | | खे |
| 8 साँ | | 9 इं | त | हा | | र |
| ड़ | | | | | | ना |

## सुडोकू -84

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 7 | | 5 | | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 1 | | | |
| 2 | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | | 2 | 5 | 4 | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | 6 | 1 | | | 8 | | |
| 5 | | | | 7 | | | | 2 |
| 4 | | | 9 | | 3 | | 6 | |
| | | | | 1 | 8 | | 9 | |

### सुडोकू -83 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 14.29 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पूर्वभाद्रपद 11 मार्च 01.55 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। लंबित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है।

**वृष** — आज मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा, जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बनाएंगे। व्यापार में जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**मिथुन** — आज जॉब में बदलाव करने का विचार बनाएंगे। प्रेम संबंधों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी। अपने काम को लेकर सतर्क रहें। समय के अनुसार अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — आज रक्तचाप और किडनी के रोगियों की परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी। किसी भी तरह की उधारी न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें।

**सिंह** — आज माता के स्वास्थ्य की चिंत रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। ऑफिस में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आपको ज्यादा मेहनत करने के बाद ही अच्छे परिणाम मिलेंगे। ट्रैफिक नियमों में लापरवाही न करें।

**तुला** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में परिजन किसी बात से रुष्ट हो सकते हैं। अपनी धार्मिक वृत्तियों का प्रदर्शन ज्यादा न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** — आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण करें। आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**धनु** — आज बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं। अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**मकर** — आज संपत्ति विवाद से दूर रहें। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ** — आज ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। बॉस से बेवजह कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में अपनी दखलंदाजी न करें। अपनी बातों को दूसरों से मनवाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**मीन** — आज सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- खुद्दार — दोपहर : 12.00
- मेला — रात : 08.39

SONY MAX
- अर्जुन पटियाला — सुबह : 10.56
- हसीन दिलरुबा — रात : 07.00

SONY PIX
- एक्वामैन — सुबह : 09.52
- स्पाइडर मैन — रात : 07.59

ZEE CINEMA
- कार्तिक कॉलिंग कार्तिक — सुबह : 10.30
- रेस 3 — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
- बेटा — दोपहर : 12.03
- मैं हूं ना — रात : 08.02

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बार एक दामाद शराब पी के घर लौटा। ससुराल वाले से बचने के लिए सूटकेस खोलकर काम करने लगा।
ससुर-आज फिर पी के आए हैं
दामाद-नहीं
ससुर-तो सूटकेस खोल के क्या रेडियो स्टेशन लगा रहे हैं।
ससुर की बात सुनकर दामाद का सारा नशा उतर गया।

गोलू पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी-कितना कमा लेते हो?
गोलू-20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू-मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

# हमने पूर्वोत्तर में पांच साल में जो किया, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लगते: मोदी

ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), एजेंसी

● प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर के राज्यों में किया 55,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले पांच साल में पूर्वोत्तर भारत में जिस तरह का विकास कार्य किया है, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते। प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में एक जनसभा में कहा-दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के साथ भारत के व्यापार, पर्यटन और अन्य संबंधों में पूर्वोत्तर एक मजबूत कड़ी बनेगा। आज यहां 55,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश आने वाला कोई भी व्यक्ति स्पष्ट रूप से देख सकता है कि मोदी की गारंटी क्या है। उन्होंने कहा, ''पूरा पूर्वोत्तर देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं, तब विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के नेता उन पर हमला कर रहे हैं।

**मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का किया उद्घाटन:** मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का शनिवार को उद्घाटन किया जो अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि 2019 में सेला सुरंग की नींव रखे जाने के बाद इसका का उद्घाटन मोदी की गारंटी का प्रमाण है।

### सिलीगुड़ी को 4,500 करोड़ रुपये की सौगात

**सिलीगुड़ी।** प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तरी पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शनिवार को लोकार्पण किया। मोदी ने राज्य की अपनी तीसरी यात्रा के दौरान क्षेत्र के सबसे बड़े शहर सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी मौजूद थे।

### पीएम ने त्रिपुरा में बंदरगाह का किया उद्घाटन

**अगरतला।** प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में तीसरे भूमि बंदरगाह का शनिवार को वर्चुअली उद्घाटन किया, जिसका मकसद बंगलादेश के चटगांव समुद्री बंदरगाह के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ देश के पूर्वोत्तर के व्यापार को अधिक सुविधाजनक बनाना है। भारत ने त्रिपुरा को बंगलादेश से सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए फेनी नदी पर पहले ही एक पुल का निर्माण किया है।

### मोदी ने बोड़फूकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

**जोरहाट (असम)।** प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वी असम के जोरहाट में 'अहोम सेनापति' लचित बोड़फूकन के समाधि स्थल पर उनकी 125 फुट ऊंची कांसे की प्रतिमा का शनिवार को अनावरण किया। इस 'स्टैच्यू ऑफ वेलर' (वीरता की प्रतिमा) की ऊंचाई 84 फुट है और इसे 41 फुट की चौकी पर स्थापित किया गया है। इससे यह संरचना 125 फुट ऊंची हो गयी है। प्रधानमंत्री ने टोक के समीप होलोंगापार में लचित बोड़फूकन मैदाम डेवलेपमेंट प्रोजेक्ट में इस प्रतिमा का अनावरण किया। 16.5 एकड़ से अधिक के इस क्षेत्र का विकास एक पर्यटक स्थल के रूप में किया जा रहा है जो क्षेत्र के इतिहास को दर्शाता है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने फरवरी 2022 में इस प्रतिमा की नींव रखी थी।



चेन्नई में शनिवार को एयरफोर्स चीफ वीआर चौधरी के साथ ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड और पिपिंग समारोह के दौरान कैडेट। ● एजेंसी

## एक नजर

### अरुणाचल के पूर्व सीएम ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने आगामी लोकसभा और विस चुनावों से पहले कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी के एक नेता ने शनिवार को बताया कि पार्टी के तीन विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद तुकी ने शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को अपना इस्तीफा भेजा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव ग्यामर ताना ने कहा-विधायकों को अन्य राजनीतिक दलों में जाने से नहीं रोक पाने के कारण पूर्व मुख्यमंत्री ने नैतिक आधार पर इस्तीफा दे दिया।

### राजस्थान में चाकू घोंपकर कांस्टेबल की हत्या

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में दो पक्षों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सरूपगंज थाने में तैनात कांस्टेबल निरंजन सिंह की ड्यूटी शुक्रवार रात लौटाना गांव में आयोजित हो रहे शिवरात्रि मेले में थी। उसने बताया कि मेले में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई और कांस्टेबल ने बीच बचाव किया। इसी दौरान किसी ने सिंह की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## सोनिया और लालू का एकमात्र लक्ष्य बेटों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना

पटना, एजेंसी

● गृह मंत्री अमित शाह ने पटना के एक सम्मेलन में लगाया आरोप



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का एकमात्र लक्ष्य अपने-अपने बेटों को क्रमशः प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है।

शाह ने पटना के पालीगंज प्रखंड में भाजपा के ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित पिछड़ा-अतिपिछडा महासम्मेलन में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बिहार दौरे का जिक्र करते हुए कहा-अभी-अभी मोदी जी आए थे, उन्होंने देश भर में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया है। मगर मोदी जी को बिहार की जनता की ओर से एक विशेष बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव जी सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया। बिहार के पिछड़ा वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। उन्होंने आरोप लगाया-कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू जी ने भी पूरा जीवन पिछड़ों के नाम पर अपने परिवार के लिए जीया।

शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। लालू जी का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। मुझे बताइए, जो अपने बेटे-बेटियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना चाहते हों, वे आपके बेटे का भला कर सकते हैं क्या। उन्होंने कहा-पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग, गरीब और दलित का अगर कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी कर सकती है, इसलिए हमने कई प्रकार के काम गरीबों के लिए किया है। नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के अंदर पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग के लिए ढेर सारे काम किए हैं। लालू जी जिसकी गोदी में बैठे हैं, उस कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग का अपमान किया।

## कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद राजूखेड़ी भाजपा में शामिल

भोपाल, एजेंसी

**कांग्रेस पार्टी को लगा एक बड़ा झटका**

मध्य प्रदेश में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कांग्रेस के साथ पांच दशक के अपने जुड़ाव को अलविदा कह दिया और शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।

पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र राजूखेड़ी और कांग्रेस के कई पूर्व विधायक सुबह भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। यह कदम मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि पार्टी छोड़ने वाले उसके सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है। गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले 71 वर्षीय पचौरी केंद्रीय रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह कांग्रेस के चार बार राज्यसभा सदस्य भी रहे हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पचौरी ने कांग्रेस की आलोचना की।

## पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा सांसद कुनार हेम्ब्रम ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कुनार हेम्ब्रम ने शनिवार को कहा कि उन्होंने लोकसभा की सदस्यता और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हेम्ब्रम ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने निजी कारणों से यह फैसला लिया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा-हेम्ब्रम ने कुछ दिन पहले पार्टी को अपने फैसले के बारे में सूचित किया था। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने पराजय को भांपते हुए इस्तीफा दिया है। तृणमूल सांसद शांतनु सेन ने कहा-उन्हें पता है कि भाजपा सीट हारने वाली है।

### बोफोर्स मामला: हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** राजनीतिक रूप से संवेदनशील 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स घूस कांड में हिंदुजा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को रद करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 2005 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक अर्जी दाखिल की गई है।

अधिवक्ता अजय अग्रवाल की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने दो नवंबर, 2018 को उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अर्जी खारिज कर दी थी। इसमें यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी उस फैसले के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील में सभी आधार उठा सकती है।

# सपा को बुंदेलखंड से किसी दिग्गज की तलाश

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**खजुराहो संसदीय क्षेत्र**

● पिछले चुनाव में ददुआ के लड़के को उतारा था सपा ने

● उमा भारती की चुप्पी से सपा को होगा फायदा

**अमृत विचार:** इंडिया गठबंधन के तहत मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने बुंदेलखंड के अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र समाजवादी पार्टी को दिया है। 2019 में सपा ने दस्यु सरगना ददुआ के पुत्र वीर सिंह पटेल को यहां से उम्मीदवार बनाया था और उनकी जमानत जब्त हो गई थी। इस बार फिर सपा बुंदेलखंड के किसी दिग्गज को तलाश रही है जिसमें झांसी के दीप नारायण यादव का नाम सबसे आगे चल रहा है।

गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश में सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं और मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने मात्र एक सीट खजुराहो सपा को दी है। यदि 2009, 2014 एवं 2019 के चुनाव नतीजों पर नजर डालें तो सपा को तीनों बार पांच प्रतिशत से भी कम मत मिले हैं। लेकिन इस बार उसे कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की नाराजगी से जीत की संभावना है। 2019 में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद विष्णु दत्त शर्मा को 64.49 प्रतिशत एवं सपा के वीर सिंह पटेल को मात्र 3.19 प्रतिशत मत मिले थे। हालांकि उस समय कांग्रेस के पूर्व विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की पत्नी कविता सिंह को 25 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले थे। इसी तरह 2009 में भाजपा के विजयी उम्मीदवार नागेंद्र सिंह को 54.3 प्रतिशत एवं सपा के सिद्धार्थ कुशवाहा को 4.58 प्रतिशत मत मिले थे जबकि कांग्रेस के राजा पटेरिया को 26 प्रतिशत मत मिले थे। 2009 के चुनाव में भी सपा के उम्मीदवार जयवंत सिंह का प्रदर्शन सबसे खराब था। उन्हें मात्र तीन प्रतिशत मत मिले थे। जितेंद्र सिंह बुंदेला ने 39.33 प्रतिशत मत पाकर विजय हासिल की थी। इस प्रकार उक्त तीनों चुनावों में सपा का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं था लेकिन इस बार सपा ने एक सोची समझी रणनीति के तहत कांग्रेस से यह सीट अपने खाते में ली है। इसके पीछे दो बड़े कारण है। वहां से पांच बार चुनाव जीतने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का भाजपा से मोह भंग होना और जातीय समीकरण के तहत ब्राह्मणों के मुकाबले वहां पिछड़ा एवं दलित मतदाताओं की संख्या बहुत ज्यादा होना। पिछले चुनाव में बीजेपी ने चार दशक बाद ब्राह्मण उम्मीदवार शर्मा को मैदान में उतारा था।

जाति समीकरण के तहत ही इस बार सपा पिछड़े वर्ग के ऐसे उम्मीदवार को तलाश रही है जो आर्थिक रूप से भी संपन्न हो। जिसमें दीप नारायण यादव का नाम सबसे ऊपर है। खजुराहो संसदीय क्षेत्र छतरपुर, पन्ना एवं कटनी जिले के अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्रों में विभाजित है और सभी में भाजपा के विधायक हैं इसलिए यह सीट भाजपा के लिए मजबूत मानी जा रही है।

मध्य प्रदेश में सपा का पहली बार खाता खजुराहो संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चंदला विधानसभा क्षेत्र से विजय बहादुर सिंह बुंदेला ने खोला था और उनके नेतृत्व में सपा के एक-एक करके 7 विधायक भी निर्वाचित हुए थे लेकिन इस बार बुंदेला भाजपा में हैं।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2600 -4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000 -2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800 -5900 |
| अरहर | 7500 -8000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 3900 -4000 |
| उड़दहरा | 10000 -10200 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूंग | 8500 -8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14600-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 7000-7100 |
| मटरदाल | 5000-5100 |
| मसूरमलका | 7000-7050 |
| मसूरदाल | 7100-7150 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800 -10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1450-1500 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500 -4600 रुपये। |

# कीमतें नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय करेंगे

## वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले-खाद्य पदार्थों के दामों पर काबू पाने में होंगे सफल

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार प्याज से लेकर टमाटर और दालों जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने किसी भी अस्थायी बढ़ोतरी के कुछ दिनों के भीतर दरों को नियंत्रित करने के मोदी सरकार के पिछले रिकॉर्ड का हवाला दिया। गोयल के पास खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय भी है।

उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना जारी रखेगी कि "हमारी नारी-शक्ति" के घरेलू बजट पर कोई तनाव न हो। केंद्रीय मंत्री ने आम चुनावों से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण को लेकर सरकार की रणनीति के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा-हम इस पर काबू पाने में सफल रहेंगे... और मैं लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि यह सरकार भारत की महिलाओं की परवाह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खाद्य मुद्रास्फीति से लड़ने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष में लगभग 28,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। गोयल ने कहा-हम अपनी बहनों और माताओं के साथ आगे भी खड़े रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम उन्हें तनाव न दें... हम यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं कि हम अपनी नारी-शक्ति का सम्मान करते हैं और इस बात का सम्मान करते हैं कि उन्हें अच्छा घरेलू बजट मिलना चाहिए। चुनाव आयोग जल्द ही आम चुनाव की घोषणा कर सकता है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है।

### आईपीआर कानून से विकास को तेजी से बढ़ावा मिला



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानून से देश में अनुसंधान और विकास को तेजी से बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा-हम आईपीआर कानूनों को सुविधा तथा प्रोत्साहन देने वाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और निश्चित रूप से ये कानून अनुसंधान एवं विकास की प्रक्रिया में बाधा नहीं है। हमने कई कदम उठाए हैं और मैं इस विशेष नीति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि इस नीति को 2016 में काफी विचार-विमर्श के बाद लाया गया। वित्त मंत्री ने पेटेंट कानून पर न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि जो लोग नवाचार करना चाहते हैं, उन्हें यह कानून सुरक्षा देता है। सीतारमण ने कानून का विवरण साझा करते हुए कहा कि आठ अलग-अलग वस्तुएं, जिनका बौद्धिक संपदा से कुछ संबंध हैं, उन सभी को एक छतरी के नीचे एक साथ लाया गया है।

### रेल मंत्री ने वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का किया अनावरण

**बेंगलुरु।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) संयंत्र में वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का अनावरण किया। बीईएमएल रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता है और रक्षा, अंतरिक्ष, खनन, निर्माण, रेल और मेट्रो जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए उत्पाद बनाता है। इसे वंदे भारत शयनयान के 10 ट्रेनसेट (160 डब्बे) बनाने का ठेका मिला है। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के तीन संस्करण हैं - चेयर कार (कुर्सी यान), स्लीपर (शयनयान) और मेट्रो। जहां कुर्सीयान खंड पहले ही पेश हो चुका है और काफी लोकप्रिय है, वहीं वंदे भारत शयनयान की पहली संरचना तैयार है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा-अब इसकी साज-सज्जा का काम होगा। संरचना बनाना सबसे मुश्किल काम है।

## भारत, ईएफटीए आज करेंगे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

● अधिकारी ने कहा-समझौते को 7 मार्च को मिल चुकी है मंजूरी




भारत और यूरोपीय समूह 'ईएफटीए' आपस में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार सदस्य-आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस समझौते को 7 मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई। समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) कहा गया। उन्होंने कहा कि एफटीए के इतिहास में पहली बार ईएफटीए से भारत में लक्ष्य-उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के बारे में एक कानूनी प्रतिबद्धता को समझौते में शामिल किए जाने की उम्मीद है। भारत ने समझौते के कार्यान्वयन के बाद पहले 10 साल के दौरान 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता और उसके बाद अगले पांच वर्षों में ब्लॉक के सदस्य देशों से 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मांगी है। समझौते के तहत यह प्रतिबद्धता शुल्क कटौती से जुड़ी होगी। इस निवेश से देश में करीब 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। देशों को निर्यात से से ज्यादा लाभ होने की संभावना है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,300-50,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## शीर्ष छह शहरों में कार्यालय स्थल की मांग 5 से 5.5 करोड़ वर्ग फुट रहने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

● फिक्की और कोलियर्स इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

भारत के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल की मांग इस साल अच्छी रहेगी। फिक्की-कोलियर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार घरेलू और विदेशी कंपनियां अपने व्यवसाय विस्तार के लिए 2024 में 5-5.5 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र पट्टे पर ले सकती हैं। छह प्रमुख शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई और पुणे में कार्यालय स्थल का कुल पट्टा 5.82 करोड़ वर्ग फुट था।

उद्योग निकाय फिक्की और रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपनी रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कार्यालय मांग के लिए तीन परिदृश्य दिए गए हैं - आशावादी, यथार्थवादी और निराशावादी। रिपोर्ट के अनुसार यथार्थवादी स्थिति में, इन छह शहरों में इस साल श्रेणी-क के कार्यालय स्थल का कुल पट्टा 5-5.5 करोड़ वर्ग फुट होने का अनुमान है। आशावादी स्थिति में यह आंकड़ा 5.5-6 करोड़ वर्ग फुट तक जा सकता है, जबकि निराशावादी परिदृश्य में यह 4.5-5 करोड़ वर्ग फुट तक गिर सकता है।


### एनसीएलटी ने इफको को अंतरिम राहत देने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने स्वान एनर्जी-इफको के संयुक्त उद्यम ट्रायम्फ ऑफशोर से कहा है कि वह अल्पांश शेयरधारक इफको के मुद्दों पर चर्चा के लिए चार अप्रैल से पहले एक बोर्ड बैठक आयोजित करे। इफको ने जलपोतों को संचालित करने की व्यवहार्यता के संबंध में कुछ सवाल उठाए थे। एनसीएलटी ने इफको की याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख चार अप्रैल तय की है। न्यायाधिकरण ने हालांकि इफको को अंतरिम राहत देने से इनकार किया। इफको ने कहा था कि उसकी मंजूरी के बिना संयुक्त उद्यम काम करने से रोका जाए।

## किसान और गांव के विकास बगैर भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती

रायपुर, एजेंसी

● छत्तीसगढ़ में किसान महाकुंभ को रक्षा मंत्री राजनाथ ने संबोधित किया



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि किसान और गांव के विकास बगैर भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। सिंह आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के 'साइंस' कॉलेज मैदान में किसान महाकुंभ में आए किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार पर भी भ्रष्टाचार में लिप्त होने और विकास को पटरी से उतारने का भी आरोप लगाया।

सिंह ने कहा-मैं एक किसान का बेटा हूं और गांव से हूं। किसान अपनी मेहनत से मिट्टी से सोना उगा सकते हैं। मेरी सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला केंद्र किसानों के कल्याण के लिए कई कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों और गांवों के विकास के बिना भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। सिंह ने कहा, ''अमेरिका में यूरिया उर्वरक का एक बोरी तीन हजार रुपए में उपलब्ध है.. भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां किसानों को तीन सौ रुपये प्रति बोरी के दर पर यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण महंगाई बढ़ी लेकिन मोदी सरकार ने बीज और खाद के दाम नहीं बढ़ने दिए हैं।

# इंग्लैंड पर पारी और 64 रन से जीत

## भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती, बैजबॉल शैली पर इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार

धर्मशाला, एजेंसी



प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव



रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट के एक पारी में 5 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त देकर उसकी 'बैजबॉल' शैली पर भी प्रश्न चिह्न लगा दिया। भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती। यह 'बैजबॉल' शैली अपनाने के बाद इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है।

इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही 195 रन पर सिमट गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने 84 रन बनाए। भारत श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था, लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक लेने के लिए प्रतिबद्ध था। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में हासिल की। ऐसे में यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों ने मौके का फायदा उठाया। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। भारत ने पहली पारी में सुबह केवल 4 रन जोड़कर अपने बचे दो विकेट गंवाए। जेम्स एंडरसन इस बीच टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने। उन्होंने कुलदीप (30) को विकेट के पीछे कैच करा कर यह उपलब्धि पाई। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (5 विकेट) ने जसप्रीत बुमराह (20) को आउट कर पांचवा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इसके बाद आक्रामक रूख अपनाया और विकेट गंवाए। कप्तान बेन स्टोक्स (2) को लंच से ठीक पहले अश्विन ने पवेलियन भेजा।

रोहित शर्मा पीठ में जकड़न से मैदान पर नहीं उतरे, ऐसे में बुमराह ने टीम की अगुआई कर अश्विन के साथ नई गेंद संभाली। अश्विन ने एक बार फिर बेन डकेट (2) को नहीं टिकने दिया। ये बल्लेबाज पिछले मैचों में भी अश्विन के सामने संघर्ष करता रहा। पिच से टर्न और उछाल मिल रही थी और ऐसे में अश्विन ने जैक क्रॉली (0) के लिए लेग स्लिप लगाई। उनकी गेंद इंग्लैंड के बल्लेबाज के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर लेग स्लिप में खड़े सरफराज खान के हाथों में चली गई। अश्विन ने ओली पोप (19) के रूप में तीसरा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाज ने सीधी गेंद पर स्क्वायर लेग पर कैच दिया। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (31 गेंद पर 39 रन) ने रूट के साथ मिलकर आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने अश्विन पर 3 छक्के भी लगाए लेकिन कुलदीप ने उन्हें पगबाधा कर दिया। इस बीच उनकी पहली स्लिप में खड़े शुभमन गिल से नोक-झोंक भी हुई। लंच के बाद भी कहानी नहीं बदली और भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाजों की नहीं चली। बेन फॉक्स (8) ने अश्विन की गेंद पर स्वीप करना चाहा लेकिन वहां बोल्ड हो गए। अश्विन ने इस तरह से 36वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। बुमराह ने इसके बाद टॉम हार्टली और मार्क वुड के विकेट लेकर भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | 477/10 (124.1 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन | 30 | 69 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह स्टं फोक्स बो बशीर | 20 | 64 | 2/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 02 | 0/0 |

अतिरिक्त: 6, विकेट पतन: 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, 9-477, 10-477, गेंदबाजी: जेम्स एंडरसन 16-2-60-2, मार्क वुड 15-1-89-0, टॉम हार्टली 39-3-126-2, शोएब बशीर 46.1-5-173-5, बेन स्टोक्स 5-1-17-1, जो रूट 3-0-8-0

| इंग्लैंड (पहली) 218 | (दूसरी पारी) 195/10 (48.1 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्राउली का सरफराज बो अश्विन | 00 | 16 | 0/0 |
| बेन डकेट बो अश्विन | 02 | 05 | 0/0 |
| ओली पोप का यशस्वी बो अश्विन | 19 | 23 | 3/0 |
| जो रूट का बुमराह बो कुलदीप | 84 | 128 | 12/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 39 | 31 | 3/3 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 02 | 10 | 0/0 |
| बेन फोक्स बो अश्विन | 08 | 17 | 0/0 |
| टॉम हार्टले पगबाधा बो बुमराह | 20 | 24 | 4/0 |
| मार्क वुड पगबाधा बो बुमराह | 00 | 02 | 0/0 |
| शोएब बशीर का जडेजा | 13 | 29 | 3/0 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 00 | 05 | 0/0 |

अतिरिक्त: 8, विकेट पतन: 1-2, 2-21, 3-36, 4-92, 5-103, 6-113, 7-141, 8-141, 9-189, 10-195, गेंदबाजी: बुमराह 10-2-38-2, अश्विन 14-0-77-5, रविंद्र जडेजा 9-1-25-1, कुलदीप 14.1-0-40-2, मोहम्मद सिराज 1-0-8-0

# लोग क्या सोचते हैं इससे मैं असहज नहीं: अश्विन

धर्मशाला, एजेंसी



रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान विभिन्न एक्शन और गति पर काम किया। उन्होंने कहा कि बाहरी प्रतिक्रियाओं पर ध्यान दिए बिना प्रयोग करना उनकी सफलता का राज है। इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया अंतिम टेस्ट अश्विन का 100वां टेस्ट मैच था। उन्होंने इस श्रृंखला में 26 विकेट लिए। अश्विन ने पांचवें मैच में भारत की पारी और 64 रन से जीत के बाद कहा कि पूरी श्रृंखला के दौरान मैंने भिन्न एक्शन और गति से गेंदबाजी की। यहां प्रत्येक मैदान से जुड़ी चुनौतियां होती हैं। लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, इसको लेकर मैं कभी असहज महसूस नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि अगर मुझे विश्वास है कि मैं कुछ नया करने की कोशिश कर सकता हूं तो फिर मैं उससे पीछे नहीं हटता। मैं अच्छा फीडबैक लेने के लिए अपने कान और आंखें हमेशा खुली रखता हूं। मेरा कोई एक तरीका काम नहीं कर रहा है लेकिन सौभाग्य से प्रयोग करना और कुछ नया सीखने से मुझे मदद मिली है।

### गुरु कुबंले को अश्विन ने छोड़ा पीछे

रविचंद्रन अश्विन ने धर्मशाला के मैदान पर अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होने एक पारी में 5 विकेट लेने के मामले में अपने आदर्श अनिल कुंबले को भी पीछे छोड़ दिया। अश्विन की गेंदबाजी की बदौलत भारत ने धर्मशाला टेस्ट मैच जीत लिया। अश्विन ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके टेस्ट करियर का यह 36वां मौका था जब उन्होने एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए। इससे पहले पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले यह 35 बार दोहरा चुके हैं। रविचंद्रन अश्विन इसके अलावा 100वें टेस्ट में फाइव विकेट हॉल लेने वाले भी चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न ने ही ऐसा किया था।

## खेल डायरी

### पीसीआई के नए अध्यक्ष झाझरिया ने कहा, पेरिस पैरालंपिक में 30 पदक जीतना होगा लक्ष्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने इस पद पर चुने जाने के बाद कहा कि पेरिस पैरालंपिक में भारत का लक्ष्य 30 पदक जीतना होगा जो तोक्यो में जीते गए पदकों से 11 अधिक हैं। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य सहित 19 पदक जीते थे। झाझरिया ने इन खेलों में भाला फेंक में रजत पाया था। झाझरिया ने कहा कि पेरिस खेलों में हमारा लक्ष्य 30 पदक जीतने का होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पैरा खेल और पैरा खिलाड़ियों पर ध्यान दे रही है। हमने 2016 में रियो में अच्छा प्रदर्शन किया था तथा तोक्यो में 19 पदक जीते थे।

### स्वियातेक आसान जीत के साथ अगले दौर में

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अमेरिका की डेनियल कोलिन्स को हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। स्वियातेक की अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ पांचवीं जीत है। स्वियातेक की सत्र में यह 15वीं जीत है। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में एंजेलिक कर्बर ने येलेना ओस्टापेंको को पराजित किया। पुरुष वर्ग में यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस पर जीत दर्ज की जबकि आंद्रे रुबलेव ने एंडी मरे को हराया। एलेजांद्रो टैबिलो, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, स्टेफानोस सितसिपास और एलेक्स डी मिनौर ने भी जीत हासिल की।

### एनसीएए के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने परवेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान शनिवार को अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने। एनसीएए दुनिया की प्रतिस्पर्धी कॉलेज प्रतियोगिता है जिसमें परवेज ने बोस्टन में पुरुष वर्ग की एक मील की स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। खान ने 3 मिनट 57.126 सेकेंड में एक मील की रेस में तीसरे स्थान पर रहकर एनसीएए इंडोर ट्रैक एवं फील्ड चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। 19 साल का भारतीय फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहा था, जिन्हें पिछले साल वहा कॉलेज स्कॉलरशिप मिली थी।

### हुसामुद्दीन विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर से बाहर

**बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी।** भारत के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन की चोट से उबरने के बाद वापसी निराशाजनक रही और वह पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 57 किग्रा भार वर्ग में आयरलैंड के जूड गैलाघेर से हार गए। वह विश्व चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल के दौरान बाएं घुटने में लगी चोट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। हुसामुद्दीन ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन गैलाघेर को बढ़त हासिल करने का मौका दिया।

# एंडरसन बने 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज

धर्मशाला, एजेंसी

इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। अपना 187वां टेस्ट मैच खेल रहे 41 वर्षीय एंडरसन ने शनिवार को भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन कुलदीप यादव को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना 700वां विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

उन्होंने शुक्रवार को शुभमन गिल के रूप में 699वां विकेट लिया था। टेस्ट में 600 से अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में केवल दो तेज गेंदबाज हैं। इस सूची में एंडरसन के बाद उनके साथी खिलाड़ी स्टुअर्ट ब्रॉड का नाम है। पिछले साल संन्यास लेने वाले ब्रॉड के नाम पर 604 विकेट हैं। सभी गेंदबाजों में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न (708 विकेट) का नंबर आता है। भारत के अनिल कुंबले चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 132 मैच में 619 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने तब खेलना शुरू किया जब सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग और ब्रायन लारा जैसे बल्लेबाज चरम पर थे। इस तेज गेंदबाज ने अगली पीढ़ी के बल्लेबाजों के सामने भी कड़ी चुनौती पेश की, जिनमें विराट कोहली, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन हैं। एंडरसन ने इस श्रृंखला में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश की।

तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा कि मैंने एंडरसन को पहली बार तब देखा जब वह 2002 में ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे थे। गेंद पर उनका नियंत्रण नजर आ रहा था। नासिर हुसैन ने तब उनकी प्रशंसा की थी और वह आज भी ऐसा करते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि वह कहेंगे 'मैंने बोला था' क्योंकि उन्होंने बहुत पहले उनकी प्रतिभा पहचान ली थी। तेंदुलकर ने कहा कि 700 टेस्ट विकेट शानदार उपलब्धि है। एक तेज गेंदबाज 22 साल से खेल रहा है और लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, यह तब तक काल्पनिक लगता होगा जब तक कि एंडरसन ने वास्तव में ऐसा नहीं कर दिखाया।

**उपलब्धि**



- 187वां टेस्ट खेल रहे एंडरसन ने भारत के खिलाफ मैच में कुलदीप यादव का विकेट लेकर रचा इतिहास

# बस गेंदबाजों पर दबाव बनाने की सोच रहा था : यशस्वी

धर्मशाला, एजेंसी



प्लेयर आफ द सीरिज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला में मिली सफलता का श्रेय पारी की शुरूआत करते हुए गेंदबाजों पर दबाव बनाने की रणनीति को दिया। जायसवाल ने श्रृंखला में 2 शतक और 3 अर्धशतक समेत 712 रन बनाए। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ गेंदबाजों पर दबाव बनाने के बारे में सोच रहा था। यही रणनीति थी और इस पर अडिग रहना था।

एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले सुनील गावस्कर के बाद दूसरे भारतीय बने जायसवाल ने कहा कि वह अपने पैर जमीन पर रखना चाहते हैं। मैंने श्रृंखला का पूरा मजा लिया। मैं यही सोचता हूं कि टीम के लिए कैसे योगदान दे सकता हूं और कैसे जीत तक ले जा सकता हूं। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उसे लंबा सफर तय करना है और उसकी उपलब्धि देखकर अच्छा लग रहा है। उसके जैसा खिलाड़ी गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बना सकता है। उसे चुनौतियां पसंद है। प्लेयर आफ द मैच बने कुलदीप यादव ने कहा कि मेरा फोकस अच्छी लेंथ पर है और इस प्रारूप में यह स्पिनरों के लिए जरूरी है। मैं ज्यादा नहीं सोचता कि बल्लेबाज क्या करने वाला है। कुलदीप ने रांची में बेन स्टोक्स और यहां जाक क्रॉली के विकेट को अपना पसंदीदा बताया।

### चोट के कारण तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे रोहित



पीठ में अकड़न से कप्तान रोहित शर्मा तीसरे दिन शनिवार को मैदान पर नहीं उतरे। उनकी गैरमौजूदगी में उपकप्तान जसप्रित बुमरा ने कप्तानी संभाली है। भारत को श्रृंखला के दौरान अपने शीर्ष खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलीं। बुमराह को रांची टेस्ट में ब्रेक दिया गया था और रजत पाटीदार को धर्मशाला टेस्ट के लिए टखने में दर्द हुआ था। रवींद्र जडेजा हैमस्ट्रिंग चोट से विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे और रविचंद्रन अश्विन को पारिवारिक आपात स्थिति से राजकोट से घर लौटना पड़ा। मोहम्मद शमी और विराट कोहली सीरीज में नहीं खेले हैं। शमी टखने की चोट और विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए। चोट से केएल राहुल हैदराबाद टेस्ट को छोड़कर सभी मैच से बाहर रहे, जो भारत हार गया था।

# हरमनप्रीत के नाबाद 95 रन से मुंबई ने गुजरात को हराया

नई दिल्ली, एजेंसी



कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद 95 रन की मदद से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को गुजरात जाइंट्स को 7 विकेट से हरा दिया।

हरमनप्रीत ने 48 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और 5 छक्के लगाए। वहीं यास्तिका भाटिया ने 36 गेंद में 49 रन की पारी खेली। इससे पहले कप्तान बेथ मूनी और डी हेमलता के अर्धशतकों की मदद से गुजरात जाइंट्स ने 7 विकेट पर 190 रन बनाए थे लेकिन मुंबई ने 1 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। यास्तिका और हेली मैथ्यूज (18) ने मुंबई को शानदार शुरूआत दिलाते हुए 6.3 ओवर में 50 रन जोड़े। यास्तिका और नेट स्किवेर ब्रंट टीम के 100 रन बनने से पहले आउट हो गई। आखिरी 5 ओवर में मुंबई को 72 रन की जरूरत थी। हरमनप्रीत ने 40 के स्कोर पर स्नेह राणा की गेंद पर सीमारेखा के पास फोबे लिचफील्ड से मिले जीवनदार का फायदा उठाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। उन्होंने चौथे विकेट के लिए एमेलिया केर (12) के साथ 38 गेंद में 93 रन की साझेदारी की। उन्होंने राणा के डाले 18वें ओवर में 24 रन बनाए।

इससे पहले गुजरात ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की। उसने लौरा वोल्वार्ट (13) का विकेट जल्दी गंवा दिया, जिन्हें हेली मैथ्यूज ने आउट किया।

WOMEN'S PREMIER LEAGUE

मूनी ने 35 गेंद में 8 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। वहीं हेमलता ने 40 गेंद में 74 रन बनाए जिसमें 9 चौके और 2 छक्के थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 11 ओवरों में 121 रन की साझेदारी की। मूनी ने नेट स्किवेर ब्रंट को स्ट्रेट छक्का लगाया और शबनम को दो चौके मारे। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर को मूनी ने विकेटकीपर के पीछे से स्कूप शॉट पर दो छक्के लगाए।



# बॉलीवुड हलचल

## 'कल्कि 2898 एडी' में 'भैरव' बने प्रभास



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म कल्कि 2898 एडी में भैरव का किरदार निभाएंगे। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर प्रभास का नया लुक रिलीज किया है और उनके किरदार का नाम भैरव बताया है। तस्वीर में प्रभास को पूरी तरह से काले रंग की पोशाक में आंखों पर एक गैजेट लगाए जमीन देख रहे हैं। वैजयंती मूवीज निर्मित कल्कि 2898 एडी एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई को पूरे भारत में रिलीज होगी।

### फिल्म एल2: एमपुराण के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयॉर्क में पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के निर्देशन में बनी फिल्म 'एल2 : एमपुराण' के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयार्क में पूरी हो गई है। पृथ्वीराज सुकुमारान निर्देशित पहली फिल्म एल22 : एमपुराण अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को आकर्षित कर रही है। मोहनलाल अभिनीत 'लूसिफ़ेर' की अगली कड़ी, एल2 : एमपुराण है। इसकी सूचना सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पृथ्वीराज सुकुमारान ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, शेड्यूल 3 का अंत। गौरतलब है कि एल2 : एमपुराण की शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई और इसे विभिन्न विदेशी स्थानों पर शूट किया गया है। यह फिल्म आशीर्वाद सिनेमास और लाइका प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित है।

## निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे

**मुंबई, एजेंसी।** दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे स्टारर फिल्म निरहुआ बनल करोड़पति का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। जेपी स्टार्स पिक्चर्स प्रस्तुत दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की आने वाली फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म के निर्माता उमाशंकर प्रसाद हैं, इसके लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होने के बाद निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस के लिए शानदार तोहफा होगी। फिल्म में सभी कलाकारों ने भी अपना बेस्ट दिया है तब जाकर हमारी यह फिल्म भव्यता के साथ और परदे पर आने को तैयार हो रही है। इस फिल्म में कई ऐसी चीज हैं जो दर्शकों को पहली बार देखने को मिलेगी और यह उन्हें पसंद आने वाली है। वहीं निरहुआ ने कहा कि मेरे लिए हर फिल्म चुनौती होती है, जिसे मैं सहसा स्वीकार करता हूं और मेरी कोशिश होती है कि उसे फिल्म के किरदार को संजीदगी से कर सकूं। एक अभिनेता के नाते मैं फिल्म के सेट पर अपने किरदार को जीने की ख्वाहिश रखता हूं। उन्होंने कहा कि यही दर्शकों के बीच मेरे लिए प्यार की वजह बनती है। उन्होंने कहा कि निरहुआ करोड़पति बनल अनोखे कॉन्सेप्ट पर आधारित है। कहानी तो नहीं बताऊंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि आप सभी इस फिल्म को जरूर सिनेमाघर में जाकर देखें। फिल्म के सह-निर्माता आयुष राज गुप्ता हैं। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, सुदीक्षा झा, अयाज़ खान, शाहिल शेख, रंजीत सिंह, माही सिंह, अमृत जयसवाल, पल्लवी कोहली हैं। डीओपी रामशरण उप्रेती हैं। फिल्म के संगीतकर मधुकर आनंद हैं। गीत आशुतोष तिवारी, संतोष पुरी, धर्म हिंदुस्तानी और सत्य सावरकर ने लिखे हैं।



## कार्तिक ने फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग शुरू की




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 लोगों को पसंद आई थी। भूल भुलैया 3 में कार्तिक की मुख्य भूमिका है। कार्तिक ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने घर में मंदिर के सामने प्रार्थना करते हुए फिल्म की शुरुआत के लिए आशीर्वाद मांगते हुए इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन भगवान के आगे हाथ जोड़कर खड़े हैं। कार्तिक आर्यन ने बताया है कि उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू हो गई है। कार्तिक आर्यन ने इसके साथ लिखा है, आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। कार्तिक आर्यन ने हैशटैग के साथ शुभारंभ और भूल भुलैया 3 लिखा है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा तृप्ति डिमरी और विद्या बालन की भी अहम भूमिका है।

### आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का पोस्टर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म रूसलान का पोस्टर रिलीज हो गया है। आयुष शर्मा ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म लवयात्री से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह 2021 में प्रदर्शित सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में नजर आए थे। आयुष एक्शन अब एक्शन थ्रिलर फिल्म रुसलान में नजर आएंगे। आयुष ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म रुसलान का नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर शेयर करते हुए आयुष शर्मा ने कैप्शन में लिखा, हारने का खौफ नहीं है, मेरी गन और गिटार के साथ, बस दुनिया जीतने का जोश है। तूफान की तरह नहीं..., तूफान ही हूं मैं। करण बुटानी के निर्देशन में बनी रुसलान 26 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में सुश्री मिश्रा और जगपति बाबू की भी अहम भूमिका है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# जापान दौरे से सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्र होंगे मजबूत

- विदेश मंत्रालय ने कहा- जयशंकर का जापान दौरा अहम रहा, कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर के जापान दौरे पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस दौरे से दोनों देशों के संबंधों में गुणात्मक सहयोग बढ़ेगा। साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी बढ़ेगी। जयशंकर तीन दिवसीय दौरे पर जापान में थे।

अपने दौरे में जयशंकर ने जापान के पीएम फुमियो किशिदा से मुलाकात की। इस मुलाकात में जयशंकर ने किशिदा को दोनों देशों के संबंधों में बढ़ते सहयोग और वैश्विक साझेदारी की जानकारी दी और दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए किशिदा के सुझाव लिए। 7 मार्च को जयशंकर ने 16वें भारत जापान स्ट्रैटेजिक डायलॉग में शिरकत की। जिसमें दोनों देशों के व्यापार, निवेश, आधारभूत और तकनीकी सहयोग, समन्वय, रक्षा और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर के जापान दौरे पर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, ग्रीन टेक्नोलॉजी , डिफेंस उपकरण और तकनीक, डिजिटल पेमेंट के साथ ही भारत में जापानी भाषा को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे पर भी बात हुई। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में आपसी हित और वैश्विक बदलावों पर भी दोनों देशों में बात हुई। जापान में जयशंकर ने जापान के कई वरिष्ठ राजनेताओं जैसे जापान की सत्ताधारी पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उपाध्यक्ष, महासचिव तोशीमित्सु मोटेगी, भारत जापान एसोसिएशन के अध्यक्ष योशिहिदे सुगा से भी बात की।

### भारत में 15 साल से अधिक समय तक रहेगी स्थिर सरकार



जापान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत में सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि भारत में एक या दो दशक से भी अधिक समय तक स्थिर सरकार रहेगी। भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर निक्केई फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित सुधारवादी और दूरदर्शी नेतृत्व के पास संसद में बहुमत होने के कारण साहसिक निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में मजबूत राजनीतिक जनादेश का मतलब संसद में बहुमत होना है। यदि आपके पास सुधारवादी, दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता वाला नेतृत्व है और वह नेतृत्व बहुत मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित है तो इससे साहसिक निर्णय लेने में आसानी होती है। निश्चित रूप से पिछले 10 सालों में जो हुआ है, हम इसके जारी रहने की उम्मीद करते हैं।

## नागपुर में भाजपा के कार्यक्रम में भगदड़ एक महिला की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भगदड़ में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

सक्करदरा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे रेशिमबाग में भाजपा की नागपुर इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भगदड़ में मनु तुलसीराम राजपूत गिर गईं, उसे एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि चार अन्य महिलाओं को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जां शुरू कर दी गई है।

# भारतीय पर्यटकों का मालदीव से मोहभंग, बेहाल हुआ टूरिज्म



भारत के साथ विवाद ने मालदीव का हाल बेहाल कर दिया है। दरअसल, पर्यटकों की कमी के कारण मालदीव का पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मालदीव पर्यटन मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

- पर्यटन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 4 मार्च तक 41,054 भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का दौरा किया था। जबकि 2024 में 2 मार्च तक भारतीय पर्यटकों की संख्या 27,224 दर्ज की गई। मालदीव स्थित अधाधू ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में 13,830 कम था।
- पिछले वर्ष की समान अवधि में, भारत 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मालदीव में पर्यटकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार था। हालांकि, भारत अब छह प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सूची में छठे स्थान पर है।

### लक्षद्वीप में करोड़ों विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य

भारत सरकार ने लक्षद्वीप में वर्ष 2024 में लगभग एक करोड़ विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में देश में करीब 60 लाख विदेशी पर्यटक आए है। लक्षद्वीप में मालदीव के साथ हुए ताजा विवाद भारत सरकार ने ये लक्ष्य रखा है। क्योंकि इसके बाद देश से मालदीव जाने वाले लोगों ने लक्षद्वीप को लेकर खोज तेज की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक हर साल औसतन दो लाख से ज्यादा भारतीय पर्यटन के लिए मालदीव जाते थे जिनकी संख्या पिछले कुछ दिनों में तेजी से गिरी है।

### चीनी पर्यटकों में हुई वृद्धि

आंकड़ों के अनुसार, प्रत्येक वर्ष दो लाख से अधिक पर्यटकों के साथ भारत 2021-23 तक मालदीव के लिए शीर्ष पर्यटन बाजार बना रहा। हालांकि, इस वर्ष अब तक 54 हजार से अधिक पर्यटकों के आगमन के साथ चीन शीर्ष बाजार है।

## एक नजर

### हरियाणाः अंबाला से अफीम की खेती करने वाला एक गिरफ्तार

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में लाहा गांव में अपने घर के आंगन में अफीम की खेती करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि, गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने सर्वजीत के घर पर छापा मारा और अफीम के पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि पौधों को उजाड़ दिया गया है। पुलिस ने कहा- स्वापक औषधि और मन : प्रभावी पदार्थ अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। संबंधित मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इटली में देशव्यापी हड़ताल से जनजीवन अस्त व्यस्त

**रोम।** इटली में 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल से परिवहन, स्वास्थ्य सेवा और स्कूलें बंद होने से आम जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। मीडिया ने शनिवार को ट्रेड यूनियनों के सूत्रों के हवाले से बताया कि वे लैंगिक असंतुलन को दूर करने के लिए मजबूत उपायों के साथ-साथ बेहतर, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों के कर्मचारियों के हड़ताल करने से ट्रेनों, फ़ेरी और स्थानीय सार्वजनिक परिवहन को बड़े व्यवधानों का सामना करना पड़ा। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी का स्तर अलग-अलग था।

### सरहद को अपराध मुक्त करने का प्रयास करेंगे भारत-बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश ने दोनों देशों के बीच की सीमा को अपराध मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की है। सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों के बीच बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पांच मार्च को शुरू हुआ पांच दिन का महानिदेशक स्तर का सम्मेलन आज संपन्न हो गया। सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने किया और बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने किया।

### जम्मू-कश्मीर में हथियार और पाकिस्तानी झंडा बरामद

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को जंग लगे दो गोले और पिस्तौल की आधा दर्जन से अधिक गोलियां बरामद की गईं। अधिकारियों के मुताबिक, गोला-बारूद दरहाल क्षेत्र के चौकियां गांव में एक नाले के किनारे झाड़ियों से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गोले और गोलियां लंबे समय से नदी में पड़ी थीं। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में, पुलिस ने शनिवार सुबह जम्मू के बाहरी इलाके में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुब्बारों के साथ एक पाकिस्तानी झंडा जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह झंडा जम्मू के अरनिया सेक्टर के कूल कलां गांव में एक ग्रामीण को उसके खेत में मिला।

# पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति बने जरदारी, दोबारा हुई ताजपोशी

## पीपीपी सह-अध्यक्ष 136 वोटों के अंतर से हुए विजयी, प्रतिद्वंद्वी को मिले 119 वोट

इस्लामाबाद, एजेंसी



आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। वे पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष भी हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि उन्हें 255 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अचकजई को 119 वोट मिले। दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए जरदारी का पहला कार्यकाल 2008 से 2013 तक था। दो बार राष्ट्रपति बनने वाले जरदारी देश के पहले व्यक्ति हैं। आसिफ अली जरदारी का मुकाबला सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई (75 वर्षीय) से था।

जरदारी निवर्तमान डॉ. आरिफ अल्वी का स्थान लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था। हालांकि नए राष्ट्रपति की नियुक्ति तक वह पद पर बने हुए हैं। जरदारी एक बिजनेसमैन-राजनेता हैं और पाकिस्तान की पूर्व पीएम दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पति हैं और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के पिता हैं। जरदारी, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष हैं, जिसने नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के समर्थन से सरकार बनाई है। पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन की डील के तहत पीएम पद पर शहबाज शरीफ की ताजपोशी हुई है। दोनों पार्टियों में समझौते के तहत पंजाब में पीएमएल-एन की मरयम नवाज सीएम चुनी गई हैं। वहीं सिंध प्रांत की सत्ता पीपीपी को मिली है।

### इमरान को सपोर्ट किया तो होगी कार्रवाईः पाकिस्तानी सेना



पाकिस्तानी सेना ने कड़ा फरमान जारी किया है। पाकिस्तानी सेना ने अपने अधिकारियों के लिए एक आदेश जारी करते हुए कहा है कि वे सेना के खिलाफ किसी भी तरह के मैसेज, फोटो शेयर करने से बचें। सख्त चेतावनी दी गई है कि जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक- ए-इंसाफ पार्टी के नेता और पूर्व पीएम इमरान खान को सपोर्ट किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करने वाले अधिकारियों को सजा भुगतनी पड़ेगी। पाकिस्तानी सेना का आदेश मौजूदा अधिकारियों और रिटायर अधिकारियों सभी पर लागू होगा। एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर ने बताया है कि उसे 7 पेज का आदेश मिला है। ऐसा ही आदेश कई अधिकारियों के पास गया है। लेकिन इस मैसेज में रिटायर सैन्य अधिकारियों पर ज्यादा फोकस किया गया है क्योंकि रिटायर सैन्य अधिकारी पाकिस्तान की राजनीति पर टिप्पणी करने के लिए स्वतंत्र हैं। ब्रिगेडियर का कहना है कि आदेश में मुझे कोई भी राजनीतिक बयान, सेना के खिलाफ कोई भी टिप्पणी या इमरान खान के समर्थन में कोई बयान जारी करने से मना किया गया है। ब्रिगेडियर का कहना है कि पूरे पत्र में 17 बार मेरे नाम का उल्लेख किया गया है। कर्नल रैंक के एक अन्य अधिकारी का कहना है कि पत्र की भाषा जिस तरह की है उसे देखकर लगता है कि आर्मी चीफ धमकी दे रहे हैं। वे धमका रहे हैं कि अगर हमने आदेश नहीं माना तो सेना कड़ी कार्रवाई करेगी। अलग- अलग रैंक के कई अधिकारियों ने खुलासा किया है कि संदेश अलग-अलग जारी किए गए हैं।

## राजस्थान के रण में 12 को तीनों सेनाएं करेंगी शक्ति प्रदर्शन

**जयपुर।** भारत की तीनों सेनाएं मंगलवार को राजस्थान के पोखरण में शक्ति प्रदर्शन करने जा रहीं हैं। इसे 'भारत शक्ति' नाम दिया गया है। तीनों सेनाएं अपनी मारक क्षमता और ताकत का प्रदर्शन करेंगी। खास बात यह है कि करीब एक घंटे के इस अभ्यास में स्वदेशी रूप से निर्मित हथियारों का प्रदर्शन किया जाएगा। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस युद्ध अभ्यास की शुरुआत विशेष आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) बलों, भारतीय नौसेना के मार्कोज और भारतीय वायुसेना के गरुड़ कमांडो द्वारा वाहनों के साथ घुसपैठ अभियान से की जाएगी। वहीं, युद्ध के मैदान में विमान और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके बाद लॉन्ग रेंज वैक्टर और आर्टिलरी गन का भई प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अभ्यास में जिन प्रमुख उपकरणों या हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया जाएगा, उनमें एलसीए तेजस, एएलएच एमके-आईवी,लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच), लाइट वेट टॉरपीडो, ऑटोनॉमस कार्गो कैरिएंग एरियल व्हीकल, मोबाइल एंटी ड्रोन सिस्टम, टी-90 टैंक, बीएमपी-दो, आर्टिलरी प्लेटफॉर्म जैसे उपकरण शामिल हैं।

## भारतीय उच्चायोग ने शुरू किए 'चलो इंडिया' और 'लिविंग ब्रिज' अभियान

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन: प्रधानमंत्री मोदी ने चलो इंडिया अभियान की घोषणा की थी इससे पर्यटन में प्रोत्साहन मिलेगा



ब्रिटेन के लंदन में भारतीय उच्चायोग ने दो प्रमुख अभियानों 'चलो इंडिया' और 'लिविंग ब्रिज' को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हफ्ते की शुरुआत में चलो इंडिया अभियान की घोषणा की थी। ताकि भारतीय समुदाय के लोगों को अपने गैर-भारतीय मित्रों को भारत में पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी ने इंडिया हाउस में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वास्तव में आपके लिए एक राजदूत बनने और उसका जश्न मनाने का अवसर है। उन्होंने कहा, आइए इस मौके पर अतुल्य भारत को याद करेंगे। भारतीयों की उस भूमिका को भी याद करें, जिसने भारत और ब्रिटेन के संबंधों को मजबूत बनाने में योगदान दिया है।

आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारतीय उच्चायोग ने लिविंग ब्रिज के विषय महिलाओं पर केंद्रित रखा। इस दौरान दुरईस्वामी ने कहा, ये (महिलाएं) ब्रिटेन-भारत संबंधों की नायिकाएं हैं, जिन्होंने साहसिक खेल, शतरंज, फिल्म, व्यवसाय आदि क्षेत्र में योगदान दिया है। लिविंग ब्रिज अभियान के पहले चरण में पर्वतारोही प्रीत कौर चंडी, शतरंज चैंपियन बोधना शिवानंदन, प्रसिद्ध शेफ आसमा खान, अभिनेत्री आयशा धारकर और आर्थिक विशेषज्ञ बैरोनेस श्रीति वेडेरा आदि शामिल हुए।

पिछले साल दिसंबर में यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में इतिहास रचने वाली आठ वर्षीय शिवानंदन ने कहा, मैं दुनिया की सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बनना चाहती हूं और विश्व चैंपियन भी बनना चाहती हूं। पर्वतारोही चंडी ने कहा, मैं सिख हूं। मेरे पिता उत्तर प्रदेश में पैदा हुए थे। वह अपनी किशोरावस्था में इंग्लैंड आए थे। मेरी मां इंग्लैंड से हैं। लेकिन उनके माता-पिता पंजाब से हैं।

### ...और पहुंच गई वायुसेना





**श्रीनगर :** वायुसेना ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से फंसे करीब 700 यात्रियों को शनिवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाला है। आईएल-76 विमान से कुल 514 यात्रियों को जम्मू से लेह पहुंचाया गया जबकि एक विमान से 223 लोगों को श्रीनगर से लेह रवाना किया गया। सेना के अधिकारियों ने कहा- इस सप्ताह करीब 1,251 लोगों को हवाई मार्ग से जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख पहुंचाया गया। घाटी में कई स्थानों तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया है ● एजेंसी

## गाजा में एयरड्रॉप सहायता का बक्सा गिरने से पांच की मौत

**गाजा।** इजराइल और हमास युद्ध लगभग पांच माह से जारी है। इस बीच, गाजा में शुक्रवार को मानवीय सहायता एयरड्रॉप की गई। इस दौरान कुछ पैराशूट नहीं खुल पाए और लोगों के ऊपर जा गिरा, जो सहायता की आस में नीचे खड़े थे। हादसे में पांच की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए है। गाजा के स्थानीय प्रशासन ने इसकी निंदा की है।

गाजा ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने पहले ही चेतावनी दी थी कि गाजा पट्टी में एयरड्रॉप सुविधा नागरिकों के जीवन के लिए खतरनाक है। पैराशूट न खुल पाने के कारण पार्सल सीधा नागरिकों के सिर पर गिर गया। लापरवाही के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल भी हो गए हैं।

# भारतीय महिलाएं देश के विकास गाथा की सूत्रधार : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



- महिला दिवस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र ने भारत की प्रतिबद्धता को सराहा

संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने भारत की नारी शक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं देश के विकास की गाथा की सूत्रधार हैं। उन्होंने कृषि के सतत विकास के साथ ही कई क्षेत्रों में उनकी भागीदारी की प्रशंसा की।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें अराकू वैली में आदिवासी महिलाओं की ओर से पैदा की जाने वाली अराकू काफी के संबंध में जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि वित्त, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा, विमानन, अंतरिक्ष के साथ ही हर क्षेत्र में भारतीय महिला देश के विकास की गाथा लिख रही हैं। उन्होंने कहा कि आइए हम लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने की भारत की प्रतिबद्धता से प्रेरणा लें कि कोई भी पीछे न रहे।

संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने कहा कि भारत में महिलाओं और कृषि की सतत विकास पद्धतियों के बीच संबंध उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार के नेतृत्व और देश के स्तर पर खाद्य प्रणाली संरक्षण एजेंडे को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना करना चाहती हूं। फ्रांसिस ने याद करते हुए कहा कि इस साल जनवरी में भारत यात्रा के दौरान उन्होंने नारी शक्ति की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया था।

**शोध** ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी का 220 परिवारों के बच्चों पर अध्ययन, सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में मिला

# डिजिटल स्क्रीन के ज्यादा संपर्क में आने से बच्चे कम सीख रहे स्वर

सिडनी, एजेंसी

मोबाइल फोन और टेबलेट जैसे उपकरणों पर ध्यान देने के कारण परिवार के लोगों के बीच बातचीत कम होती जा रही है। इसका असर खासकर बच्चों में बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा है। डिजिटल स्क्रीन के संपर्क में अकेले या परिवार के साथ ज्यादा समय बिता रहे बच्चे कम बोलते हैं, कम सुनते हैं और कम बातचीत करते हैं।

जामा में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार लगभग सभी आयु के बच्चों का स्क्रीन के अधिक संपर्क में आने से संचार बाधित होता है। अध्ययन में पता चला कि 18 महीने के बच्चे के साथ डिजिटल उपकरणों पर ज्यादा समय बिताने का संबंध बच्चे द्वारा 1.3 कम स्वर सीखने से जुड़ा था। जब बच्चे दो साल के हुए, तो इससे बात करने की कोशिश में 0.4 अंकों की कमी देखी गई।

सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में था, जब उन्होंने रोजाना औसतन 2 घंटे 52 मिनट स्क्रीन के संपर्क में बिताया। इसका संबंध 6.6 कम शब्द, 4.9 कम स्वर सीखने और 1.1 अंक कम बात करने की कोशिश के साथ जुड़ा हुआ पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के टेलीथॉन किड्स इंस्टीट्यूट ने 220 परिवारों में जन्में बच्चों पर तीन साल की आयु तक डेटा इकट्ठा कर किया है। शोधकर्ताओं ने सिर्फ भाषा के तीन मापोंः वयस्कों द्वारा बोले जाने वाले शब्द, बच्चों के स्वर और बातचीत करने की कोशिश पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है।

परिणाम उम्र, लिंग और अन्य कारक जैसे मां का शिक्षा स्तर, घर पर बच्चों की संख्या के आधार पर समायोजित किया गया है। बच्चों के लिए भाषा में समृद्ध वातावरण में पलना व बड़ा होना भाषा के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। बचपन में भाषा का अच्छा और अधिक अनुभव उच्च बुद्धि, सामाजिक विकास और मस्तिष्क की बेहतर कार्यक्षमता से जुड़ा है।

### बच्चों में दिख रही मायोपिया बीमारी



बच्चे मोबाइल जैसी छोटी स्क्रीन का बहुत नजदीक से प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें मायोपिया बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि मायोपिया बच्चों में होने वाला निकट दृष्टि दोश है। इसमें बच्चे की आंखों की पुतली का आकार बढ़ने से प्रतिविंब रेटिना के बजाय थोड़ा आगे बनता है। उन्हें दूर की चीज देखने में प्रॉब्लम होती है। कई रिसर्च में सामने आया है कि आंखों के लिए छोटी डिजिटल स्क्रीन बेहद खतरनाक है और जिन बच्चों के चश्मा लगा हुआ है। उनका नंबर बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

### ये हैं लक्षण

बार बार आंखों का झपकना, दूर की चीजें स्पष्ट न दिखना, देखने में परेशानी होना, सिर दर्द होना, सिर में दर्द रहना, पलकों को सिकुड़कर देखना, आंखों से पानी आना, क्लासरूम में ब्लैक बोर्ड या व्हाइट बोर्ड पर ठीक से न दिखना, किताबों के अक्षर स्पष्ट न दिखना शामिल हैं।

### ऐसे रखें ख्याल

जिस जगह बच्चे पढ़ रहे हैं, वहां पूरी तरह चकाचौंध रोशनी हो। बच्चों को मोबाइल इस्तेमाल करने के लिए कम से कम दें, यदि डिजिटल स्क्रीन पढ़ाई के लिए देनी है तो मोबाइल की जगह लैपटॉप दें, धूप की रोशनी लें, बच्चों को सूखा मेवा, पोष्टिक खाना, विटामिन ए युक्त डाइट जरूर दें।

## अमेरिका : हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन सैनिकों की मौत, एक घायल

**वाशिंगटन।** टेक्सास में अमेरिका-मैक्सिको की सीमा के पास नेशनल गार्ड हेलीकॉप्टर के दुर्टनाग्रस्त होने से उसमें मौजूद तीन सैनिकों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर में एक नेशनल गार्ड्समैन और तीन बॉर्डर पैट्रोल एजेंट मौजूद थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह हादसा सा ग्रुला में हुआ।

टेक्सास के नागरिक सुरक्षा विभाग के दक्षिण क्षेत्र के निदेशक विक्टर एस्केलॉन ने बताया कि बॉर्डर पेट्रोल के साथ काम करने वाले सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। टेकसास नागरिक सुरक्षा विभाग ने हेलीकॉप्टर के ऑपरेशन लोन स्टार में शामिल नहीं होने की पुष्टि की है। बॉर्डर पेट्रोल के सूत्रों ने बताया कि हादसे के दौरान मैक्सिकन कार्टेल के सदस्यों ड्रोन की सहायता से हेलीकॉप्टर को क्रैश होते हुए देखा।

# देश में समानता बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी

जयपुर, एजेंसी



- सीजेआई बोले संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना जरूरी

भारत के प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़. ने शनिवार को कहा कि देश में समानता को बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी है। सीजेआई जयपुर में राज्य स्तरीय 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना चाहिए।

सीजेआई ने कहा कि अगर लोग आपस में लड़ेंगे तो देश कैसे प्रगति करेगा। साथ ही उन्होंने आम आदमी को ध्यान में रखते हुए कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला किए जाने पर जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारे संविधान के निर्माताओं के दिमाग में मानवीय गरिमा का सर्वोच्च महत्व था। उन्होंने कहा कि मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने यह सुनिश्चित किया कि संविधान न्याय, स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों के साथ-साथ भाईचारे की भावना और व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा दे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के किसी भी कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला होना चाहिए। अगर मैं दिल्ली में बैठकर कोई निर्णय वकील के लिए, जज के लिए दे रहा हूं तो वो कठिन भाषा में हो सकता है। लेकिन अगर मैं आम आदमी के लिए निर्णय कर रहा हूं तो निश्चित रूप से सरल भाषा में होना चाहिए। देश के जिला स्तर के कोर्ट की बिल्डिंग में सुधार होना चाहिए।